भारत का सार्वजनिक जीवन इस समय एक गहरे अंतर्विरोध से गुजर रहा है। एक तरफ देश सुशासन, नीतिगत सुधारों और विकास की नई प्राथमिकताओं के साथ आगे बढ़ रहा है, तो दूसरी तरफ राजनीतिक संवाद के आक्रामक और असंसदीय होने की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है। लोकतंत्र में विरोध करना संवैधानिक अधिकार है, लेकिन जब विरोध की भाषा से शिष्टता गायब हो जाती है, तो नीतिगत बहस का स्थान केवल व्यक्तिगत कटुता ले लेती है। यह कसौटी सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों पर समान रूप से लागू होती है। राजनीतिक भाषा केवल विचारों की अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं है। वह समाज की सत्ता-संस्कृति और नागरिक चेतना का निर्माण करती है। राजनीतिक संवाद यह तय करता है कि समाज में असहमति का स्वरूप कैसा होगा। यदि अपमान और असत्यापित आरोप ही विमर्श का मुख्य जरिया बन जाएं, तो तथ्यपरक और गंभीर भाषा किनारे हो जाती है। जब शीर्ष नेतृत्व की भाषा संयमित होती है, तो समाज में विमर्श का स्तर परिपक्व बनता है। जब भाषा का स्तर गिरता है, तो उसका सीधा असर सामाजिक सद्भाव पर पड़ता है।

आज सार्वजनिक जीवन का संकट यह है कि राजनीति में नीतिगत विरोध और व्यक्तिगत हमले के बीच का अंतर मिटता जा रहा है। असहमति लोकतंत्र की शक्ति है, लेकिन जनादेश को नकारना लोकतांत्रिक विवेक को कमजोर करता है। विरोधी दल सत्ता के वैकल्पिक दावेदार हैं, व्यवस्था के शत्रु नहीं। राजनीतिक कटुता का सबसे गंभीर परिणाम तब होता है, जब राजनीतिक विरोधी को विरोधी मानने के बजाय शत्रु मान लिया जाता है। लोकतंत्र में सत्ता और विपक्ष, दोनों को एक-दूसरे की राजनीतिक वैधता स्वीकार करनी होती है। जब यह स्वीकार्यता कमजोर पड़ती है, तब हर असहमति देशहित और देशविरोध के द्वंद्व में बदलने लगती है। फिर संवाद का उद्देश्य दूसरे को समझना नहीं, उसे नैतिक रूप से खारिज करना बन जाता है। ऐसी राजनीति में समझौता कमजोरी दिखाई देता है और मतभेद को स्थान देना राजनीतिक अपराध जैसा बना दिया जाता है।

जब राष्ट्रीय स्तर का कोई नेता सार्वजनिक मंचों से अमर्यादित शब्दों का प्रयोग करता है, तो पार्टी के कार्यकर्ता और समर्थक उसी भाषा को अपना मानक मान लेते हैं। इस प्रकार मंचों से शुरू हुआ भाषाई प्रदूषण धीरे-धीरे समूचे सामाजिक परिवेश को प्रभावित करता है। नेताओं को यह याद रखना होगा कि वे समाज के सार्वजनिक आचरण का पैमाना भी तय करते हैं। सरकार की नीतियों पर कठोर प्रश्न लोकतंत्र की आवश्यकता है, लेकिन प्रश्न को बिना साक्ष्य आरोप बना देना उचित नहीं। चुनावी प्रक्रिया, संवैधानिक संस्थाओं या सरकार की नीयत पर गंभीर आरोप केवल राजनीतिक मंच से दोहराने भर से प्रमाणित नहीं हो जाते। जितना गंभीर आरोप होगा, उतना ही ठोस उसका प्रमाण अपेक्षित होगा। जब हर सरकारी निर्णय को विफलता, हर विवाद को संकट और हर राजनीतिक असहमति को षड्यंत्र बताया जाने लगे, तो जनता धीरे-धीरे इन शब्दों के प्रति उदासीन हो जाती है। तब वास्तविक समस्या भी उसी शोर में दब जाती है। ऐसा विरोध अधिक प्रभावी होता है, जो अपनी गंभीरता बचाए रखे। लोकतंत्र में प्रभावशाली विपक्ष वह नहीं जो सबसे ऊंची आवाज में बोले, बल्कि वह है जिसकी बात सुनकर सत्ता को जवाब देना पड़े और जनता को विचार करना पड़े।



अवधेश राजपूत

हमारे सार्वजनिक जीवन में मतभेद के बावजूद संवाद की एक लंबी परंपरा रही है। संसद केवल संख्याबल का मंच नहीं है। वह उस राजनीतिक संस्कार की भी परीक्षा है, जिसमें विरोधी मत को सुनने की क्षमता हो। संसद में भाषा की मर्यादा का महत्व इसलिए भी अधिक है कि वहां बोले गए शब्द संसदीय अभिलेख का हिस्सा बनते हैं। बहस का उद्देश्य अपने तर्क को मजबूत करना है।

आज राजनीतिक भाषण का एक बड़ा हिस्सा डिजिटल मीडिया की त्वरित प्रतिक्रिया और दृश्यता को ध्यान में रखकर तैयार किया जाता है। उत्तेजक वाक्य और अमर्यादित बयान अक्सर तेजी से फैलते हैं, जबकि तथ्य और संदर्भ पीछे छूट जाते हैं। 'वायरल होना' और 'विश्वसनीय होना' दो बिल्कुल अलग बातें हैं। उत्तेजना फैलाकर कुछ समय के लिए ध्यान तो खींचा जा सकता है, लेकिन उससे राजनीतिक साख और जनाधार नहीं बनता। सरकार की नीतियों की तीखी आलोचना लोकतंत्र को जीवंत बनाती है, लेकिन नीतिगत आलोचना और संस्थाओं पर सायास सवाल खड़े करने में बड़ा अंतर है। यदि हर निर्णय के बाद न्यायपालिका या संवैधानिक निकायों की कार्यप्रणाली पर बिना किसी ठोस साक्ष्य के सवाल उठाए जाएंगे, तो इससे आम नागरिक का संवैधानिक व्यवस्था पर से भरोसा डगमगाने लगेगा। संस्थाओं की साख को चोट पहुंचाना लोकतंत्र की नींव को कमजोर करता है। जब राजनीतिक ऊर्जा लगातार आरोप-प्रत्यारोप में खर्च होने लगे, तो नीति पर गंभीर बहस पीछे छूट जाती है। संसद में सरकार से जवाब मांगना जरूरी है, किंतु हर प्रश्न का उद्देश्य नीति को बेहतर बनाना होना चाहिए। सरकार का भी दायित्व केवल आलोचना का उत्तर देना नहीं, अपने निर्णयों को तथ्य एवं परिणामों के आधार पर सामने रखना है। यदि राजनीति का केंद्र शासन और नीति के बजाय लगातार आरोप बन जाए, तो नुकसान लोकतांत्रिक ढांचे का होता है।

लोकतांत्रिक मर्यादा की रक्षा केवल नेताओं के भरोसे नहीं छोड़ी जा सकती। नागरिक किस प्रकार की राजनीतिक भाषा को महत्व देते हैं, इससे भी सार्वजनिक जीवन की दिशा तय होती है। जनता का विवेक ही असभ्य भाषा पर सबसे बड़ा लोकतांत्रिक अंकुश है। राजनीतिक दलों को यह समझना होगा कि चुनाव आते-जाते हैं, सरकारें बदलती हैं, लेकिन राजनीतिक संस्कार लंबे समय तक रहते हैं। भारत को मर्यादा-युक्त विरोध चाहिए। आक्रामकता लोकतांत्रिक राजनीति की ऊर्जा हो सकती है, लेकिन अभद्रता उसकी शक्ति नहीं बन सकती। सत्ता बदल सकती है, दल बदल सकते हैं, लेकिन सार्वजनिक भाषा के संस्कार समाज में लंबे समय तक रहते हैं। इसलिए राजनीति को जीतने से पहले अपने शब्दों को जीतना होगा।

(लेखक आर्यभट्ट कालेज, दिल्ली विश्वविद्यालय में प्रिंसिपल हैं)
response@jagran.com

# खतरनाक है वंदे मातरम् का विरोध



निरंजन कुमार

**एक वर्ग द्वारा वंदे मातरम् का विरोध भारतीय सांस्कृतिक प्रतीकों की आधी-अधूरी समझ से ही उपजा हैं**

हर राष्ट्र के कुछ राष्ट्रीय प्रतीक होते हैं, जो उसकी मूलभूत संस्कृति और अस्मिता के साथ बहुत गहराई से जुड़े होते हैं। राष्ट्र ध्वज, राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत, राजचिह्न, विभिन्न ध्येय वाक्य ऐसे ही प्रतीक हैं। ये हमारी सैकड़ों-हजारों वर्षों की सांस्कृतिक चेतना की उपज हैं, जैसे राष्ट्रीय ध्वज में स्थित अशोक चक्र, बौद्ध पंथ के धर्मचक्र का प्रतीक है, सर्वोच्च न्यायालय का ध्येय वाक्य 'यतो धर्मस्ततो जयः' महाभारत के श्लोक 'यतः कृष्णो ततो धर्मो, यतो धर्मः ततो जयः' का हिस्सा है। राष्ट्र गीत वंदे मातरम् भी हजारों वर्षों की सनातन संस्कृति के तत्वों को समाहित किए है। दुर्भाग्य से वंदे मातरम् फिर से विवादों में घिर गया है। इस विवाद ने भारत के भविष्य से जुड़े प्रश्न खड़े कर दिए हैं।

नवीनतम विवाद 26 जुलाई को संसद द्वारा राष्ट्र गीत वंदे मातरम् को कानूनी संरक्षण देने से आरंभ हुआ, जिसका कांग्रेस, सपा आदि ने विरोध किया। फिर 15 अगस्त को कांग्रेस मुख्यालय में वंदे मातरम् के गायन को कथित तौर पर रोकने जैसी स्थिति पैदा हुई। 19 अगस्त को कांग्रेस कार्यसमिति ने अपने कार्यक्रमों में वंदे मातरम् के केवल प्रथम दो ही पद गाने का निर्णय लिया। बंकिमचंद्र रचित गीत वंदे मातरम् को 1896 में गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन में गाया, जिसके अध्यक्ष एक मुस्लिम थे। 1905 में बंग-भंग आंदोलन के दौरान हिंदू-मुस्लिम दोनों ने एकजुट होकर वंदे मातरम् गाया। कांग्रेस के सभी अधिवेशनों में इसे गाया जाता रहा, जबकि 1913, 1918, 1921 में कांग्रेस के अध्यक्ष मुसलमान रहे। वर्ष 1907 में पारसी मैडम भीकाजी कामा ने जर्मनी में जो तिरंगा फहराया, उस पर वंदे मातरम् लिखा था। बलिदानी भगत सिंह अपने पत्रों में वंदे मातरम् से अभिवादन करते थे। क्रांतिकारी अशफाक उल्ला इसे गाते हुए फांसी पर झूल गए। कट्टर होने के पहले जिन्ना इसके सम्मान में खड़े न होने वालों को फटकारते थे। पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम ने वंदे मातरम् से प्रेरित होकर तमिल में वंदे मातरम् शीर्षक से ही देशभक्तिपूर्ण कविता लिखी। 1907 में सेंट स्टीफंस कालेज के पहले भारतीय प्रिंसिपल ईसाई एसके रुद्र और 1916 में 'होमरूल लीग' के सह-संस्थापक जोसेफ बैप्टिस्टा वंदे मातरम् गाते थे।




राष्ट्रीय प्रतीकों पर न की जाए राजनीति। फाइल

सभी पंथों के दिग्गज लोगों में स्वीकार्य होने के बावजूद मजहबी कट्टरता के कारण मुस्लिम लीग ने इसका विरोध किया। जिन्ना के नेतृत्व में मुस्लिम लीग के दबाव में नेहरू की अध्यक्षता वाली एक समिति ने 1937 में वंदे मातरम् को विभाजित करने का निर्णय लिया। वंदे मातरम् पर मुख्य आपत्ति इसमें लक्ष्मी, सरस्वती एवं दुर्गा के नाम पर है, लेकिन भारत माता यहां त्रिमूर्त रूपों में चित्रित हैं। समृद्धि के प्रतीक रूप में वह लक्ष्मी, ज्ञान के प्रतीक रूप में सरस्वती और शक्ति की प्रतीक के रूप में वह दुर्गा हैं। वंदे मातरम् कोई धार्मिक गीत नहीं, बल्कि मातृभूमि की वंदना है। पहले स्वयं नेहरू को मूल वंदे मातरम् से आपत्ति नहीं थी। 1937 में अली सरदार जाफरी और सुभाषचंद्र बोस को अलग-अलग पत्रों में उन्होंने लिखा था कि इसमें आए शब्दों का देवी से संबंध जोड़ना हास्यास्पद है और इसके खिलाफ हल्ला-गुल्ला सांप्रदायिक लोगों द्वारा निर्मित है।

आज महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण के लिए 'लाड़ली लक्ष्मी', 'भाग्य लक्ष्मी', 'लाडो लक्ष्मी' आदि योजनाएं अथवा बालिका शिक्षा के लिए सरस्वती के नाम पर केंद्र-राज्यों में छात्रवृत्तियां और आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। वंदे मातरम् में लक्ष्मी, सरस्वती का नाम आने से इसका विरोध करने वाले क्या यह कहेंगे कि मुस्लिम महिलाएं-बालिकाएं लक्ष्मी, सरस्वती नामक योजनाओं को भी ठुकरा दें? वंदे मातरम् का विरोध भारतीय सांस्कृतिक प्रतीकों की आधी-अधूरी समझ से ज्यादा एक अनैतिक कृत्य है, जिसमें सनातन भारतीय संस्कृति का तिरस्कार और विरोध का भाव छिपा है। अब वंदे मातरम् का विरोध राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम, 2026 के अनुसार एक कानूनी अपराध है। यह विरोध संविधान के अनुच्छेद 51ए (बी) का भी उल्लंघन है, जिसमें निर्देश है, 'स्वतंत्रता के लिए राष्ट्रीय आंदोलन को प्रेरित करने वाले उच्च आदर्शों को हृदय में संजोए रखें और उनका पालन करें।' सनातन भारतीय प्रतीकों की वजह से वंदे मातरम् का विरोध हो रहा है, तो क्या कल राष्ट्रीय ध्वज पर बौद्ध मत से जुड़े धर्मचक्र का और संवैधानिक एवं सैन्य संस्थाओं से जुड़े ध्येय वाक्यों का भी विरोध होगा कि ये हिंदू धर्म से जुड़े हैं?

वैश्विक उदाहरणों को देखें तो 87 प्रतिशत से ज्यादा मुसलमान होने के बावजूद इंडोनेशिया ने अपने उन प्राचीन प्रतीकों को पूर्ण सम्मान दिया है, जो हिंदू धर्म से जुड़े हैं। इंडोनेशिया का राष्ट्रीय प्रतीक भगवान विष्णु का वाहन 'गरुड़' है, तो नोट पर गणेश भगवान का चित्र है। वहां के संसद भवन समेत अन्य सार्वजनिक स्थलों पर श्रीकृष्ण, अर्जुन, घटोत्कच और गरुड़ आदि की प्रतिमाएं हैं। क्या इंडोनेशिया से हमारे कथित सेक्युलर दलों को सीख नहीं लेनी चाहिए?

(लेखक दिल्ली विश्वविद्यालय में डीन योजना और सीनियर प्रोफेसर हैं)
response@jagran.com

## ऊर्जा

### अपने अवगुण जानें

संसार में परिपूर्ण एक परमात्मा है, कोई अन्य नहीं। सभी में कुछ अवगुण हैं, जिससे कोई न कोई भूल होती रहती है। अहंकारवश मनुष्य कभी स्वीकार नहीं करता कि उसमें अवगुण हैं या कि वह कोई भूल कर सकता है। अपने प्रत्येक कार्य का वह कोई औचित्य खोजे रखता है। इससे वह सुधार के अवसरों से निरंतर वंचित होता रहता है। जो भूल की ओर इंगित कर रहा है, उसका उद्देश्य कुछ भी हो सकता है, किंतु इसे कैसे ग्रहण करना है, यह मनुष्य पर निर्भर करता है। उचित यह है कि दृढ़ता से अपनी अपूर्णता को स्वीकार किया जाए। भूल अनजाने में हो सकती है, जानबूझकर भी की जा सकती है, किंतु भूल सदैव भूल ही रहती है। उस भूल का सुधार मनुष्य का ईमानदार संकल्प होना चाहिए। भूल का परिमार्जन न होने पर यह मनुष्य के अवचेतन को पल-पल त्रास देती है।

मनुष्य प्रतिदिन आत्मावलोकन करे और अपनी प्रत्येक निंदा अथा आलोचना को पुष्प गुच्छ की भांति ग्रहण करे। कभी कुछ निकट दृष्टि के कारण नहीं दिख पाता, जिसे दूर से देख लिया जाता है। परमात्मा ने मनुष्य को अपूर्ण अवश्य बनाया है, किंतु उसे पूर्णता प्राप्त करने की राह भी दिखाई है। मनुष्य जीवन एक दुर्लभ अवसर है। इसलिए प्रत्येक दिन मनुष्य कुछ त्याग करे। कुछ अंगीकृत करे। यह सतत प्रक्रिया है। माया के सघन प्रभाव के कारण यह एक कठिन साधना है। इससे विरत होना जीवन को निरर्थक करना है। खेल-तमाशों में जीवन की अमूल्य पूंजी को लुटा देना बाद में बहुत अपराधबोध से भरता है। हाथ में हीरा है, किंतु उसी के लिए हीरा है जो जानता है कि यह हीरा है। अन्यथा पत्थर बनकर ही गंवा दिया जाता है। अपनी अयोग्यता को छिपाने के लिए इसे भाग्य का नाम दे दिया गया है। व्यक्ति अपने अवगुणों को पहचानता और सुधारता नहीं और भाग्य को ही दोष देता है।

डा. सत्येंद्र पाल सिंह

# संस्कृति की सखी के रूप में संस्कृत

शारदा शुक्ला

**विश्व संस्कृत दिवस**

**संस्कृत भारत की सभी भाषाओं की जननी हैं, जिसे कंप्यूटर के लिए भी सर्वाधिक अनुकूल भाषा माना गया हैं**

संस्कृत दिवस हर साल श्रावण पूर्णिमा को मनाया जाता है। भारत में संस्कृत भाषा की उत्पत्ति लगभग चार हजार साल पहले हुई। हिंदू संस्कृति में संस्कृत के मंत्रों का उपयोग हजारों वर्षों से किया जा रहा है। हिंदू धर्म में जन्म से लेकर मृत्यु तक के सारे संस्कार संस्कृत मंत्रों से ही परिपूर्ण होते हैं। प्रत्येक पूजा या अनुष्ठान में मंत्रों का ही प्रयोग होता है। संस्कृत दो शब्दों से मिलकर बना है, 'सम' का अर्थ है 'संपूर्ण' और 'कृत' का अर्थ है 'किया हुआ'। ये दोनों शब्द मिलकर संस्कृत शब्द की उत्पत्ति करते हैं। वेदों की रचना का काल एक हजार से 500 ईसा पूर्व की अवधि में माना जाता है। यानी संस्कृत इससे भी पहले की भाषा है। इसलिए इसे देवभाषा भी कहते हैं।

प्रश्न ये उठता है कि गीता, रामायण जैसे अक्षुण्ण ज्ञान के भंडार ग्रंथों की जननी भाषा आखिर प्रयोग से बाहर क्यों हो गई? बच्चे के अन्नप्राशन से शादी तक में मंत्रों के रूप में जो शब्द हमारे कानों में गूंजते हैं, उन्हें समझने सीखने की जिज्ञासा आम जन को क्यों नहीं होती? यह एक विचारणीय प्रश्न है। शायद संस्कृत भाषा की क्लिष्टता ने इसे व्यावहारिक प्रयोग से बाहर कर दिया हो। जबकि इस भाषा की एक संगठित व्याकरणिक संरचना है। यहां तक कि स्वर और व्यंजन भी वैज्ञानिक पैटर्न में व्यवस्थित होते हैं। ऐसा कहा जाता है कि एक व्यक्ति केवल एक शब्द में संस्कृत में स्वयं को व्यक्त कर सकता है।

इस प्राचीन भारतीय भाषा के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए, बढ़ावा देने और पुनर्जीवित करने के लिए विश्व संस्कृत दिवस की आवश्यकता महसूस की गई और सर्वप्रथम 1969 में पहली बार इस दिवस को मनाया गया। यह दिन अनिवार्य रूप से सीखने और संस्कृत को जानने के महत्व की बात करता है। भले ही संस्कृत दैनिक प्रयोग में हाशिए पर हो फिर भी अभी इससे प्रेम करने वाले लोग अस्तित्व में हैं। कर्नाटक में एक ऐसा गांव है जहां हर कोई संस्कृत में बात करता है। गांव का नाम मत्तूर है जो शिमोगा जिले में स्थित है। शास्त्रीय संगीत में भी संस्कृत का प्रयोग किया जाता है। सरकारी टेलीविजन चैनलों में संस्कृत के कार्यक्रम प्रसारित होते हैं। उनमें भाग लेने वाले आसानी से उपलब्ध हो जाते हैं। आवश्यकता इसे युवाओं में लोकप्रिय बनाने और विभिन्न पाठ्यक्रमों में शामिल किए जाने की है।

आज कंप्यूटर का युग है। संस्कृत भाषा के साफ्टवेयर डेवलप किए जाएं, इंटरनेट मीडिया के प्रयोग हेतु शब्द रचे जाएं तो बात बन सकती है। संस्कृत सभी भारतीय भाषाओं की जननी है और भारत में बोली जाने वाली प्राचीन भाषाओं में पहली है। अपनी वैज्ञानिकता के कारण संस्कृत कंप्यूटर के सर्वाधिक अनुकूल भाषा है।

(लेखिका वरिष्ठ पत्रकार हैं)

## संस्कृति के सम्मान का प्रश्न

'सच से मुंह मोड़ते राहुल गांधी' शीर्षक से लिखे आलेख में शंकर शरण ने हिंदू महिलाओं को 'मनुस्मृति' की जकड़न से बाहर निकालने की गुहार लगाने वाले राहुल गांधी को आड़े हाथों लेते हुए यह ठीक ही कहा है कि जिस घर में वास्तविक पीड़ा है, उसे देखने के बजाय खुशहाल घर में आग लगाने की कुचेष्टा करना सच से मुंह मोड़ना है। 'मनुस्मृति' सम्मानित प्राचीन ग्रंथ है, जिसमें हिंदू महिलाओं के लिए ऐसी किसी भी प्रथा की बाध्यता नहीं है, जो उनके लिए पीड़ादायक हो। बावजूद इसके राहुल गांधी द्वारा 'मनुस्मृति' का उल्लेख करते हुए हिंदू समाज की महिलाओं को उत्पीड़ित बताना अधकचरी समझ का प्रतीक है। राहुल गांधी यदि वास्तव में महिलाओं की कथित पीड़ा से द्रवित हैं तो फिर उन्हें मुस्लिम महिलाओं को पीड़ादायक मजहबी बाध्यता से बाहर निकालने की बात करनी चाहिए। पर्यावरण की आड़ में होली-दीपावली जैसे सांस्कृतिक पर्वों की आलोचना करना, साधु-संतों को पाखंडी बताकर उनका उपहास उड़ाना और भारतीय संस्कृति को पिछड़ेपन का प्रतीक बताना शरारती दिमाग की करतूतें रही हैं। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी 'मनुस्मृति' को लेकर वैसी ही अधकचरी बातें करने लगे जैसी कि दिमागी नक्सल प्रायः अपने विमर्श में किया करते हैं, लेकिन भारत की अक्षुण्ण संस्कृति, सभ्यता और विरासत को मिटा पाना आसान नहीं। सनातनी परंपरा में हर पंथ, भाषा और संस्कृति के लिए आदर का भाव है और ऐसे ही सम्मान की अपेक्षा सनातनी भी करते हैं।

डा. वीपी पाण्डेय, अलीगढ़ (उ.प्र.)

## मेलबाक्स

### परियोजनाओं का निरीक्षण

देश के अलग-अलग हिस्सों में आए दिन पुल, निर्माणाधीन इमारतों की दीवार, फ्लाईओवर की स्लैब इत्यादि गिरने की घटनाएं सामने आतीं हैं जिसमें श्रमिकों की मौत हो जाती है या घायल हो जाते हैं। इसके अलावा, कई स्थानों पर हालिया निर्मित एक्सप्रेसवे के भी टूटने की घटनाएं सामने आई हैं। यह सरकार की लापरवाही ही है जो निर्माणाधीन कार्य का निरीक्षण सही तरीके से नहीं किया जाता। निम्न दर्जे की भवन निर्माण सामग्री का प्रयोग, ठेकेदारों को काम देना और उनके काम की जांच न करना, सरकार और संबंधित इंजीनियरों का लापरवाह रवैया है जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ता है। बड़ी परियोजनाओं को जमीनी स्तर पर साकार करते समय सरकार को निर्माण सामग्री, संरचना, निरीक्षण जैसी बुनियादी पैमानों को ध्यान में रखना चाहिए। काम करने वाले मजदूरों की सुरक्षा, सुरक्षात्मक कार्य परिधान और बीमा इत्यादि को सुरक्षित करना भी सरकार की जिम्मेदारी है। सरकार द्वारा घोषित वित्तीय मुआवजा किसी की जान की क्षतिपूर्ति नहीं कर सकता। इतना ही नहीं, एक्सप्रेसवे और हाइवे के निर्माण में भी पर्याप्त निगरानी व्यवस्था विकसित की जानी चाहिए, ताकि उद्घाटन होने के चंद दिनों बाद ही उसमें गड़बड़ी पाए जाने की आशंकाओं को भी दूर किया जा सके।

अभिलाषा गुप्ता, मोहाली, पंजाब

### महिलाओं की वास्तविक दशा

बुधवार को प्रकाशित शंकर शरण का आलेख "सच से मुंह मोड़ते राहुल गांधी" राजनीतिक बयानबाजी और भारत में महिलाओं की वास्तविक सामाजिक-कानूनी स्थिति के बीच के अंतर को स्पष्ट रूप से रेखांकित करता है। लेखक ने राहुल गांधी द्वारा हिंदू स्त्रियों की स्थिति के संदर्भ में 'मनुस्मृति' को जिम्मेदार ठहराने के तर्क को खारिज किया है। उक्त आलेख तुष्टिकरण की राजनीति और वैचारिक पूर्वाग्रहों पर करारा प्रहार करता है। लेखक ने यह स्पष्ट संदेश दिया है कि केवल काल्पनिक मुद्दों पर राजनीति करने के बजाय राहुल गांधी को पीड़ित महिलाओं (विशेषकर मुस्लिम स्त्रियों) के मानवाधिकारों और समान नागरिक संहिता के पक्ष में खड़ा होना चाहिए। राहुल गांधी भले ही इस मामले पर कितनी भी बयानबाजी करें, लेकिन जनता वास्तविक सच जानती है।

ओपी चौधरी, सन सिटी, रतलाम, एमपी।

**इस स्तंभ** में किसी भी विषय पर राय व्यक्त करने अथवा दैनिक जागरण के राष्ट्रीय संस्करण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करने के लिए पाठकगण सादर आमंत्रित हैं। आप हमें पत्र भेजने के साथ ई-मेल भी कर सकते हैं।

**अपने पत्र इस पते पर भेजें:**
दैनिक जागरण, राष्ट्रीय संस्करण,
डी-210-211, सेक्टर-63, नोएडा
ई-मेल : response@jagran.com

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त, पूर्व प्रधान संपादक-स्व. नरेन्द्र मोहन, नॉन एग्जीक्यूटिव चेयरमैन-महेन्द्र मोहन गुप्त, प्रधान संपादक-संजय गुप्त, जागरण प्रकाशन लि. के लिए: नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा 501, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित और उन्हीं के द्वारा डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा-201309 से मुद्रित, संपादक (राष्ट्रीय संस्करण)-विष्णु प्रकाश त्रिपाठी*
दूरभाष: नई दिल्ली कार्यालय : 011-43166300, नोएडा कार्यालय : 0120-4615800, E-mail: delhi@nda.jagran.com, R.N.I. No. DELHIN/2017/74721 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई/रेल शुल्क ₹-2 अतिरिक्त।

**37.7** से 40.7 करोड़ के आसपास है भारत में जेन-जी की संख्या, जो देश की जनसंख्या का 26 से 28 प्रतिशत तक है। वर्ष 1997 से 2012 के बीच जन्मी पीढ़ी को जेन-जी कहा जाता है।





अवधेश कुमार मिश्र
वरिष्ठ पत्रकार

आजकल

# आरक्षण का विरोध नहीं, पुनर्विचार हो

**भारतीय राजनीति में कुछ सवाल ऐसे हैं जिन पर बोलते ही तर्क पीछे छूट जाते हैं और पहचान आगे आ जाती है, आरक्षण उन्हीं सवालों में से एक है। जो आरक्षण का विरोध करता है, उसे सामाजिक न्याय का विरोधी घोषित कर दिया जाता है। जो आरक्षण के वर्तमान ढांचे पर सवाल उठाता है, उसे किसी न किसी जातीय खांचे में डाल दिया जाता है। नतीजा यह कि जिस प्रश्न पर सबसे अधिक गंभीर, तथ्यपरक और संवेदनशील बहस होनी चाहिए, वह नारेबाजी में बदल जाता है**



सामाजिक न्याय की नीति से फिसलते हुए आरक्षण अब राजनीतिक प्रतिनिधित्व का एक औजार बनता जा रहा है। फाइल

वर्तमान में आरक्षण का मसला एक बार फिर से देशभर में चर्चा में है। लेकिन क्या आरक्षण की आलोचना सामाजिक न्याय की आलोचना है? उत्तर है- नहीं। अब इससे भी बड़ा सवाल यह है कि क्या 21वीं सदी के भारत में किसी गरीब, वंचित और प्रतिभाशाली बच्चे की सबसे बड़ी पहचान उसकी जाति होनी चाहिए? इसका उत्तर भी होना चाहिए- नहीं। आरक्षण की मूल भावना को समझना बेहद जरूरी है। संविधान ने इसे केवल गरीबी दूर करने की योजना के रूप में नहीं बनाया था। अनुच्छेद 15(4) और 16(4) सामाजिक और शैक्षणिक पिछड़ेपन तथा पर्याप्त प्रतिनिधित्व के प्रश्न से जुड़े हैं। यानी भारत में आरक्षण की ऐतिहासिक आवश्यकता केवल यह नहीं थी कि कोई व्यक्ति गरीब था; बल्कि यह भी थी कि सामाजिक संरचना के कारण कुछ समुदाय शिक्षा, रोजगार, सम्मान और संस्थागत अवसरों से लंबे समय तक दूर रहे या उन्हें रखा गया।

इस ऐतिहासिक सत्य से कोई इन्कार नहीं करेगा। लेकिन इसी के साथ एक दूसरा सत्य भी स्वीकार करना होगा, और वह सत्य है समाज का बदलना। इतिहास कभी स्थिर नहीं होता। समाज बदलता है। परिस्थितियां बदलती हैं। और जब परिस्थितियां बदलती हैं तो नीतियों की समीक्षा भी होनी चाहिए।

अगर आरक्षण का उद्देश्य वंचित को मुख्यधारा में लाना है, तो स्वाभाविक प्रश्न यह होना चाहिए कि जो व्यक्ति मुख्यधारा में आ चुका है, उसे पीढ़ी दर पीढ़ी वही लाभ क्यों मिलता रहे, जबकि सामाजिक पायदान पर सबसे नीचे खड़ा व्यक्ति पिछले आठ दशकों से, आरक्षण के लाभ से वंचित है? यह प्रश्न किसी जाति के खिलाफ नहीं है। बल्कि नीति की प्रभावशीलता के पक्ष में है। इसलिए 'क्रीमी लेयर' का प्रश्न यहीं आता है। मैं आरक्षण समाप्त करने के पक्ष में कतई नहीं हूं, बल्कि आरक्षण को अधिक न्यायपूर्ण बनाने के पक्ष में अवश्य हूं। जरूरतमंद व्यक्ति किसी भी जाति का हो, उसे राज्य की सहायता और अवसर मिलना चाहिए। लेकिन इसके लिए केवल आय प्रमाणपत्र भी पर्याप्त नहीं होगा। क्योंकि पांच लाख रुपये की आय वाले दो परिवारों की सामाजिक वास्तविकता एक जैसी नहीं हो सकती।

इसलिए भविष्य की आरक्षण नीति को एक 'बहुआयामी वंचना सूचकांक' यानी मल्टीडाइमेंशनल डेप्रिवेशन इंडेक्स पर आधारित किया जाना चाहिए। इसमें कम-से-कम ये कारक शामिल हों- पारिवारिक आय और संपत्ति, माता-पिता की शिक्षा, ग्रामीण/ दुर्गम क्षेत्र से संबंध, परिवार की पहली पीढ़ी का उच्च शिक्षा में प्रवेश, विद्यालय की गुणवत्ता, आवासीय और बुनियादी सुविधाओं की स्थिति, पेशागत वंचना, सामाजिक भेदभाव का प्रमाण, परिवार में पहले से सरकारी/ उच्च पदों पर प्रतिनिधित्व, पिछली पीढ़ियों द्वारा प्राप्त आरक्षण का लाभ। इससे एक ऐसी व्यवस्था बनाई जा सकती है जिसमें जाति सामाजिक वंचना का एक संकेतक तो हो सकती है, लेकिन अकेला निर्धारक नहीं। यही अधिक आधुनिक और अधिक न्यायपूर्ण दृष्टिकोण होगा।

जरूरतमंद ब्राह्मण हो या दलित, गरीबी का दर्द जाति नहीं पूछता। एक गरीब किसान या मजदूर का बेटा, चाहे वह किसी भी जाति का हो, अगर सरकारी स्कूल से पढ़कर प्रतियोगी परीक्षा में आता है और उसके सामने संसाधनों से संपन्न परिवारों के बच्चे बैठे हैं, तो उसकी कठिनाई वास्तविक है। उसके घर में कोचिंग के लिए पैसे नहीं हैं। अच्छा इंटरनेट नहीं है। पुस्तकों की सुविधा नहीं है। माता-पिता उच्च शिक्षित नहीं हैं। घर में कोई ऐसा व्यक्ति नहीं है जो उसे बताए कि यूपीएससी, आइआइटी, नीट या विश्वविद्यालय प्रवेश की तैयारी कैसे की जाती है। वह इसलिए कम वंचित नहीं हो जाता कि उसका उपनाम किसी तथाकथित 'सवर्ण' जाति से जुड़ा है।

इसी तरह किसी एससी, एसटी या ओबीसी परिवार का गरीब बच्चा भी वास्तविक वंचना का सामना कर सकता है। और कई मामलों में उसके सामने आर्थिक कठिनाई के साथ सामाजिक भेदभाव का अतिरिक्त बोझ भी हो सकता है। इसलिए समाधान यह नहीं है कि एक की वंचना को दूसरे की वंचना के सामने खड़ा कर दिया जाए। बल्कि समाधान यह होना चाहिए कि वंचना को मापा जाए। आइए अब उस जाल को समझते हैं जो 'सवर्ण बनाम आरक्षण' की राजनीति के इर्द-गिर्द बुना जा रहा है। यहीं पर उस इंटरनेट मीडिया तर्क की राजनीतिक उपयोगिता समझ में आती है जिसमें कहा जा रहा है कि कथित 'सवर्ण समाज' के असंतोष को कोई नया राजनीतिक संगठन अपने पक्ष में इस्तेमाल कर सकता है। इसमें संभावना है, क्योंकि राजनीति खाली स्थान बर्दाश्त नहीं करती। जहां कोई स्थापित राजनीतिक दल किसी बड़े सामाजिक असंतोष को प्रतिनिधित्व नहीं देता, वहां कोई नया संगठन उस असंतोष को राजनीतिक पूंजी में बदल सकता है।

लेकिन यहां भी एक बड़ी गलती होगी। यदि कोई राजनीतिक आंदोलन केवल "आरक्षण हटाओ" के नारे पर खड़ा होता है तो वह आधे भारत को अपने खिलाफ खड़ा कर देगा। परंतु यदि वही आंदोलन कहता है कि "आरक्षण रहे, लेकिन लाभ सबसे जरूरतमंद तक पहुंचे; जाति के साथ आर्थिक, शैक्षणिक, सामाजिक और भौगोलिक वंचना भी मापी जाए; एक ही परिवार की पीढ़ियां लगातार लाभ न लेती रहें; और हर वास्तविक रूप से वंचित नागरिक को अवसर मिले" तो यह बहस अचानक बहुत बड़ी हो जाती है। और फिर यह किसी जाति का आंदोलन नहीं रह जाता। यह नीति-सुधार का आंदोलन बन सकता है।

## सामाजिक न्याय का अगला अध्याय

आरक्षण के लाभ की समीक्षा भी होनी चाहिए। क्यों न हर दस वर्ष में यह समीक्षा हो कि किस नीति से वास्तव में कितने परिवार ऊपर आए? क्यों न यह देखा जाए कि आरक्षण का लाभ किन परिवारों और किन समूहों तक लगातार केंद्रित हो रहा है? क्यों न सबसे वंचित व्यक्ति को सबसे पहले अवसर मिले? हमें एक बात स्पष्ट करनी होगी। गरीबी और जातिगत भेदभाव एक ही चीज नहीं हैं। गरीबी का समाधान केवल आरक्षण नहीं है। और जातिगत भेदभाव का समाधान केवल आर्थिक सहायता भी नहीं है। इसलिए एक समझदार नीति को दोनों वास्तविकताओं को स्वीकार करना होगा। जहां ऐतिहासिक और सामाजिक भेदभाव वास्तविक है, वहां सामुदायिक प्रतिनिधित्व की नीतियां आवश्यक रह सकती हैं। जहां आर्थिक वंचना प्रमुख है, वहां आर्थिक आधार पर अवसर मिलना चाहिए। जहां किसी आरक्षित वर्ग के भीतर लाभ कुछ समूहों तक विषमतापूर्वक पहुंच गया है, वहां एंपीरिकल डाटा के आधार पर उप-वर्गीकरण यानी सब-क्लासिफिकेशन और बेहतर टार्गेटिंग पर विचार होना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट का 2024 का फैसला इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण संवैधानिक संकेत देता है। और जहां किसी परिवार की स्थिति इतनी बदल चुकी है कि वह अब उस विशेष सहायता का वास्तविक लक्ष्य नहीं रहा, वहां नीति को उसके पुनर्मूल्यांकन की व्यवस्था रखनी चाहिए।

**संविधान में संशोधन क्यों नहीं :** यदि वर्तमान संवैधानिक ढांचा ऐसी अधिक न्यायपूर्ण व्यवस्था बनाने में बाधा है तो संविधान में संशोधन क्यों नहीं हो सकता? संविधान कोई धार्मिक ग्रंथ नहीं है, जिसे समाज बदलने के बाद भी अक्षरशः अपरिवर्तित रखा जाए। वह राष्ट्र का जीवंत सामाजिक अनुबंध है। बेशक संविधान संशोधन खिलवाड़ नहीं है। उसे व्यापक बहस, संसदीय सहमति, संवैधानिक सीमाओं और न्यायिक कसौटियों से गुजरना होता है। लेकिन "संशोधन संभव है" और "संशोधन नहीं होना चाहिए"- इन दोनों में जमीन-आसमान का अंतर है। भारत ने 103वां संविधान संशोधन करके आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए संवैधानिक रास्ता बनाया ही है। अर्थात दरवाजा खुल चुका है।

भारत को आज ऐसा रास्ता चाहिए जिसमें ऐतिहासिक अन्याय की स्मृति भी बचे और वर्तमान जरूरत की पहचान भी हो। जिसे सदियों का सामाजिक भेदभाव झेलना पड़ा है, उसे राज्य अकेला न छोड़े। जिसे आर्थिक विपन्नता ने पीछे धकेल दिया है, उसकी जाति देखकर दरवाजा बंद न किया जाए। और जिसने पहले ही कई पीढ़ियों में राज्य की सहायता से पर्याप्त सामाजिक-आर्थिक उन्नति हासिल कर ली है, उसके स्थान पर उसी समुदाय के वंचित व्यक्ति को आगे आने का अवसर मिले। ऐसा करना आरक्षण-विरोध नहीं होगा। यह आरक्षण का पुनर्जन्म होगा, क्योंकि गणराज्य का लक्ष्य यह नहीं हो सकता कि नागरिक जीवन भर अपने प्रमाणपत्रों में अपनी जाति ढोता रहे। लक्ष्य यह होना चाहिए कि एक दिन ऐसा भारत बने जहां राज्य को यह पूछने की जरूरत ही न पड़े कि तुम किस जाति के हो? बल्कि यह पूछे कि "तुम्हारी वंचना क्या है, और हम उसे दूर करने के लिए क्या कर सकते हैं?" यही सामाजिक न्याय का अगला अध्याय हो सकता है।

(अवधेश कुमार मिश्र)

हालांकि इस बीच ईडब्ल्यूएस ने एक दरवाजा खोला है। भारत पहले ही इस दिशा में एक महत्वपूर्ण संवैधानिक कदम उठा चुका है। 103वें संविधान संशोधन ने अनुच्छेद 15(6) और 16(6) जोड़े और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए अधिकतम 10 प्रतिशत आरक्षण का संवैधानिक आधार बनाया। सुप्रीम कोर्ट ने जनहित अभियान बनाम यूनियन आफ इंडिया में 2022 में इस संशोधन को संवैधानिक भी माना। मतलब स्पष्ट है कि भारतीय संविधान अब आर्थिक वंचना को भी सकारात्मक विभेद या एफर्मेटिव एक्शन के एक वैध आधार के रूप में पहचानता है। तो फिर बहस को आगे बढ़ाते हुए, क्यों न पूछा जाए, कि भविष्य में एफर्मेटिव एक्शन का अधिक वैज्ञानिक माडल क्या हो सकता है?

खरी-खरी

## चीनी पर नुक्ताचीनी

**मनमोहन सिंह यादव**

सुबह उठते ही फीकी चाय पीने वाला शुगर का क्रोनिक मरीज मंगतूराम जब अखबार पढ़ रहा था, तो उसकी भार्या भानुमति ने उससे कहा- अजी! सुनती हो जरा चीनी के भाव देखना। मंडी में क्या भाव चल रहा है?

वह बोला- जिस दिन शुगर हुई थी, उस दिन से मुझे तो चीनी शब्द से ही नफरत हो गई है। इस शब्द से मुझे इतनी नफरत हो गई है कि इस चक्कर में चीनी मिट्टी के बर्तनों का भी उपयोग नहीं करता। हे प्राणप्रिया! चीनी के भाव मेरे से मत पूछो।

भानुमति बोली- तुम्हें शुगर हो गई, इसका मतलब यह तो नहीं कि घर के सभी सदस्यों को शुगर हो गई है। उनको तो मीठी चाय चाहिए।

मंगतूराम बोला- हम उस देश के वासी हैं जिस देश में गंगा बहती है। हम उस देश के वासी हैं जिस देश में आयुर्वेद हमारी थाती है। आयुर्वेद कहता है कि सुबह उठते ही बच्चों को गुनगुना पानी पिलाओ, बच्चे स्वस्थ रहेंगे।

भानुमति बोली- तुम्हें मालूम होना चाहिए कि त्योहार-मेहमान भी आते हैं। उनका मुंह तो मीठा करवाना पड़ता है?

मंगतूराम बोला- शुगर रोगियों के जो आंकड़े सरकार ने जारी किए हैं, वे आंकड़े मेहमानों को बताओ, साथ ही उन्हें शुगर रोग की भयानकता का बोध भी कराओ। देखना, डर के मारे सभी मेहमान फीकी चाय ही पीना चाहेंगे।

भार्या बोली- उनको तो कह देंगे, किंतु बच्चे बड़े हो गए हैं। उनकी शादियां भी करनी हैं। शादियों में जो मेहमान आएंगे, क्या उनको केवल करेले का जूस पिलाकर विदा कर दोगे।

मंगतूराम बोला- इतनी लंबी मत सोचो। तुम्हें पता होना चाहिए कि जेन-जी का समय चल रहा है। अधिकांश शादियां अब कोर्ट-कचहरी में ही होंगी। वहां न मिठाई की जरूरत होती है और न ही मीठी चाय की।

भानुमति बोली- शुगर होने के बाद क्या आदमी नास्तिक हो जाता है? देवी-देवताओं को मिठाई, खीर इत्यादि का भोग भी चढ़ाया जाता है?

वह बोला- कल ही मैंने कम्युनिस्ट पार्टी ज्वाइन की है, अब मेरे निजी मामले में देवी-देवताओं का कोई दखल नहीं होगा।

पोस्ट

कुछ ही घंटों में सब कुछ बदल गया। नेपाल में बाढ़ ने ऐसी तबाही मचा दी कि घर, सड़कें और पुल तक पानी में बह गए। जो जगह कुछ घंटे पहले तक सामान्य थी, वहां सिर्फ तबाही का मंजर है। नेपाल के लिए प्रार्थना करें। सीए अनुराग@CAAnurag_

वर्तमान परिस्थितियों में बिहार सरकार को अलर्ट रहने की जरूरत है। खासकर चंपारण, सारण, सुपौल में, क्योंकि तिब्बत से आने वाली भोटेकोशी नदी आगे चलकर नेपाल की त्रिशूली और नारायणी नदी में मिलती है, जिसे भारत में गंडक नदी के नाम से जाना जाता है। इसके अलावा इसका एक हिस्सा सुनकोशी के जरिये कोसी नदी के कैचमेंट एरिया को भी प्रभावित कर सकता है। स्काई@ysatyandra



कितने हिंदू घरों में मनुस्मृति रखी है? कितने हिंदू परिवार मनुस्मृति पढ़ते हैं या उसका पालन करते हैं? कितनों को पता है कि उसमें लिखा क्या है? कितने हिंदू बच्चों, युवाओं को मनुस्मृति के बारे में पता भी होगा? फिर ये बेवजह की टिप्पणियां क्यों? एक ही धर्म को पिछड़ा-पितृसत्तात्मक साबित करने की वजह क्या है?

ऋचा अनिरुद्ध@richaanirudh

जागरण जनमत — कल का परिणाम

**क्या साइबर ठग बेलगाम होते जा रहे हैं?**




सभी आंकड़े प्रतिशत में

**आज का सवाल**

क्या चीन सीमा विवाद के समाधान को लेकर गंभीर दिख रहा है?

परिणाम जागरण इंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है

जनपथ

आज सियासत की पुनः बिछने लगी बिसात,
जेन-जी मोहरा बन रहे अब नेता के हाथ।
अब नेता के हाथ जिधर वो इन्हें चलाए,
हाथी, घोड़ा, ऊंट उधर ही चलता जाए!
जिनकी वर्षों पूर्व हाथ से गई रियासत,
चढ़ जेन-जी के कांध करें वे आज सियासत!!

–ओम प्रकाश तिवारी



धनंजय प्रताप सिंह
डिप्टी पालिटिकल एडिटर (स्टेट), मध्य प्रदेश

मध्य प्रदेश डायरी

# भाजपा में टूटता संवाद और बढ़ती दूरियां

मध्य प्रदेश भाजपा में सरकार और संगठन के स्तर पर इन दिनों सब कुछ ठीक चल रहा है, ऐसा पूरे विश्वास के साथ कहने की स्थिति में शायद ही कोई हो। विश्वास में लेकर आगे बढ़ना या चर्चा करने जैसी पुरानी व्यवस्था संगठन के तौर-तरीकों से गायब होती दिखाई दे रही है। टूटते संवाद के चलते दूरियां बढ़ रही हैं और वरिष्ठ से लेकर जमीनी स्तर के कार्यकर्ता तक नाराजगी बढ़ रही है। यही हाल रहा तो दो राय नहीं कि परिस्थितियां वर्ष 2023 जैसी बन जाएं, जब उपेक्षा से नाराज कार्यकर्ताओं को समझाने के लिए वरिष्ठ नेताओं को जोर लगाना पड़ा था।

संवाद टूटने और विश्वास में लेकर आगे न बढ़ने का सबसे बड़ा नुकसान भाजपा दतिया विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव में भुगत चुकी है। पूर्व मंत्री डा. नरोत्तम मिश्रा को पार्टी ने टिकट नहीं देने को लेकर उन्हें न पूर्व में कोई संकेत दिए और न ही उन्हें पूरी तरह भरोसे में लेकर कदम आगे बढ़ाया। डा. नरोत्तम मिश्रा वर्ष 2023 में यहां से चुनाव हार चुके हैं और बीते उपचुनाव में उनकी मजबूत दावेदारी मानी जा रही थी। दतिया में पार्टी संगठन में उनका खासा प्रभाव है, जिसका आकलन करने में पार्टी चूक गई। पूरे प्रदेश से नेताओं को दतिया उपचुनाव के लिए तैनात किया गया, लेकिन उसका लाभ नहीं मिल सका। जब ऐन वक्त पर नरोत्तम मिश्रा को टिकट नहीं दिया गया तो दतिया में उनके समर्थकों ने जमकर बवाल किया। पार्टी ने ऊपरी तौर पर किए गए डैमेज कंट्रोल पर भरोसा कर लिया और नतीजा यह हुआ कि भाजपा यह सीट एक बार फिर हार गई।

संवाद में कमी का एक और उदाहरण पार्टी कार्यालय में सुनवाई के लिए कैबिनेट मंत्रियों के बैठने की व्यवस्था भी बन गई है। सरकार ने तय किया था कि कार्यकर्ताओं की नाराजगी दूर करने और उनकी सक्रियता बनाए रखने के लिए सभी कैबिनेट मंत्री निश्चित दिनों में पार्टी कार्यालय में बैठेंगे और उनकी समस्याएं सुनकर समाधान करेंगे, लेकिन अधिकतर मंत्रियों ने इसमें रुचि नहीं दिखाई। जो मंत्री पार्टी कार्यालय पहुंच भी रहे हैं, वह बंद कमरे में ही कार्यकर्ताओं की बात सुनते हैं। इस व्यवस्था में पारदर्शिता पूरी तरह गायब है। कार्यकर्ताओं की नाराजगी बताती है कि बंद कमरों के नाम पर कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है। पार्टी कार्यालय में ही अनसुनी से कार्यकर्ताओं में निराशा के साथ असंतोष बढ़ता जा रहा है।




संवाद की कमी दतिया विधानसभा सीट पर उपचुनाव में हुई भाजपा की हार का बना कारण। फाइल

हालात किस कदर गंभीर हैं, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि मंत्री को भी बिना बताए विभाग वापस लिए जा रहे हैं। कैबिनेट मंत्री लखन पटेल से अचानक उनका विभाग पशुपालन वापस लेकर सरकार ने उन्हें आनंद विभाग की जिम्मेदारी दे दी। उनसे न कोई बात की गई, न उन्हें कोई संकेत दिए गए। खास बात यह है कि उनके कार्यकाल में विभाग में न कोई गड़बड़ी या घोटाले की बात सामने आई, न कहीं कोई अनुशासनहीनता का मामला ही प्रकाश में आया। कैबिनेट मंत्री के साथ ऐसा बर्ताव वरिष्ठ से लेकर जमीनी कार्यकर्ताओं तक के लिए अच्छा संदेश नहीं माना जा सकता है।

अब तक सरकार में नाराज चेहरों में कैलाश विजयवर्गीय सबसे आगे थे, लेकिन इसमें संगठन के पुराने दिग्गज के तौर पर पूर्व मंत्री व विधायक अजय विश्नोई का भी नाम जुड़ गया है। वह इंटरनेट मीडिया पर अपनी ही सरकार के विरुद्ध खुलकर लिख रहे हैं। उन्होंने सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार और जबलपुर में धान घोटाले को लेकर पोस्ट किया, लेकिन संगठन का उनसे कोई लेना-देना नहीं दिखाई दे रहा है। पहले भी अजय विश्नोई सरकार को कई मामलों पर चेताते रहे हैं, लेकिन उन्हें अनसुना किए जाने का क्रम अभी भी बना हुआ है। आज की यही अनसुनी आगे चलकर मौके पर भारी-भरकम नाराजगी बनकर सामने आती है, तब संगठन के हाथ-पांव फूल जाते हैं।

वर्ष 2020 में ज्योतिरादित्य सिंधिया और उनके समर्थकों के भाजपा में आने के बाद पुराने कार्यकर्ताओं ने उपेक्षा के आरोप लगाए थे। संवाद की लगातार कमी और असंतोष ने वर्ष 2023 में चुनाव आते-आते भारी भरकम नाराजगी का रूप ले लिया था। तब संगठन ने वरिष्ठ नेताओं को कार्यकर्ताओं को मानने और सक्रिय करने की जिम्मेदारी सौंप थी। दो साल बाद 2028 में विधानसभा में चुनाव होना है, जिसे लेकर अभी से नाराजगी की वही तस्वीर उभरने लगी है, लेकिन इस बार कार्यकर्ताओं के साथ वरिष्ठ नेताओं में भी नाराजगी है, जो भाजपा की मुश्किलें काफी हद तक बढ़ा सकती है।

मंथन



सुनील बंसल
राष्ट्रीय महामंत्री, भाजपा

# आकाश छूने को तैयार नई पीढ़ी

**जेन-जी के साथ हमारा जुड़ाव किसी शिकायत या दूरी का नहीं, बल्कि आपसी विश्वास, संवाद और उनकी ऊर्जा को सही दिशा देने का होना चाहिए। भविष्य उन्ही के हाथों संवरना है**

इस समय जेन-जी बहुत चर्चा में है। पिछले दिनों एक बैठक में इस नई पीढ़ी पर चर्चा चल निकली। किसी ने इनकी कार्यशैली के लिए मोबाइल को दोषी ठहराया तो किसी ने बदल रहे संस्कारों पर चिंता व्यक्त की। एक सज्जन ने बेहद सहजता से कहा, "अरे, ये जेन-जी लोग" उनके ये शब्द मेरे मन में गहराई तक ठहर गए। "ये जेन-जी लोग" का 'ये' शब्द मुझे बेचैन करता रहा। ऐसा क्यों हुआ कि हमारे और हमारे बच्चों के बीच दूरी दर्शाने वाला 'ये' शब्द खड़ा हो गया?

जब देश के प्रधानमंत्री युवाओं को मेरे युवा मित्र कहकर संबोधित करते हैं, तो उसके पीछे गहरी दृष्टि छिपी होती है। वह दृष्टि युवा को खुद से सामने कुर्सी पर बैठाने की नहीं, बल्कि अपने पास बैठाने की होती है। वह युवा को संवाद का बराबर का साथी मानने का भाव है। जेन-जी को लेकर हमारी सबसे बड़ी उलझन वह पुराना और संकुचित चश्मा है जिसके जरिये हम उन्हें देखने की कोशिश कर रहे हैं। हर नई पीढ़ी अपने समय से कड़े सवाल करती रही है। वह हर बात पर पूछती है कि ऐसा क्यों है?

युवा जानना चाहते हैं कि जो नियम तय किए गए हैं, वे वैसे ही क्यों हैं? यही प्रश्न पुरानी पीढ़ी को चुभने वाले लगते हैं। कल जब हम युवा थे, तब हमारे द्वारा पूछे गए प्रश्न हमारे बुजुर्गों को बेचैन कर देते थे। इस अंतर को हम साधारण शब्दों में जेनरेशन गैप यानी पीढ़ियों का अंतर कहते हैं।

नई पीढ़ी पर आरोप है कि यह मोबाइल स्क्रीन में डूबी रहती है, लेकिन आरोप का एक सिरा हमारी ओर मुड़ता नजर आता है। क्या हमारे बच्चे हमें हाथ में कोई पुस्तक लिए देखते हैं? क्या खाने की टेबल पर स्मार्टफोन हमसे दूर रहता है? क्या हमने कभी उन्हें गांव की कच्ची पगडंडियों पर घुमाया है? क्या उन्हें दादी-नानी की स्मृतियों में छिपी पारिवारिक कथाएं सुनाई हैं? हमें एक कड़ा प्रश्न स्वयं से भी पूछना होगा- हमने मोबाइल फोन के बाहर की दुनिया को उनके लिए कितना आकर्षक बनाकर दिखाया है? इसलिए बच्चों से केवल शिकायत करना बहुत सरल है, लेकिन उनके सामने एक सही और प्रेरणादायक उदाहरण बनकर खड़ा होना बेहद कठिन कार्य है।

बेशक उनका तरीका हमसे अलग है, उनकी बात कहने की भाषा अलग है और उनकी जिज्ञासा का दायरा भी भिन्न है। वे इसके पीछे का तर्क मांगेंगे और पूछेंगे कि 'क्यों'। और हमें उस 'क्यों' शब्द से डरना नहीं चाहिए। हमें उन्हें परंपराओं के पीछे छिपा हुआ गहरा दर्शन समझाना होगा, धर्म के मूल मर्म से परिचित कराना होगा, और अपनी संस्कृति को केवल किताबी न रखकर कर्म में उतारकर दिखाना होगा। जेन-जी को केवल रील्स बनाने-देखने तक सीमित कर देना अन्याय होगा। यही युवा पीढ़ी आज सीमाओं पर मुस्तैदी से खड़ी है। यही युवा आज शतरंज की बिसात पर पूरी दुनिया को बौद्धिक क्षमता से चकित कर रहे हैं। तकनीक, विज्ञान, और उद्यमिता के क्षेत्र में ये युवा लगातार नए रास्ते खोल रहे हैं।

नई पीढ़ी केवल अपने बारे में नहीं सोचती, बल्कि अपने साथ-साथ दूसरे इंसानों के दर्द और तकलीफों को भी बखूबी पहचानना चाहती है। चाहे पर्यावरण संरक्षण की गंभीर चिंता हो, बेजुबान पशु-पक्षियों के अधिकारों की बात हो, युवाओं में मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दे हों, समाज में समान अवसरों की मांग हो, या फिर किसी कमजोर और लाचार व्यक्ति के पक्ष में खड़े होने का सवाल हो- आज का युवा इन तमाम संवेदनशील विषयों पर बहुत अधिक सहजता और मुखरता के साथ अपनी बात रखता है।



किशोर-किशोरियों को भारतीय परंपराओं से जोड़ने की आवश्यकता है। फाइल

हमें हर बार उन्हें यह पुरानी कहानी सुनाने की आवश्यकता नहीं है कि हमारे जमाने में तो हालात ऐसे हुआ करते थे। हमारा रिश्ता किसी उपदेश देने वाले और सुनने वाले का नहीं, बल्कि आपसी संवाद का होना चाहिए। इसलिए अगली बार जब किसी औपचारिक बैठक में कोई व्यक्ति मुस्कुराते हुए यह कहे कि "अरे, ये जेन-जी लोग", तो शायद हमें भी कहना चाहिए- हां, वे जेन-जी हैं, लेकिन वे 'ये लोग' नहीं हैं। हमारे अपने ही जिगर के टुकड़े, हमारे बच्चे हैं। स्वाभाविक है कि उनकी हर बात हमेशा सही नहीं होगी, ठीक वैसे ही जैसे हमारी भी हर बात अपने समय में सही नहीं हुआ करती थी। वे अपने जीवन में तमाम गलतियां करेंगे, बिल्कुल वैसे ही जैसे गलतियां हमने भी की थीं।

हमें समझना होगा कि अब इस देश की अगली यात्रा इन्हीं मजबूत कंधों पर बढ़ेगी। उन्हें किसी कठघरे में खड़ा करने के बजाय उनके साथ पूरी ताकत से खड़े होइए। बच्चों से संवाद अधिक से अधिक बढ़ाइए। उन्हें ध्यान से सुनिए, उनकी भावनाओं को समझिए, और उन पर पूरा भरोसा रखिए। क्योंकि भविष्य को कभी भी अतीत के पुराने सांचे में ढाला नहीं जा सकता। हमेशा यह याद रखिए कि भारत की अगली कहानी किसी और को नहीं, बल्कि इन्हीं हाथों को मिलकर लिखनी है।

## अवाडा इलेक्ट्रो ने फिर जमा किए मसौदा दस्तावेज

**नई दिल्ली:** अवाडा समूह की नवीकरणीय ऊर्जा सब्सिडियरी अवाडा इलेक्ट्रो लिमिटेड ने अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आइपीओ) के लिए फिर से मसौदा दस्तावेज जमा किए हैं। कंपनी आइपीओ के जरिये 7,600 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही है। इस आइपीओ में 1,600 करोड़ रुपये के नए शेयर और 6,000 करोड़ रुपये के प्रमोटर शेयर बिक्री के लिए पेश किए जाएंगे। (प्रेट्र)

भारतीय खाद्य नियामक एफएसएसएआइ की ओर से लेबलिंग नियमों को लेकर की गई सख्ती का स्वागत है। ग्राहकों के लिए यह जानना जरूरी है कि वे जो खाना खा रहे हैं, उसमें कौन-कौन सी चीजें शामिल हैं।

– फिलिप नवरतिल, ग्लोबल सीईओ, नेस्ले



| संसेक्स | निफ्टी | सोना प्रति दस ग्राम | चांदी प्रति किलो ग्राम | डालर | क्रूड प्रति बैरल |
|---|---|---|---|---|---|
| 77,472.94 ▼ 183.15 | 24,207.75 ▼ 126.80 | ₹ 1,66,500 ▼ ₹ 600 | ₹ 2,50,500 ▲ ₹ 500 | ₹ 95.44 बदलाव नहीं | $ 85.96 |

## एक नजर में

### 21 अगस्त तक 25 अरब डालर का निर्यात

**नई दिल्ली:** 1-21 अगस्त के दौरान भारत वस्तु निर्यात 25 अरब डालर से ज्यादा रहने का अनुमान है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, इसमें वार्षिक आधार पर 15 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है। एक अप्रैल से 21 अगस्त तक वस्तु निर्यात 200 अरब डालर को पार कर चुका है। वाणिज्य मंत्रालय अगस्त महीने के कुल निर्यात-आयात का डाटा सितंबर में जारी करेगा। जुलाई में भारत का वस्तु निर्यात 19.63 प्रतिशत बढ़कर 44.24 अरब डालर रहा है। इस दौरान व्यापार घाटा बढ़कर 31.98 अरब डालर रहा है। (प्रेट्र)

### नौ सितंबर को लांच होगा एपल का अगला आइफोन

**नई दिल्ली:** एपल के एक वरिष्ठ कार्यकारी ग्रेग जोसविआक ने एक्स पोस्ट में बताया है कि कंपनी का अगला लांच इवेंट नौ सितंबर को होगा। इस इवेंट में कंपनी अपनी आइफोन सीरीज का अगला स्मार्टफोन और बहुप्रतीक्षित फोल्डेबल फोन को पेश कर सकती है। माना जा रहा है कि पहला फोल्डेबल आइफोन एपल के लिए एक अहम मील का पत्थर साबित होगा। नए सीईओ जान टर्नस के नेतृत्व में यह पहला लांच इवेंट होगा। टर्नस एक सितंबर को एपल की कमान संभालेंगे। (रायटर)

### पर्पल स्टाइल लैब्स ने तय किया शेयर मूल्य

**नई दिल्ली:** पर्पल स्टाइल लैब्स लिमिटेड लिमिटेड ने अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आइपीओ) का शेयर मूल्य 546-575 रुपये प्रति इकाई तय किया है। कंपनी का 680 करोड़ रुपये का आइपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए 31 अगस्त से दो सितंबर तक खुलेगा। उच्च शेयर मूल्य के आधार पर कंपनी का मूल्यांकन 4,600 करोड़ रुपये आंका गया है। यह पूरा आइपीओ नए शेयरों की बिक्री पर आधारित है। इसमें प्रमोटर और मौजूदा शेयरधारक अपनी हिस्सेदारी नहीं बेचेंगे। (प्रेट्र)

# जापान से व्यापार समझौते की समीक्षा करेगा भारत

## वाणिज्य मंत्री ने कहा- जापान के साथ बढ़ रहा व्यापार घाटा, फिर से तैयार होगा टर्म आफ रेफरेंस

- भारत में जल्द तीन हजार पर पहुंच जाएगी जापानी कंपनियों की संख्या
- डीपटेक कैपिटल कारिडोर का निर्माण भी कर सकते हैं भारत-जापान

**जागरण ब्यूरो, टोक्यो:** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को कहा कि जापान और भारत के बीच 15 साल पहले जो कंप्रेहेंसिव इकोनमिक पार्टनरशिप एग्रीमेंट (सीपा) हुआ था, उसकी समीक्षा की जाएगी। इसका कारण यह है कि जापान के साथ हमारा व्यापार घाटा बढ़ रहा है। हमने जापान के विदेश मंत्री से इस संबंध में बात की है और सीपा पर फिर से बात करने के लिए टर्म आफ रेफरेंस तैयार किया जाएगा। जापान के साथ भारत का द्विपक्षीय व्यापार पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में 27.5 अरब डालर का था। इसमें भारत का निर्यात सिर्फ 6.3 अरब डालर था।

चार दिवसीय दौर पर यहां पहुंचे गोयल ने कहा कि जापान की कई कंपनियां भारत में निवेश के लिए बिल्कुल तैयार है और आने वाले कुछ ही सालों में भारत में काम करने वाली जापानी कंपनियों की संख्या 1500 से बढ़कर 3000 हो जाएगी। भारत में जिन सेक्टर में टेक्नोलाजी की कमी है, उन सेक्टर में टेक्नोलाजी ट्रांसफर करने में भी जापानी कंपनियां मदद करेंगी। उन्होंने कहा कि जापान ने पिछले साल अगस्त में अगले 10 सालों में भारत में 67 अरब डालर के निवेश करने की घोषणा की थी। इसमें से 10 अरब डालर से अधिक का निवेश हो चुका है। इस गति को देखते हुए अगले कुछ सालों में ही यह लक्ष्य हासिल हो जाएगा।

भारत और जापान डीपटेक कैपिटल कारिडोर का भी निर्माण कर सकते हैं, ताकि भारतीय स्टार्टअप को डीपटेक सेक्टर में जापानी वित्तीय कंपनियां मदद कर सकें। स्टार्टअप को लेकर जापान के उद्यमियों के साथ बैठक में गोयल ने एक 'शार्क टैंक' जैसी प्रतिस्पर्धा कराने के लिए कहा, जहां भारतीय स्टार्टअप अपने कारोबारी विचार जापानी निवेशकों के समक्ष रख सकेंगे। बुधवार को टोक्यो में जापान की वित्तीय संस्था और स्टार्टअप कंपनियों के साथ चर्चा में भारत के कई स्टार्टअप ने हिस्सा लिया, जिन्हें जापानी निवेशकों की तरफ से निवेश का भरोसा दिया गया।

### जापान को खाद्य निर्यात की बड़ी संभावना

गोयल ने बताया कि जापान में खाद्य निर्यात की बड़ी संभावना है। जापान ने खाद्य उत्पाद आयात करने के लिए अपने मानक तय कर रखे हैं। इन मानकों में ढील देने पर बातचीत की जाएगी। हालांकि, किसी भी विकसित देश को निर्यात बढ़ाने के लिए हमें अपनी गुणवत्ता भी बढ़ानी होगी। निर्यात बढ़ाने के लिए हमने दुनिया के करीब सभी देशों में भारतीय कंपनियों को पंजीकृत कराने के लिए कहा है।



नागोया में बुधवार को भारत-जापान नेक्स्ट जेनरेशन इकोनमिक पार्टनरशिप कार्यक्रम को संबोधित करते वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ● प्रेट्र

### सितंबर के आखिर में अमेरिका जाएंगे पीयूष गोयल

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** पीयूष गोयल सितंबर के आखिर में अमेरिका जाएंगे। वे मिल्वौकी में होने वाली जी-20 व्यापार मंत्रीस्तरीय बैठक में हिस्सा लेंगे। इस दौरान वे अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि जेमिसन ग्रीर के साथ द्विपक्षीय बातचीत करेंगे, जिसमें व्यापार समझौते से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होगी। एक अधिकारी ने कहा कि दोनों देश व्यापार समझौते को लेकर लगातार संपर्क में हैं।

बिजनेस से जुड़ी खबरों और अपडेट के लिए स्कैन करें या विजिट करें jagran.com

# 'भारत तेजी से बढ़ती आर्थिकी, निवेश के पर्याप्त अवसर'

**वाशिंगटन, प्रेट्र:** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कनाडाई निवेशकों को निवेश के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि भारत आज दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है। उन्होंने टोरंटो में भारतीय व्यापार समुदाय के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत निरंतर विकास, युवा जनसंख्या, बढ़ती खपत और गहरे होते पूंजी बाजारों का अनूठा संयोजन प्रस्तुत करता है।

उन्होंने कहा कि देश संरचनात्मक परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है, जो तेजी से शहरीकरण, बढ़ती मध्यवर्गीय आबादी और विश्वस्तरीय डिजिटल बुनियादी ढांचे द्वारा संचालित है। यह परिवर्तन अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में नए अवसर पैदा कर रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश के डिजिटल बुनियादी ढांचे ने वित्तीय और वाणिज्यिक सेवाओं की पहुंच को बढ़ाया है।



निर्मला सीतारमण ●

- वित्त मंत्री ने कनाडाई निवेशकों को आमंत्रित किया
- विभिन्न क्षेत्रों में नए अवसर पैदा कर रहा संरचनात्मक बदलाव

भारत-कनाडा आर्थिक साझेदारी का उल्लेख करते हुए सीतारमण ने कहा कि भारतीय प्रवासी दोनों देशों के बीच एक रणनीतिक पुल का कार्य करते हैं। हाल के समय में दोनों देशों के संबंधों में उल्लेखनीय परिवर्तन आया है, जो साझा लोकतांत्रिक मूल्यों और बढ़ती आर्थिक सहभागिता द्वारा समर्थित है।

# हिंदुस्तान कापर के शेयर बेचकर सरकार ने तीन हजार करोड़ जुटाए

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** केंद्र सरकार ने हिंदुस्तान कापर के शेयरों की बिक्री के जरिये करीब तीन हजार करोड़ रुपये जुटाए हैं। निवेश और सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग के सचिव अरुणेश चावला ने एक्स पोस्ट में बताया कि कंपनी का आफर फार सेल (ओएफएस) बुधवार को उत्साहजनक प्रतिक्रिया के साथ सफलतापूर्वक बंद हुआ।

सरकार की ओर से हिंदुस्तान कापर लिमिटेड की छह प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने के लिए लाए गए इस ओएफएस में कुल 5,80,21,442 बिक्री के लिए पेश किए गए थे। एक्सचेंज के डाटा के अनुसार, ओएफएस के अंतिम दिन के अंत में कुल 41,56,68,400 शेयर खरीदने के लिए आवेदन आए। इस ओएफएस में शेयरों की बिक्री 514 रुपये प्रति इकाई के दर से की गई है। चालू वित्त वर्ष में सरकार ओएफएस के जरिये 55,700 करोड़ रुपये जुटा चुकी है।

# एपल-सैमसंग की स्मार्टफोन बिक्री में 26% हिस्सेदारी रही

**नई दिल्ली, आइएएनएस:** कैलेंडर वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही के दौरान वैश्विक स्मार्टफोन बिक्री में एपल और सैमसंग की 26 प्रतिशत हिस्सेदारी रही है और इसमें वार्षिक आधार पर दो प्रतिशत की वृद्धि हुई है। हालांकि, अप्रैल-जून 2026 तिमाही के दौरान स्मार्टफोन की कुल वैश्विक बिक्री में 11 प्रतिशत की गिरावट आई है।

काउंटरप्वाइंट रिसर्च की एक रिपोर्ट के अनुसार, दूसरी तिमाही के दौरान एपल का आइफोन-17 दुनिया का सबसे अधिक बिकने वाला स्मार्टफोन रहा है और कुल वैश्विक स्मार्टफोन बिक्री में इसकी छह प्रतिशत हिस्सेदारी रही है। रिपोर्ट के अनुसार, शीर्ष-10 स्मार्टफोन माडल में एपल और सैमसंग के पांच-पांच स्मार्टफोन रहे हैं। इससे पता चलता है कि लोग प्रीमियम और उच्च-वाल्यूम माडल की ओर ज्यादा आकर्षित हो रहे हैं। काउंटरप्वाइंट रिसर्च के शोध विश्लेषक कर्ण

**काउंटरप्वाइंट रिसर्च ने एक रिपोर्ट में कहा, आइफोन-17 वैश्विक स्तर पर सबसे ज्यादा बिकने वाला स्मार्टफोन रहा**

चौहान ने बताया कि बीती तिमाही के दौरान व्यापक बाजार में गिरावट के बावजूद एपल की स्मार्टफोन बिक्री में वार्षिक आधार पर पांच प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि भारत, जापान, पश्चिम एशिया और अफ्रीका में आइफोन की बिक्री बढ़ी, जबकि दक्षिण कोरिया में बिक्री लगभग दोगुना रही। इसमें आइफोन-17 सीरीज का प्रमुख योगदान रहा है। प्रीमियम उपकरणों की मजबूत मांग ने आइफोन-17 प्रो और प्रो मैक्स की बिक्री को भी बढ़ावा दिया है। आइफोन-19ई भी शीर्ष-10 स्मार्टफोन में शामिल रहा है। सैमसंग का गैलेक्सी एस26 सबसे अधिक बिकने वाला एंड्रायड स्मार्टफोन रहा है।

# पीएम जन-धन योजना : वित्तीय पहुंच से आर्थिक प्रगति तक

बारह साल पहले जब प्रधानमंत्री जन-धन योजना (पीएमजेडीवाई) की शुरुआत की गई थी, तब इसका उद्देश्य सीधा लेकिन क्रांतिकारी था- हर भारतीय को औपचारिक वित्तीय प्रणाली से जोड़ना। आज इस सफर पर पीछे मुड़कर देखने पर, मुझे जो बात सबसे ज्यादा प्रभावित करती है, वह न केवल इसकी विशाल सफलता है, बल्कि यह भी है कि वित्तीय समावेशन के मायने समय के साथ किस तरह बदल गए हैं।

योजना के तहत अब तक लगभग 59 करोड़ खाते खोले गए हैं और जमा राशि तीन लाख करोड़ को पार कर गई है। लाभार्थियों में से आधे से अधिक महिलाएं हैं और लगभग हर पांच में से चार (80 प्रतिशत) खाते ग्रामीण और अर्ध-शहरी शाखाओं में हैं। ये आंकड़े औपचारिक बैंकिंग के उल्लेखनीय विस्तार को दर्शाते हैं। इस प्रयास का एक बड़ा हिस्सा सरकारी बैंक संभाल रहे हैं और इनकी पीएमजेडीवाई खातों में लगभग 80 प्रतिशत हिस्सेदारी है। एसबीआइ के पास करीब 16 करोड़ पीएमजेडीवाई खाते हैं।

जब जन धन योजना की शुरुआत की गई थी, तब इन खातों को अक्सर 'जीरो-बैलेंस' खातों के रूप में देखा जाता था। आज, इन खातों में औसत जमा राशि पांच हजार रुपये को पार कर चुकी है। यह बदलाव बताता है कि लोग केवल बैंकिंग प्रणाली से जुड़ ही नहीं रहे हैं, बल्कि वे बचत करने, आय प्राप्त करने, भुगतान करने और अपनी वित्तीय सुदृढ़ता को मजबूत करने के लिए इसका लगातार उपयोग भी कर रहे हैं। मैंने देखा है कि किसी नए ग्राहक को बैंकिंग से जोड़ने का पहला कदम कितना कठिन हो सकता है। लेकिन मैंने यह भी देखा है कि पहला कदम उठाने के बाद क्या होता है। एक खाता औपचारिक वित्तीय प्रणाली के साथ एक बहुत व्यापक रिश्ते की शुरुआत बन सकता है। यहीं पर मुझे भविष्य का अवसर दिखाई देता है।

पहला चरण 'पहुंच' सुनिश्चित करने के बारे में था। अब हम उस



सीएस शेट्टी, एसबीआइ चेयरमैन

पहुंच को ग्राहक के साथ-साथ देश के लिए भी अधिक सार्थक और उपयोगी बना सकते हैं। हम इस व्यापक इकोसिस्टम की शुरुआत पहले ही देख चुके हैं। वित्तीय समावेशन का दायरा बैंक खाते से आगे बढ़कर प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई), प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) और अटल पेंशन योजना जैसे सरल बीमा और पेंशन उत्पादों तक फैल चुका है, जिससे परिवारों को बेहतर सुरक्षा और दीर्घकालिक वित्तीय आधार मिल रहा है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना और पीएम स्वनिधि जैसी पहलों के माध्यम से समावेशी ऋण भी इस यात्रा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया है।

अगले कुछ वर्ष इसे बहुत आगे ले जा सकते हैं, विशेष रूप से इसलिए क्योंकि भारत का डिजिटल वित्तीय बुनियादी ढांचा बहुत तेजी से विकसित हुआ है। हमारी अर्थव्यवस्था का एक बड़ा हिस्सा उन लोगों द्वारा संचालित होता है जो आर्थिक रूप से तो सक्रिय हैं, लेकिन वित्तीय रूप से अभी भी उनके पास पर्याप्त दस्तावेज नहीं हैं। पारंपरिक दस्तावेजों की कमी के कारण औपचारिक वित्तीय प्रणाली के लिए ऐसे ग्राहकों का मूल्यांकन करना हमेशा कठिन रहा है।

मैंने खुद देखा है कि कैसे एक स्वतंत्र बैंक खाता वित्तीय प्रणाली के साथ किसी महिला के जुड़ाव के तरीके को बदल सकता है। आज, संपूर्ण स्वयं सहायता समूह तंत्र 10 करोड़ से अधिक महिलाओं तक पहुंचता है। अब अगली चुनौती यह सुनिश्चित करना है कि उस अंतिम छोर तक पहुंचने वाले उत्पाद और सेवाएं लोगों के लिए उपयोगी, समझने में आसान और किफायती हों।

## अंतरराष्ट्रीय

# न्यूयार्क में संघ के कार्यक्रम का विरोध कर चौतरफा घिरे ममदानी

**न्यूयार्क, प्रेट्र:** अमेरिका के न्यूयार्क सिटी में भारतीय मूल के मुस्लिम मेयर जोहरान ममदानी ने कहा है कि वह मैडिसन स्क्वायर गार्डन में होने वाले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के कार्यक्रम का समर्थन नहीं करते जिसमें सरसंघचालक मोहन भागवत के भारतीय प्रवासियों को संबोधित करने वाले हैं। हालांकि, ममदानी ने यह भी कहा, शहर के पास निजी कार्यक्रम रद करने का अधिकार नहीं हो सकता है। ज्ञात हो मोहन भागवत आरएसएस के शताब्दी वर्ष के 'ग्लोबल आउटरीच' कार्यक्रम के तहत अमेरिका पहुंचे हैं। उनके दौरे में कनाडा व ब्रिटेन भी शामिल हैं। अमेरिका में भागवत 29 अगस्त को मैडिसन स्क्वायर गार्डन में पांच हजार लोगों की सभा को संबोधित करने वाले हैं।

34 वर्षीय ममदानी ने मंगलवार को एक प्रेस कांफ्रेंस में यह बात कही। आरएसएस के बारे में पूछे जाने पर कहा, एक बहिष्करणीय दृष्टिकोण पर आधारित आंदोलन के उदय को देखना अत्यंत परेशान करने वाला रहा है। वह इसे गहरे विरोध के साथ देखते हैं, न सिर्फ एक भारतीय-अमेरिकी के रूप में, बल्कि ऐसे शहर के मेयर के रूप में जो हर व्यक्ति की एकता में विश्वास करता है, चाहे उनका रंग, धर्म, विश्वास या उत्पत्ति कुछ भी हो। ज्ञात हो, ममदानी भारतीय मूल की फिल्म निर्माता मीरा नायर व युगांडा के अकादमिक महमूद ममदानी के बेटे हैं।

**मेजबान ट्रस्ट भागवत के समर्थन में आया :** अमेरिका में भागवत के कार्यक्रम "यूनिवर्सल ओनेस सेलिब्रेशन" की मेजबानी कर रहा 'अहेड फोरम' सार्वजनिक नीति व अनुसंधान ट्रस्ट है। उसने एक पोस्ट में कहा, मोहन भागवत की यात्रा कालातीत व सार्वभौमिक संदेश लेकर आती है। दुनिया एक परिवार है और लोगों से "कृत्रिम विभाजनों और भिन्नताओं को पार करने का आह्वान किया। संघ के संयुक्त महासचिव सीआर मुकुंद ने गत सप्ताह कहा था कि भागवत की विदेश यात्रा का उद्देश्य "भारत, हिंदू समाज और संघ पर एक तथ्यात्मक और सकारात्मक दृष्टिकोण प्रस्तुत करना" है।

- मोहन भागवत की यात्रा पर न्यूयार्क के मेयर बोले- रैली का समर्थक नहीं



जोहरान ममदानी।

### ममदानी का रुख उनके बहुलवाद के विपरीत : भाजपा

भाजपा नेताओं ने जोहरान ममदानी की टिप्पणियों की आलोचना की है। भाजपा नेता नलिन कोहली ने कहा, कार्यक्रम का विरोध करना ममदानी के बहुलवाद के रुख के साथ असंगत है। यदि ममदानी बहुलवाद का समर्थन करते हैं, तो उन्हें न्यूयार्क में संघ प्रमुख मोहन भागवत की रैली का विरोध नहीं करना चाहिए। मुंबई में भाजपा विधायक राम कदम ने कहा कि लोगों को संघ या उसकी विचारधारा के बारे में निष्कर्ष निकालने से पहले भागवत के विचारों को सुनना चाहिए। विदेश में रह रहे भारतीय मूल के लोग उन्हें बिना सुने ही कोई निष्कर्ष निकालते हैं तो वह कैसी विचारधारा को दर्शाता है।



नलिन कोहली।

### एंटी-मोदी मूर्खता के लिए खुद की रैली करें : मैरी मिलीबेन

अमेरिकी गायिका मैरी मिलीबेन ने कहा, "मेरी सलाह ममदानी व उनके समूह को है, पूंजीवादी बन पैसे जुटाएं, मैडिसन ग्राउंड किराए पर लें और अपनी एंटी-मोदी मूर्खता के लिए खुद की रैली आयोजित करें।" मिलीबेन ने भागवत के कार्यक्रम का विरोध करने वाले ममदानी को निशाना बनाते हुए कहा, विरोधी सिर्फ नरेन्द्र मोदी और भाजपा के प्रति शत्रुता से प्रेरित हैं। मिलीबेन ने कहा, "ममदानी और ये सभी समाजवादी पागल भागवत के कार्यक्रम का विरोध कर रहे हैं क्योंकि वे पीएम @नरेन्द्रमोदी और @बीजेपी4इंडिया का विरोध करते हैं।"



मैरी मिलीबेन।

# फेसबुक-इंस्टाग्राम के बच्चों की सुरक्षा संबंधी दावों के लिए 16.68 अरब डालर देगा मेटा

**नई दिल्ली, आइएएनएस :** मेटा प्लेटफार्म ने अमेरिका के 29 राज्यों द्वारा लाए गए उन दावों को निपटाने के लिए 16.68 अरब डालर तक का भुगतान करने पर सहमति जताई है, जिसमें आरोप लगाया गया था कि फेसबुक और इंस्टाग्राम बच्चों के लिए आकर्षक बनाने के लिए डिजाइन किए गए थे, उपयोगकर्ताओं को प्लेटफार्म की सुरक्षा के बारे में गलत जानकारी दी गई और नाबालिगों से व्यक्तिगत डाटा गलत तरीके से एकत्र किया गया। यह समझौता कैलिफोर्निया में एक संघीय परीक्षण के दौरान किया गया। इस समझौते से बच्चों और किशोरों पर इंटरनेट मीडिया के प्रभाव के संबंध में सबसे चर्चित कानूनी लड़ाइयों में से एक का अंत हुआ।

समझौते के हिस्से के रूप में, मेटा अमेरिका में फेसबुक और इंस्टाग्राम के किशोर उपयोगकर्ताओं के लिए दैनिक उपयोग सीमाएं और रात के समय में पहुंच पर प्रतिबंध जैसे बदलाव भी लागू करेगा। हालांकि, कंपनी ने समझौते के हिस्से के रूप में किसी भी गलत काम और जिम्मेदारी से इन्कार किया है। समझौते की खबर के बाद मेटा के शेयरों में प्री-मार्केट ट्रेडिंग में 4.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

इस मामले में आरोप लगाया गया था कि मेटा ने कैलिफोर्निया, कोलोरेडो, केंटकी और न्यू जर्सी में उपभोक्ता संरक्षण कानूनों का उल्लंघन किया। राज्यों ने यह भी आरोप लगाया कि मेटा ने संघीय बच्चों की आनलाइन गोपनीयता संरक्षण अधिनियम का उल्लंघन किया। बच्चों के डाटा का उपयोग मशीन-लर्निंग और जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस माडल को प्रशिक्षित करने के लिए किया।

मेटा ने लगातार इन आरोपों से इन्कार किया है और कहा है कि उसने अपने प्लेटफार्म पर युवा उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा के लिए व्यापक उपाय किए हैं। कंपनी ने यह भी तर्क दिया कि वह अपनी सेवाओं को आकर्षक बताकर उपभोक्ताओं को गलत जानकारी नहीं दे सकती, क्योंकि "इंटरनेट मीडिया की लत" को औपचारिक रूप से एक मनोवैज्ञानिक स्थिति के रूप में मान्यता प्राप्त नहीं है। परीक्षण से पहले, मेटा ने कहा था कि चार राज्यों ने 1.4 ट्रिलियन डालर तक के दंड की मांग की थी।

- कंपनी पर 29 अमेरिकी राज्यों ने मिलकर किया था मुकदमा
- बच्चों को इन प्लेटफार्म की लत लगाने का लगाया गया था आरोप



प्रतीकात्मक

# बांग्लादेश में एक और हिंदू परिवार लापता

**ढाका, आइएएनएस:** बांग्लादेश में एक और विचलित करने वाली घटना में चांदपुर शहर से दो बच्चों समेत एक हिंदू परिवार के चार सदस्य लापता हो गए हैं। इनमें व्यवसायी पिंटू दास, उनकी पत्नी रिमी, बड़े बेटे प्रियाम और छोटे बेटे रूपम दास शामिल हैं। परिवार के करीबी रिश्तेदार और चांदपुर जिला हिंदू बौद्ध क्रिश्चियन स्टूडेंट्स यूनिटी काउंसिल के संयुक्त संयोजक उपमा डे ने लापता होने की पुष्टि की। पिंटू दास चांदपुर में किराए पर मकान लेकर परिवार के साथ रहते थे। वह भारी कर्ज में थे।

बांग्लादेश के प्रमुख समाचार पत्र दैनिक कलबेला की रिपोर्ट के अनुसार, पिंटूदास के रिश्तेदारों को हाल ही में पता चला कि पटवारी परिवार के एक सदस्य ने उन्हें धमकी दी थी। इसके बाद से पिंटू दास, उनकी पत्नी और उनके दो बेटे लापता हैं। चांदपुर सदर माडल पुलिस स्टेशन के अधिकारी ने कहा, पिंटू दास सहित उनके परिवार के चार सदस्यों के लापता होने के मामले की जांच की जाएगी और उन्हें बचाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।"

- चांदपुर शहर से दो बच्चों समेत परिवार के चार सदस्य गायब
- पिछले दिनों रंगपुर में हिंदू परिवार को गायब कर हत्या की थी

उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले रंगपुर शहर में एक सेवानिवृत्त हिंदू स्कूल शिक्षक, उनकी पत्नी, बेटी और 12 वर्षीय बेटे की बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने सोमवार को इस संबंध में दो युवकों को गिरफ्तार किया है।

इस बीच, फ्रांस में स्थित प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन जस्टिस मेकरस बांग्लादेश (जेएमबीएफ) ने हिंदू परिवार के चार सदस्यों की हत्या पर कहा कि धार्मिक चरमपंथी या उग्रवादी संबंधों की संभावना की तत्काल जांच की जानी चाहिए।

# रूस के गैस संयंत्र में लगी आग, चीन के छह नागरिकों समेत सात मरे

**मास्को, रायटर :** रूस के अमूर इलाके में गैस-केमिकल परिसर में आग लगने से छह चीनी नागरिकों समेत सात लोगों की मौत हो गई। नौ अन्य चीनी श्रमिक लापता हैं। कंपनी ने बुधवार को टेलीग्राम मैसेजिंग एप पर बताया कि घायल 152 लोगों का इलाज किया गया है। आग मंगलवार को लगी थी। आग को बुझा दिया गया है।

रूस की जांच समिति ने कहा कि वह औद्योगिक सुरक्षा नियमों के संभावित उल्लंघन को लेकर जांच कर रही है। आग के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। इस परिसर को दुनिया के सबसे बड़े पालीइथिलीन और पालीप्रोपाइलीन निर्माताओं में से एक बताया जाता है। यह रूसी कंपनी सिबुर और चीनी तेल और गैस कंपनी सिनोपेक की संयुक्त परियोजना है। इस परियोजना के तहत उत्पादन शुरू करने की तैयारी चल रही थी। अमूर गैस रासायनिक परिसर से हर साल 2.3 मिलियन मीट्रिक टन पालीथीन और चार लाख टन पालीप्रोपिलीन का उत्पादन होने की उम्मीद है।



रूस के अमूर इलाके में गैस-केमिकल परिसर में बुधवार को आग लगने के बाद कर्मचारी भागते हुए नजर आए। रायटर

# इस्लामाबाद के सरकारी अस्पताल में आग लगने से 14 नवजात शिशुओं की मौत

**इस्लामाबाद, प्रेट्र :** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में स्थित पाकिस्तान इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज की के गायनोकोलाजी वार्ड में बुधवार सुबह करीब सात बजे बड़ा हादसा हुआ। अस्पताल की तीसरी मंजिल पर स्थित 'मदर एंड चाइल्ड वार्ड' में आग लगने से 14 नवजात शिशुओं की झुलसकर मौत हो गई। शुरुआती जांच में आग लगने की वजह शार्ट सर्किट बताई जा रही है, जो वार्ड में मौजूद आक्सीजन लाइनों के कारण तेजी से फैल गई।

अस्पताल की प्रवक्ता डा. अनीजा जलील के अनुसार, घटना के समय वार्ड में15 नवजात शिशु मौजूद थे, जिनमें से एक बच्चे को एक डाक्टर ने बाहर निकाल लिया। सूचना मिलते ही मौके पर दमकल की छह गाड़ियां और चार एंबुलेंस भेजी गईं, जिन्होंने आग पर काबू पाया। अधिकारियों के मुताबिक, शवों की पहचान न हो पाने की स्थिति में माता-पिता के डीएनए सैंपल लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

**उच्चस्तरीय जांच के आदेश और नेताओं की प्रतिक्रिया :** राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने इस घटना पर शोक व्यक्त करते हुए इसे अपूरणीय क्षति बताया है। घटना के बाद पीएम शहबाज शरीफ ने इस्लामाबाद प्रशासन की उच्चस्तरीय बैठक बुलाई और घटना पर गहरा दुख जताया। उन्होंने जांच के आदेश देते हुए लापरवाही बरतने वालों पर कड़ी कार्रवाई की बात कही है। पीएम को 14 घंटे के भीतर प्रारंभिक रिपोर्ट सौंपे जाने के निर्देश दिए गए हैं। अतिरिक्त उपायुक्त जनरल की अध्यक्षता में एक जांच समिति का गठन कर दिया है जो सभी पहलुओं की गहनता से जांच करेगी।

- अस्पताल के गायनोकोलाजी वार्ड में आग लगने से मची अफरा-तफरी, वार्ड में भर्ती थे 15 बच्चे




इस्लामाबाद में अस्पताल में आग की घटना में मारे गए बच्चे का ताबूत ले जाते समय रो रहा बच्चे का पिता। एपी »

## संपादकीय

# उसनवीरांना लगाम !

**मंत्री** कार्यालयात उसनवारीवर म्हणजेच 'लोन बेसिस'वर अधिकारी-कर्मचारी नेमण्याला चाप लावण्याचा मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस यांनी घेतलेला निर्णय निश्चितच स्वागतार्ह आहे. या निर्णयावर टाळ्यांचा कडकडाट करण्याआधी एक प्रश्न विचारावाच लागेल- हा आदेश कागदावरच राहणार की प्रत्यक्षात मंत्र्यांच्या मनमानीला लगाम घालणार? कारण प्रशासनात आदेश निघणे ही नवी गोष्ट नाही; आदेशांची अंमलबजावणी होणे ही खरी दुर्मीळ गोष्ट आहे. आदेशाची अंमलबजावणी करताना फोन येतात, विनंत्या होतात, शिफारशी होतात, दबाव येतो आणि 'हा आमचा माणूस आहे', 'याला ठेवून घ्या', 'याच्याशिवाय कार्यालय चालणार नाही', अशा सबबी पुढे केल्या जातात. त्यावेळी मुख्यमंत्री कार्यालय किती ठाम राहते, यावर या निर्णयाचे खरे यश अवलंबून आहे. म्हणून कालच्या निर्णयासाठी मुख्यमंत्री कार्यालयाला दहापैकी दहा गुण देण्याची घाई करू नये. सध्या सहा गुण देता येतील. उरलेले चार गुण १५ सप्टेंबरनंतरच्या अंमलबजावणीसाठी राखून ठेवावेत. आणि कोणत्याही मंत्र्याचा दबाव न जुमानता एकही अनधिकृत कर्मचारी मंत्री कार्यालयात राहणार नाही, हे सिद्ध झाले तर दहापैकी दहा गुण देण्यात कंजूषी करण्याचे कारण नसेल. 'उसनवारी' म्हणजे दुसऱ्या विभागातील कर्मचारी आपल्या मंत्री कार्यालयात आणणे. काही वेळा तर स्वतःच्या विभागातील कर्मचाऱ्यांनाही मंजूर आकृतिबंधाच्या बाहेर जाऊन मंत्री कार्यालयात बसविले जाते. विशेष म्हणजे अशा कर्मचाऱ्यांचा पगार त्यांच्या मूळ विभागातूनच निघत राहतो. म्हणजे माणूस दुसरीकडे, पगार तिसरीकडे आणि जबाबदारी मात्र कोणाचीच नाही, अशी व्यवस्था! याहून धोकादायक बाब म्हणजे एखाद्या उसनवारीवरील कर्मचाऱ्याने मंत्री कार्यालयात काही गडबड केली तर त्याची जबाबदारी स्वीकारण्याऐवजी 'तो आमच्या विभागाचा कर्मचारी नाही', असे सांगून हात झटकण्याची सोयही उपलब्ध असते. प्रशासनात अशी जबाबदारीविरहित व्यवस्था उभी राहिली तर गैरप्रकारांना खतपाणी मिळणार नाही तर काय? राज्य शासनाने कॅबिनेट मंत्र्यांच्या कार्यालयासाठी पीएसपासून शिपायापर्यंत एकूण १५ पदांचा आकृतिबंध निश्चित केला आहे. राज्यमंत्र्यांच्या कार्यालयासाठी १२ पदे मंजूर आहेत. या मर्यादेपलीकडे कर्मचारी घेता येत नाहीत. पण नियमांच्या चौकटीत काम करणे काहींना जड जाते आणि मग नियमांना चुकविण्यासाठी 'उसनवारी'ची पळवाट शोधली जाते. फडणवीस सरकारच्या काळात मंत्र्यांची संख्या ४० आणि उसनवारीवरील कर्मचारी तब्बल ३३० असल्याचे चित्र समोर येत असेल, तर ही बाब केवळ आकडेवारी म्हणून दुर्लक्षित करता येणार नाही. याचा अर्थ सरासरी प्रत्येक मंत्री कार्यालयात आकृतिबंधाबाहेर सुमारे आठ कर्मचारी कार्यरत होते. काही कार्यालयांनी तर या मर्यादेची अक्षरशः खिल्ली उडवत २०-२० जणांची फौज उभी केली. या उसनवीरांपैकी काही जण मंत्र्यांची वैयक्तिक कामे, काही राजकीय कामे, काही 'विशेष' कामे आणि काही अधिकाऱ्यांशी संपर्काची कामे करतात, अशी चर्चा मंत्रालयात कायम असते. मंत्र्यांचे किंवा बड्या अधिकाऱ्यांचे नातेवाईक, राजकीय जवळीक असलेले लोक किंवा 'वेगळी कामे' करून देण्याची हातोटी असलेले काही कलाकार अशा व्यवस्थेत शिरकाव करतात, हीच खरी चिंतेची बाब आहे. म्हणूनच मुख्यमंत्री कार्यालयाने या उसनवारीवरील कर्मचाऱ्यांच्या कामकाजाची, त्यांच्या वर्तणुकीची, ते कोणाला भेटतात, कोणत्या स्वरूपाची कामे करतात याची माहिती गेल्या काही महिन्यांत गोपनीयपणे घेतली आणि त्यातूनच कालचा निर्णय झाला असे म्हणतात. दुर्दैवाने काही वेळा पीए-पीएस-ओएसडी मंत्र्यांना बिघडवतात आणि काही वेळा मंत्रीच त्यांना बिघडायला भाग पाडतात. दोन्ही परिस्थिती धोकादायक आहेत. पीएस आणि ओएसडी यांच्यासाठी कामकाजासोबत नैतिकतेचे प्रशिक्षण दीड वर्षांपूर्वी पुण्यात झाले होते. नियम, प्रक्रिया, गोपनीयता, हितसंबंधांचा संघर्ष, सरकारी साधनांचा गैरवापर, राजकीय दबावाला कसे सामोरे जावे आणि मंत्र्यांनी चुकीचे काम सांगितल्यास नम्रपणे पण ठामपणे 'हे नियमबाह्य आहे' हे कसे सांगावे याचे प्रशिक्षण नियमित झाले पाहिजे. सरकारी सेवेत कौशल्य महत्त्वाचे आहे; पण नैतिकता त्याहून महत्त्वाची आहे. मंत्री कार्यालये ही सत्तेची छोटी साम्राज्ये बनू लागली तर मंत्रालय हळूहळू शासनाचे केंद्र न राहता वैयक्तिक प्रभावाचे केंद्र बनते आणि तिथून भ्रष्टाचाराची सुरुवात होते. मुद्दा सत्तेच्या उत्तरदायित्वाचा आहे. नियम मोडून माणसे जमा करणे म्हणजे शासन चालविणे नव्हे. आणि आपल्या सोयीचे लोक सरकारी व्यवस्थेत बसविणे म्हणजे लोकसेवा तर अजिबातच नव्हे. उसनी माणसे तर परत गेलीच पाहिजेत, पण प्रशासनात आलेली उसनी अनैतिकता हद्दपार होणे अधिक महत्त्वाचे आहे.

# भारत 'खेड्या'तून 'शहरा'त राहायला चालला...

**लोकसंख्या मोठ्या प्रमाणात शहराकडे वळली तरी भारताच्या राजकारणाची चौकट प्रामुख्याने ग्रामीणच राहिली आहे. शहरांकडे दुर्लक्ष परवडणारे नाही.**



शशी थरूर
ज्येष्ठ काँग्रेस नेते, खासदार

**१९८० पासून** जगाचे स्वरूप आमूलाग्र बदलत चालले आहे. मानवी इतिहासात प्रथमच जगाची निम्म्याहून जास्त लोकसंख्या आज शहरात राहते. १९९० साली केवळ २५ टक्के भारतीय शहरात राहत होते. आज एक तृतीयांश लोक शहरवासी बनले असून, येत्या दशकभरात देशातील ४० टक्के माणसे शहरी वस्त्यांत राहू लागतील, असा अंदाज आहे. याचा अर्थ 'भारत खेड्यांत वसतो' या गांधींच्या संकल्पनेपासून आपण दूर चाललो आहोत.

भारताच्या नागरीकरणासाठी नियोजनपूर्वक प्रयत्न केले गेले. जागतिक अर्थसंस्थांनी त्याला चालना दिली. भारताने शहरांकडे विकासाची इंजिने म्हणून पाहावे, असा आग्रह १९९१च्या उदारीकरणानंतर आंतरराष्ट्रीय नाणेनिधी आणि जागतिक बँकेने धरला. त्यातून देशातील ढासळत्या पायाभूत सुविधांच्या आधुनिकीकरणासाठी, महत्त्वपूर्ण उपक्रमांची एक मालिकाच सुरू झाली. १९९३ची 'मेगा सिटी स्कीम' हा त्यातील पहिला प्रयत्न. त्याद्वारे, उदारीकरणानंतर आलेली नागरीकरणाची पहिली लाट पेलण्यासाठी पाच महानगरांकडे बराच निधी वळवला गेला. २००५चे 'जवाहरलाल नेहरू नागरी पुनरुत्थान', नंतर 'अटल नागरी कायाकल्प आणि शहरी परिवर्तन अभियान' आणि 'स्मार्ट सिटी अभियान' अशा विविध प्रयत्नांमधून डिजिटली एकात्मिक अशी शाश्वत नागरी केंद्रे निर्माण करण्याचे प्रयत्न झाले.

शहरांकडे होणारे स्थलांतर हा केवळ पत्त्यातील बदल नसतो. त्याला मानसिक आयाम असतात. खेड्यात व्यक्तीची ओळख पक्की असते. जात, कुटुंब आणि जमिनीद्वारे ती वारशाने मिळते. शहरातली ओळख प्रवाही असते. भारतीय तरुणाच्या दृष्टीने शहरात एकटेपण जाणवले तरी अनामिकतेमुळे स्वातंत्र्य आणि पारंपरिक उतरंडीचे ओझे झुगारून देण्याची संधीही मिळते. यातून नवी आकांक्षा तयार झाली आहे.

आता सुगीचे पीक नव्हे तर उपभोग, संपर्कसुलभता आणि गतिशीलता ही यशाची मोजपट्टी बनली आहे. मात्र, त्यातून दबावांचा एक विचित्र गुंता तयार होतो. शहरी तरुणांना त्यांच्या पूर्वजांपेक्षा कितीतरी अधिक स्वातंत्र्य लाभले आहे. परंतु, कंत्राटी (गिग) अर्थव्यवस्था, वाढती घरभाडी आणि चाळी किंवा उंच इमारतीतील दाटीवाटीची घरे अशा अडचणींना तोंड देतच त्यांचे आयुष्य चालले आहे.



शहरीकरणामुळे सामाजिक संकेतही बदलले आहेत. पारंपरिक कुटुंबरचनेची जागा आता विभक्त कुटुंब पद्धतीने घेतली आहे. शहरी जीवनात सक्तीची सामाजिक विभागणी झाली आहे. बंद फाटकांआड समृद्धीची बेटे वाढत आहेत. भोवतालच्या झोपडपट्टीपासून रक्षण म्हणून पैसेवाले स्वतःभोवती उंच भिंती उभारतात. त्यातून विखंडित सामाजिक भान निपजते. 'ते लोक' दिसत तर असतात, पण त्यांच्याशी मिसळणे अशक्य केले जाते.

समूहासमूहांतील संघर्ष हा शहरीकरणाने निर्माण केलेला एक गंभीर प्रश्न आहे. भारतात पूर्वीपासूनच सांप्रदायिक हिंसा प्रामुख्याने शहरांतच होत आलेली आहे. आधुनिकतेचा बुरुज म्हणवले जाणारे शहर जुन्या वैरांचे रणमैदान कसे काय बनू शकते? कारण शहरी अवकाशात विविधता एकवटते, पण त्याचबरोबर स्पर्धाही तीव्र होत असते. जमीन, पाणी, रोजगार ही संसाधने कमी पडू लागली की, अस्मिता हे माणसे जमवण्याचे साधन बनू लागते.

शहरातील निनावीपण हेच हत्यार बनू शकते. खेड्यात प्रत्येकजण प्रत्येकाला ओळखत असतो. शहरात मात्र शेजाऱ्यातील माणूसपण डोळ्याआड करणे सहजशक्य असते. अस्ताव्यस्त नगरनियोजनामुळे बनलेल्या समुदायनिहाय वस्त्या ध्रुवीकरणाला पोषक ठरतात. सामायिक अवकाशच उपलब्ध नसल्यामुळे वेगवेगळे समूह आपापले समांतर जीवन जगत राहतात. केवळ व्यवहारापुरताच त्यांचा संबंध उरतो. हिंसाचाराला प्रतिबंध घालणारा सामाजिक परस्परविश्वास त्यामुळे क्षीण होतो.

शासन व्यवस्थेत शहरी व ग्रामीण अशी दरी निर्माण होणे हा शहराकडे आलेल्या ओघाचा सर्वात महत्त्वाचा राजकीय परिणाम होय. लोकसंख्या मोठ्या प्रमाणात शहराकडे वळली तरी भारताच्या राजकारणाची चौकट प्रामुख्याने ग्रामीणच राहिली आहे. अनुदाने, राजकीय भाषणबाजी आणि निवडणुकांचे डावपेच ग्रामीण मतदार डोळ्यासमोर ठेवूनच आखले जातात. नागरी मतदाराकडे राजकीय भागीदार म्हणून नव्हे तर प्रामुख्याने कराचा स्रोत म्हणूनच पाहिले जाते. शहरी गरजांना तत्परतेने प्रतिसाद देणारे राजकारण आकाराला आणण्यासाठी अनेक विधायक बदल घडायला हवेत.

भारताचे भविष्य यापुढे शहरातच घडणार आहे. तिथेच तरुणाई नवनवे उपक्रम करेल. तिथेच आपल्यातील सामाजिक उच्च-नीचतेला आव्हान मिळेल आणि आपल्या लोकशाहीची अग्निपरीक्षा तिथेच होत राहील. शहरी भागाच्या वैशिष्ट्यपूर्ण गरजांकडे दुर्लक्ष केले तर केवळ दुभंगलेली शहरे आणि सामाजिक असंतोष आपल्या वाट्याला येईल.

## अन्वयार्थ

# वेदांतात विज्ञान शोधायचे आहे, की विज्ञान नाकारायचेच आहे?

**भारतीय ज्ञानपरंपरेचा गौरव म्हणजे प्रत्येक प्राचीन संकल्पनेला आधुनिक विज्ञानाचे प्रमाणपत्र देणे नव्हे. चिकित्सक विचार हीच शिक्षणाची फलश्रुती असायला हवी.**



नंदकिशोर पाटील
संपादक, लोकमत, छत्रपती संभाजीनगर

**शाळा-महाविद्यालयांचा** वर्ग हा कोणत्याही राजकीय विचारसरणीचा आखाडा नसतो. ती पुढच्या पिढीला प्रश्न विचारायला, तर्क करायला आणि मतभेद समजून घ्यायला शिकवणारी प्रयोगशाळा असते. म्हणूनच इयत्ता अकरावी-बारावीच्या राज्यशास्त्राच्या पाठ्यपुस्तकांची निर्मिती करणाऱ्या समितीच्या रचनेवरून उपस्थित झालेले प्रश्न केवळ एका समितीपुरते मर्यादित नाहीत, तर ते थेट शिक्षणाच्या तटस्थतेशी आणि विद्यार्थ्यांच्या वैचारिक स्वातंत्र्याशी संबंधित आहेत.

राष्ट्रीय शैक्षणिक संशोधन आणि प्रशिक्षण परिषदेने (एनसीईआरटी) राज्यशास्त्र विषयाच्या पाठ्यपुस्तक निर्मिती समितीची पुनर्रचना केली आहे. वीस सदस्यांच्या या समितीत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आणि त्यांच्याशी संबंधित संघटनांशी थेट किंवा अप्रत्यक्ष संबंध असलेल्या काही व्यक्तींचा समावेश करण्यात आला आहे. ही बाब योगायोग आहे की, एका विशिष्ट वैचारिक दिशेने अभ्यासक्रमाला वळविण्याचा प्रयत्न, हा प्रश्न स्वाभाविकपणे उपस्थित होतो. अर्थात, विशिष्ट संस्थेशी संबंधित असणे हे थेट अपात्रतेचे कारण ठरू शकत नाही; परंतु अशा समितीत वैचारिक विविधता आणि पारदर्शकता किती आहे, हा खरा कसोटीचा मुद्दा आहे.

भारतीय शिक्षण व्यवस्थेला वसाहतवादी चौकटीतून बाहेर काढण्याची गरज आहे, यात दुमत असण्याचे कारण नाही. मेकॉलेच्या शिक्षण पद्धतीवर टीका करताना भारतीय ज्ञानपरंपरेचे योगदान दुर्लक्षित करता येणार नाही. आर्यभट्ट, बौधायन, पाणिनी, चरक, सुश्रुत, वराहमिहिर, ब्रह्मगुप्त आणि भास्कराचार्य यांसारख्या विद्वानांचे योगदान विद्यार्थ्यांना समजलेच पाहिजे. वेद, उपनिषदे, भारतीय तत्त्वज्ञान, गणित, खगोलशास्त्र, वैद्यक आणि भाषाविज्ञान या क्षेत्रांतील भारताची परंपरा अभ्यासक्रमात स्थान मिळवण्यास नक्कीच पात्र आहे.

पण येथेच एक महत्त्वाची सीमारेषा आखावी लागेल. भारतीय ज्ञानपरंपरेचा गौरव करणे आणि प्रत्येक प्राचीन संकल्पनेला आधुनिक विज्ञानाचे प्रमाणपत्र देणे, या दोन वेगळ्या गोष्टी आहेत. आर्यभट्टांचे खगोलशास्त्रीय योगदान वैज्ञानिक पद्धतीने शिकवता येते; त्याचप्रमाणे वेदांतातील आत्मा, ब्रह्म, चेतना किंवा विश्वविषयक चिंतनाचा तत्त्वज्ञान म्हणून अभ्यास करता येतो. मात्र, त्यांना आधुनिक भौतिकशास्त्राशी थेट समान ठरवणे हा विज्ञानाचा नव्हे, तर श्रद्धेचा विषय ठरेल. शिक्षणाला अशा गोंधळापासून वाचवणे आवश्यक आहे.

म्हणूनच प्रश्न केवळ 'भारतीय ज्ञान' अभ्यासक्रमात असावे की नसावे, हा नसून भारतीय ज्ञानाची निवड कोणत्या निकषांवर होणार? 'भारतीयत्व' म्हणजे नेमके काय? भारतीय संस्कृती म्हणजे केवळ एका धर्माची किंवा एका परंपरेची मक्तेदारी आहे का? भारताच्या हजारो वर्षांच्या इतिहासातील बौद्ध, जैन, चार्वाक, भक्ती, सूफी, आदिवासी, लोकपरंपरा आणि विविध प्रादेशिक ज्ञानपरंपरांना त्यात समान स्थान मिळणार आहे का?

राज्यशास्त्राचा विषय तर या प्रश्नांपेक्षा अधिक संवेदनशील आहे. विद्यार्थ्यांना कोणत्याही एका विचारधारेचे अनुयायी बनवणे हा त्याचा उद्देश नाही. लोकशाही, राज्यघटना, स्वातंत्र्य, समानता, न्याय, धर्मनिरपेक्षता, संघराज्यवाद, मूलभूत अधिकार, नागरिकांचे कर्तव्य आणि विविध राजकीय विचारसरणी यांचे चिकित्सक आकलन करून देणे, हा त्याचा केंद्रबिंदू असला पाहिजे. विद्यार्थ्याने डाव्या विचारसरणीवरही प्रश्न विचारावेत आणि उजव्या विचारसरणीवरही. सत्ताधाऱ्यांच्या भूमिकेचेही परीक्षण करावे आणि विरोधकांच्या भूमिकेचेही. अंधस्वीकार नव्हे, चिकित्सक विचार ही शिक्षणाची खरी फलश्रुती असली पाहिजे. अभ्यासक्रम कालानुरूप बदलणे ही स्वाभाविक प्रक्रिया आहे. पण बदलामागचे कारण, निकष आणि तज्ज्ञांची भूमिका सार्वजनिक केली जात नसेल, तर संशयाला खतपाणी मिळते. शिक्षणात पारदर्शकता नसेल तर वैचारिक हस्तक्षेपाचा आरोप अपरिहार्य ठरतो.

जागतिक स्पर्धेच्या युगात तर ही बाब अधिक गंभीर आहे. जगातील उत्तम शिक्षणपद्धती विद्यार्थ्यांना केवळ माहिती देत नाहीत; त्या त्यांना प्रश्न विचारायला शिकवतात. इतिहासातील एखादी घटना पाठ करण्यापेक्षा तिची कारणे, परिणाम आणि विविध दृष्टिकोन समजून घेणे अधिक महत्त्वाचे आहे. विज्ञानातील निष्कर्ष स्वीकारण्यापेक्षा त्यामागील पुरावा आणि पद्धत समजून घेणे महत्त्वाचे आहे. भविष्यातील नागरिकाला केवळ 'आपण महान होतो' हे सांगणे पुरेसे नाही; त्याला 'आपण कुठे चुकलो?' हा प्रश्नही विचारण्याची ताकद शिक्षणाने दिली पाहिजे.

सत्ताधारी पक्ष बदलतात, सरकारे बदलतात, विचारसरणींचे राजकीय प्रभावही बदलतात. पण एकदा विद्यार्थ्यांच्या मनात एकांगी इतिहास आणि एकरेषीय विचार रुजला की, त्याचे परिणाम दीर्घकाळ टिकतात. म्हणूनच अभ्यासक्रम कोणत्याही सरकारचा किंवा पक्षाचा वैचारिक दस्तऐवज होऊ नये. ज्ञानपरंपरेचा अभिमान असायलाच हवा; पण त्याला चिकित्सक बुद्धीची जोड हवी. राज्यघटनेची मूल्ये, वैज्ञानिक दृष्टिकोन, धर्मनिरपेक्षता, सामाजिक न्याय आणि वैचारिक बहुविधता ही शिक्षण व्यवस्थेची मूलभूत चौकट असली पाहिजे.

nandu.patil@lokmat.com

## जगभर

# उसेन बोल्टचा विश्वविक्रम नवख्याकडून मोडीत !

**उसेन** बोल्ट. जगातला आजवरचा सर्वोत्तम विश्वविक्रमी धावपटू. १६ ऑगस्ट २००९ रोजी वर्ल्ड ॲथलेटिक्स चॅम्पियनशिप स्पर्धेत जर्मनीमधील बर्लिन शहरात त्यानं शंभर मीटर धावण्याचा विश्वविक्रम केला होता. या स्पर्धेत त्यानं केवळ ९.५८ सेकंदात ही शर्यत पूर्ण करताना स्वतःचाच पूर्वीचा विक्रम मोडला. एखादा माणूस इतक्या कमी वेळेत शंभर मीटर शर्यत पूर्ण करू शकेल यावर तोपर्यंत कोणाचाही विश्वास नव्हता. हा विक्रम पुढेही कोणाच्या आवाक्यात नाही, असं मानलं जात आहे..

पण चीनमध्ये नुकतंच एक आश्चर्य घडलं आणि त्यामुळे सगळ्या जगानं आश्चर्यानं तोंडात बोटं घातली आहेत. उसेन बोल्टचा शंभर मीटर धावण्याच्या शर्यतीचा विक्रम तिथे एका धावपटूनं सहजपणे मोडीत काढला आहे. त्यानं शंभर मीटर शर्यतीत ९.३९ सेकंदाची वेळ नोंदवत उसेन बोल्टचा विक्रम मोडीत काढून नवा विश्वविक्रम केला आहे. पण अर्थातच त्याचा हा विक्रम कोणी मानवानं नव्हे, तर रोबोटनं मोडला आहे.

चीनची राजधानी बीजिंगमध्ये झालेल्या 'दुसऱ्या वर्ल्ड ह्यूमनॉइड रोबोट गेम्स'मध्ये शंभर मीटर शर्यतीतील वेगाचा हा नवा टप्पा गाठला गेला आहे. चीनच्या सिंघुआ युनिव्हर्सिटीच्या 'तियानझुओ' टीमने विकसित केलेल्या 'लाइटनिंग' या ह्यूमनॉइड रोबोटनं उसेन बोल्टचा विक्रम मोडीत काढला.

आश्चर्याची गोष्ट म्हणजे गेल्या वर्षी याच स्पर्धेत रोबोटच्या शंभर मीटर धावण्याची सर्वोत्तम वेळ २१.५० सेकंद होती. अवघ्या एका वर्षात ही वेळ ९.३९ सेकंदांपर्यंत खाली आली. रोबोटच्या हालचाली, संतुलन, मोटर नियंत्रण, कृत्रिम बुद्धिमत्ता आणि ऊर्जा व्यवस्थापनामध्ये क्रांतिकारी वेग येतो आहे.

याच स्पर्धेत 'तिएनकुंग' या ह्यूमनॉइड रोबोटनं उंच उडीमध्ये २.८८ मीटरची उंची पार करून नवा विक्रम नोंदवला आहे. मानवी उंच उडीचा आतापर्यंतचा



सर्वोत्तम विक्रम २.४५ मीटर आहे. एकाच स्पर्धेत इथे दोन विश्वविक्रम नोंदवले गेले. रोबोटच्या शरीराची रचना, शक्तिशाली मोटर्स आणि संगणकीय नियंत्रण यामुळे अशा कामगिरीची क्षमता वेगानं वाढत आहे.

वर्ल्ड ह्यूमनॉइड रोबोट गेम्समध्ये यंदा १६ देशांमधील ६६६ टीम्स आणि २,०५६ रोबोट सहभागी झाले. विविध क्रीडा प्रकारांमध्ये तब्बल १,३०१ सामने झाले आणि ५१ प्रकारच्या स्पर्धांचं आयोजन करण्यात आलं. फुटबॉल, बास्केटबॉल, टेबल टेनिस, तायक्वांदो आणि ज्युदोसारख्या खेळांमध्येही रोबोटची क्षमता तपासली जात आहे.

ह्यूमनॉइड रोबोटची स्पर्धा केवळ मनोरंजनासाठी आयोजित केली जात नाही. माणसासारख्या शरीररचनेचा रोबोट प्रत्यक्ष परिस्थितीत किती वेगानं निर्णय घेऊ शकतो, धावू शकतो, पडल्यावर स्वतःला सावरू शकतो आणि इतर रोबोटसोबत समन्वय साधू शकतो, हे तपासणं हा त्यामागचा प्रमुख उद्देश आहे.

यापूर्वीही चीनमध्ये ह्यूमनॉइड रोबोटसाठी विविध स्पर्धा आणि प्रात्यक्षिकांचं आयोजन करण्यात आलं होतं. अशा स्पर्धांमध्ये सुरुवातीला रोबोटना चालणं, धावणं आणि संतुलन राखणंही कठीण जात होतं. आता मात्र ते फुटबॉल खेळत आहेत, धावत आहेत, उड्या मारत आहेत आणि काही सेकंदांत गुंतागुंतीच्या हालचाली करत आहेत.

भविष्यात अशा ह्यूमनॉइड रोबोटचा वापर कारखाने, गोदामं, आपत्तीग्रस्त भाग, घरगुती कामं आणि धोकादायक ठिकाणी केला जाऊ शकतो. ही स्पर्धा केवळ पदकं जिंकण्याची शर्यत नसून, भविष्यात माणसासोबत काम करणाऱ्या रोबोटच्या युगाची रंगीत तालीम आहे. त्यातूनच यापुढे यापेक्षाही अनेक आश्चर्यकारक गोष्टी समोर येणार आहेत.

## जनमन

# तरुणांनी नोकरीमागे पळणे थांबवावे



**देशात** वाढत्या बेरोजगारीचा प्रश्न गंभीर बनत आहे. तरुणांनीही स्वतःला स्वयंरोजगारासाठी तयार केले पाहिजे. कारण, नोकरी सर्वांनाच मिळू शकेल असे नाही. त्यामुळे आपला स्वयंरोजगार निर्माण करण्यावर भर दिला पाहिजे. यासाठी कौशल्य, माहिती, भांडवल आणि जिद्द अशा गोष्टी आत्मसात करण्याची गरज आहे. देशात बेरोजगारीमुळे अनेक समस्या निर्माण होत आहेत. त्यामुळे बेरोजगारी कमी करण्यासाठी आपणही प्रयत्न करावेत. त्यामुळेच आता आपल्या शिक्षण व्यवस्थेत बदल करण्याची गरज निर्माण झाली आहे. पारंपरिक शिक्षणासोबत मुलांना व्यावसायिक शिक्षण देण्याची गरज आहे. शिवाय त्यांच्यावर मेहनत घेण्याचेही संस्कार करण्याची गरज आहे. शालेय आणि महाविद्यालयीन जीवनात जर व्यावसायिक शिक्षण मिळाले, तर भविष्यात नोकरी न मिळाल्यास मुले आपला व्यवसाय सुरू करण्यासाठी सक्षम बनतील. त्यांना याची आवड आणि ज्ञान असल्याने त्यातून रोजगार उभा करण्यासाठी त्यांना कोणतीही अडचण येणार नाही. आपल्याकडे तरुणांमध्ये नोकरी मिळवण्यासाठी मोठी तगमग पाहायला मिळते. नोकरी मिळाली नाही तर ते अस्वस्थ होतात. पण आगामी काळात नोकऱ्या आणखी कमी होतील, ही काळ्या दगडावरची रेघ आहे. त्यामुळे नोकरीसाठी आटापिटा करण्यापेक्षा स्वबळावर आपल्याला काय करता येईल याकडे तरुणांनी लक्ष देण्याची गरज आहे. तरुणांनी आपल्यामध्ये व्यावसायिक कौशल्य निर्माण करून स्वयंरोजगाराची कास धरणे काळाची गरज आहे.

**- प्रभाकर वारुळे**, मालेगाव

समकालीन महत्त्वाचे मुद्दे मांडणारी, नवी चर्चा सुरू करणारी वाचक-पत्रे या स्तंभामध्ये प्रसिद्ध केली जातील. आपली पत्रे येथे पाठवा : **janman@lokmat.com**

## तिरकस आणि चौकस

गजानन घोंगडे




## सेतू

# कुणी छोटा नाही, कुणी मोठा नाही, वेळेला 'पर्याय' नाही...

**जर्मनीने मला शिकवलं, माणूस, वेळ, वक्तशीरपणा, आदर या गोष्टी सर्वांत महत्त्वाच्या. माणूस आणि त्याच्या वेळेची किंमत काही झालं तरी पाळायची!**



अनघा दातार
२५ वर्षांपासून जर्मनीत वास्तव्य

**जर्मनीत** राहायला लागल्यावर लक्षात आलं, देश आपल्याला मोठ्या गोष्टींपेक्षा छोट्या छोट्या सवयी जास्त शिकवतो. सुरुवातीला अर्थातच इथल्या वक्तशीरपणाचा धक्का बसला. 'तीन वाजता भेटूया' म्हणजे तीन वाजताच. बस, ट्रेन, डॉक्टरांची अपॉइंटमेंट, मित्रांची भेट सगळंच ठरल्या वेळी. भारतात असताना 'पाच मिनिटांत पोहोचते', या वाक्याचा अर्थ काहीही असू शकतो. इथे मात्र वेळ पाळणं म्हणजे समोरच्या माणसाच्या वेळेचा आदर करण्याची पद्धत आहे.

पूर्वी मला वाटायचं, या दोन संस्कृती एकमेकांच्या अगदी विरुद्ध आहेत. पण आता वाटतं त्या एकमेकींना अगदी पूरक आहेत. जर्मनीने मला नियोजन शिकवलं. एखाद्याला भेटायचं असेल तर आधी वेळ ठरवणं, त्याच्या वेळेचा आदर करणं आणि दिलेल्या शब्दाला जागणं शिकवलं. भारतात मी गरज असेल तेव्हा घड्याळ बाजूला ठेवून माणसांसाठी वेळ काढायचा असतो हे शिकले. प्रत्येक क्षणाचं नियोजन करता येत नाही. काही सुंदर भेटी, काही अविस्मरणीय गप्पा आणि काही जिव्हाळ्याच्या आठवणी या नेहमीच तुमच्या नियोजनाच्या बाहेर घडतात.

दुसरी एक गोष्ट म्हणजे रांगेत उभं राहणं. सुपरमार्केट असो, बसस्टॉप असो किंवा सार्वजनिक स्वच्छतागृह, प्रत्येकजण नेहमी रांगेत उभा राहतो. शांतपणे आपली पाळी येण्याची वाट पाहतो. कुणी पुढे घुसण्याचा प्रयत्न करत नाही. सुरुवातीला हे खूप साधं वाटलं. पण नंतर जाणवलं की रांग म्हणजे फक्त



व्यवस्था नाही; ती प्रत्येकाला समान वागणूक देण्याची एक पद्धत आहे. जर्मनीची मला भावलेली आणखी एक गोष्ट म्हणजे इथे कामापेक्षा माणसाला जास्त महत्त्व दिलं जातं. घरी साफसफाईला येणाऱ्या बाई असोत, कचरा गोळा करणारे कर्मचारी असोत किंवा पोस्टमन- सगळ्यांशी आदराने बोलणं, 'गुटेन मॉर्गन', 'बिट्ट', 'डांके' म्हणणं हे इथे अगदी रोजच्या शिष्टाचाराचा भाग आहे. कुणी छोटा नाही, कुणी मोठा नाही. सुरुवातीला ही औपचारिकता वाटायची; आता ते माझ्याही अंगी रुजलं आहे.

इथे एकमेकांची पर्सनल स्पेस जपली जाते. ही माणसं थोडी दुरावलेली आहेत की काय असं वाटायचं, पण नंतर समजलं, हा दुरावा नाही; हा दुसऱ्याच्या आयुष्याचा आदर आहे. कुणी विनाकारण वैयक्तिक प्रश्न विचारत नाही. सार्वजनिक ठिकाणी मोठ्याने फोनवर बोलणं टाळतात. अर्थात, हे सगळं शिकतानाही माझ्यातली भारतीय तितकीच जिवंत आहे. आजही भारतात गेले की 'जेवूनच जा', 'दोन मिनिटं बस ना', 'अचानक आलीस, किती छान!'.. हे ऐकून मन भरून येतं. एखाद्या मैत्रिणीला आधी कॅलेंडर पाहून भेटायची वेळ ठरवावी लागत नाही. गप्पा सुरू झाल्या की वेळ कसा जातो, याचं भान राहत नाही.

जर्मनीने शिस्त, आदर आणि सार्वजनिक जीवनात कसं वागावं हे शिकवलं. भारताने नाती जपायला, माणसांना वेळ द्यायला आणि आयुष्य थोडं मोकळेपणाने जगायला शिकवलं. परदेशात राहून मला कळलेली सर्वात मोठी गोष्ट म्हणजे, संस्कृती बदलली म्हणून आपण बदलत नाही. दोन्हीकडच्या चांगल्या गोष्टी घेऊन आपण समृद्ध होत जातो. कदाचित हेच दोन संस्कृतींमध्ये जगण्याचे खरं सौंदर्य आहे.

anagha.datar@gmail.com

हे पत्र लोकमत मीडिया प्रा. लिमिटेडच्या वतीने मुद्रक व प्रकाशक **बालाजी मुळे** यांनी प्लॉट नं. ए - ८१८ इंडस्ट्रियल एरिया, एम.आय.डी.सी., महापे, नवी मुंबई येथे मुद्रित करून 'लोकमत', पृथ्वी पार्क, सेक्टर ३०, सानपाडा, नवी मुंबई कार्यालय - ४००७०५ येथून प्रसिद्ध केले. ● दूरध्वनी क्र : ०२२ ४६०४१७८४
● **मुंबई कार्यालय :** लोकमत मीडिया प्रा. लिमिटेड, तिसरा मजला, पारिजात हाउस, प्लॉट नं. १०७६, आपटे इंडस्ट्रियल इस्टेट, लक्ष्मीनरसिंग पपन मार्ग, डॉ. ई मोझेस रोडसमोर, गांधीनगर, वरळी, मुंबई, ४०००१८. ● दूरध्वनी क्र : ०२२- ४६०३५९३०, ०२२- ४७५०७९४६ ● **ठाणे कार्यालय :** वेस्टर्न व्ह्यू, श्री गजानन महाराज चौक, वारकरी भवनाजवळ, ठाणे, फोन : २५४४११०५, २५३८१७७४ ● **नवी मुंबई कार्यालय :** पृथ्वी पार्क, सेक्टर ३०, सानपाडा, नवी मुंबई ४००७०५. फोन : ०२२ ४६०४१७८४ ● संस्थापक संपादक : **स्व. जवाहरलाल दर्डा** ● मानद संपादिका : **श्रीमती उषाताई दर्डा** ● चेअरमन, एडिटोरियल बोर्ड : **डॉ. विजय दर्डा** ● एडिटर इन चिफ : **राजेंद्र दर्डा** ● समूह संपादक : **विजय बाविस्कर**
● संपादक : **अतुल कुलकर्णी*** (*पी. आर. बी. कायद्यानुसार संपादकीय जबाबदारी यांची आहे.)
'लोकमत'मधील लेखांचे हक्क राखून ठेवले आहेत. लोकमत ® हे चिन्ह लोकमत मीडिया प्रायव्हेट लि. चे. व्यापारचिन्ह आहे.

# नेपाल में त्रासदी

यह चीन-नेपाल सीमा क्षेत्र में अचानक आई बाढ़ और उससे हुए बेहिसाब नुकसान पर गहरे दुख के इजहार का समय है। तमाम जिम्मेदार एजेंसियां बचाव और राहत कार्य में लग गई हैं, पर यह त्रासदी कितनी भयानक रही, इसका निश्चित अनुमान लगाने में कुछ वक्त लग सकता है। बुधवार सुबह अचानक जलप्रलय से कई लोग काल के गाल में समा गए हैं, तो बड़ी संख्या में लोग लापता हुए हैं। जल-सैलाब ऐसे उठा है कि रास्ते में पड़ने वाली हर चीज को तबाह करता गया। अनुमान है, पांच सौ से ज्यादा लोग लापता हैं, जिनमें सौ से ज्यादा भारतीय भी हैं। यह जल-सैलाब तिब्बत से सटे क्षेत्र में बसे अनेक गांवों और कई विकास परियोजनाओं को बहा ले गया है। नेपाल ने उचित ही भारत व चीन से मदद की मांग की है और पीड़ितों तक हर मुमकिन मदद पहुंचनी चाहिए। नेपाल को बड़े पैमाने पर बचाव और राहत सहयोग की जरूरत है। भारतीय प्रधानमंत्री ने नेपाली प्रधानमंत्री से बातचीत करके उचित ही हरसंभव सहायता पहुंचाने का आश्वासन दिया है।

अभी तक की खबरों से पता चलता है, तिब्बत या चीन से यह हादसा शुरू हुआ है। वहां बड़े पैमाने पर भूस्खलन हुआ है और चीन में भी निश्चित ही जान-माल की हानि हुई है। नेपाल की भोटे कोशी नदी में आई अचानक बाढ़ के चलते नेपाल के नुवाकोट और धाडिंग जिलों में कई लोग बह गए हैं। अभी तो नेपाल ही यह बताने की स्थिति में नहीं है कि कितने गांव बहे हैं। लगभग 50,000 की आबादी वाले पहाड़ी जिले रसुवा के प्रभावित क्षेत्रों, स्याप्रु बेसी और तिमुरे में पानी का स्तर इतना अधिक था कि बचाव के लिए हेलीकॉप्टर भी कहीं उतर नहीं पाए। इधर, नेपाल से आ रहे पानी की वजह से बिहार में भी, खासकर गंडक नदी में बाढ़ का खतरा देखते हुए राज्य सरकार तत्काल सचेत हो गई और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से बात करके पूरी सतर्कता बरतने के लिए कहा। बिहार में आपदा प्रबंधन दलों को पूरी तरह से तैयार कर दिया गया। जहां भी जरूरी होगा, बांधों के गेट खोलने पड़ेंगे, ताकि कहीं भी जान-माल का नुकसान न होने पाए और न कहीं बाढ़ की स्थिति बने।

**प्राकृतिक या मानव-जनित आपदाओं को पूरी तरह से टाला नहीं जा सकता, लेकिन कम से कम चेतावनी तंत्र को बहुत मजबूत जरूर किया जा सकता है।**

बहरहाल, अचानक बाढ़ के निश्चित कारण अभी पता नहीं चले हैं और चीन के जवाब का नेपाल को भी इंतजार है। अफसोस, पिछले वर्ष भी एक ग्लेशियर के फटने से नेपाल को तबाही झेलनी पड़ी थी और इस साल भी नेपाल को समय रहते सतर्क नहीं किया गया है। बताया जा रहा है कि बाढ़ की जानकारी नेपाल को 45 मिनट पहले मिल सकती थी, इससे जान के नुकसान को टाला जा सकता था। नतीजतन, चीन के प्रति नेपाल में रोष के भाव उभरे हैं। चीन को तकनीक के मामले में आधुनिक माना जाता है, पर अगर वह ऐसी आपदाओं के समय नेपाल को समय रहते सचेत न करे, तो क्या लाभ? यह कोई छिपी हुई बात नहीं कि हिमालय के साथ कई तरह के त्रासद खिलवाड़ हुए हैं। यह बात सब जानते हैं कि चीन अपनी सीमा में ऊंची जगहों पर बड़े-बड़े बांध बना रहा है, पर्यावरण को अपने हिसाब से नियंत्रित करने की कोशिश कर रहा है। ऐसे में, यह आपदा संकेत है कि चीनी प्रयासों से हादसे भले ही कम होंगे, पर जब होंगे, तो बचने का मौका नहीं देंगे। हां, प्राकृतिक आपदाओं को पूरी तरह से टाला नहीं जा सकता, लेकिन कम से कम चेतावनी तंत्र को बहुत मजबूत जरूर किया जा सकता है। समय आ गया है, जब चीन सहित दक्षिण एशिया के सभी देश आपदाओं की स्थिति में तत्काल सूचना साझा करने का पुख्ता तंत्र खड़ा करें।

हिन्दुस्तान Hindustan | 75 साल पहले 27 अगस्त, 1951

## प्रादेशिक सीमा-निर्धारण

भारतीय संसद में हाल में भाषावार प्रांत निर्माण और मौजूदा राज्यों की सीमाओं में हेर-फेर करने के बारे में विचार-विमर्श हुआ था। भाषावार प्रांत बनाने का सिद्धांत कांग्रेस बहुत पहले ही स्वीकार कर चुकी है। उसने अपने प्रादेशिक संगठन भाषा के आधार पर ही निश्चित किये हैं जैसे गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक, आंध्र, तामिलनाडु आदि। अब जब देश की हुकूमत कांग्रेस के हाथों में आ चुकी है तो लोगों का कहना है कि केन्द्रीय सरकार को भाषावार प्रांत निर्माण के सिद्धांत को कार्यान्वित करना चाहिए।

आजादी की लड़ाई के दिनों में नये प्रांत निर्माण का काम जितना आसान लगता था, उतना आसान वह नहीं है, यह आज के शासक अनुभव करने लगे हैं। उनका यह कहना सही है कि नये प्रांतों का निर्माण करते समय केवल भाषा का ही विचार नहीं किया जाना चाहिए, बल्कि भौगोलिक परिस्थितियों, शासनिक सुविधाओं और आर्थिक स्वावलंबन आदि बातों पर भी गौर किया जाना चाहिए। फिर नये प्रांतों की सीमायें निर्धारित करने का काम आसान नहीं होगा। इस बारे में नये प्रांतों के पक्षपातियों में मतैक्य नहीं है, और जब कभी यह प्रश्न उपस्थित होता है, एक कटुतापूर्ण विवाद छिड़ जाता है। इस समय देश जब अनेक आन्तरिक और बाहरी जटिल समस्याओं में उलझा हुआ है और उसका सामना करने के लिए राष्ट्रीय एकता की नितान्त आवश्यकता है, यदि भाषावार प्रांतों के निर्माण का प्रश्न उठेगा तो उससे राष्ट्रीयता विरोधी प्रांतीयता की संकुचित भावनायें जोर पकड़ेंगी और उससे राष्ट्रीय एकता को ठेस पहुंचने का खतरा है। अतः राष्ट्र की नौका को सुरक्षित खेने की जिम्मेदारी जिन लोगों पर है, वे नये प्रांतों के निर्माण के प्रश्न को फिल्हाल स्थगित रखने का परामर्श देते रहे हैं और हमारी राय में मौजूदा परिस्थितियों में यही बुद्धिमानी का मार्ग हो सकता है।

...आंध्र प्रांत के कुछ लोगों ने आंध्र प्रांत की मांग को पूरा करवाने के लिए भूख हड़ताल तक शुरू कर दी है। आंध्रवासियों की व्यग्रता इससे समझी जा सकती है। अन्य नये प्रांतों की अपेक्षा आंध्र प्रांत के निर्माण की मांग के प्रति कांग्रेस के उच्च नेताओं की विशेष सहानुभूति रही है और एक समय तो ऐसा प्रतीत हो रहा था कि आंध्र प्रांत शीघ्र ही अस्तित्व में आ जायेगा।

# बीजिंग से संवाद बढ़ाने की बड़ी पहल



यहां स्कैन करें

शशांक | पूर्व विदेश सचिव

**भारत की तरफ से ब्रिक्स नेताओं में सामंजस्य बढ़ाने की कोशिशें हो रही हैं और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल की चीन यात्रा इसी दिशा में महत्वपूर्ण कड़ी है।**

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल की चीन-यात्रा सीमा पर तनाव कम करने और संवाद बहाली की दिशा में एक अहम पहल मानी जाएगी। चूंकि दोनों देशों के रिश्ते सीमा विवाद, पूर्वी लद्दाख में हुए सैन्य टकराव और आपसी अविश्वास से प्रभावित रहे हैं, इसलिए उच्च-स्तरीय बातचीत का फिर से नियमित होना अपने आप में एक बड़ी सफलता है।

इस यात्रा के दौरान डोभाल की चीन के विदेश मंत्री वांग यी के साथ सीमा मुद्दे पर 25वें दौर की बातचीत हुई, जिसमें कई मसलों पर विस्तार से चर्चा हुई। लगता यही है कि दोनों पक्षों को विशेष प्रतिनिधियों की यह व्यवस्था कारगर लगी है, क्योंकि गलवान में हुई झड़प के बावजूद वे इस प्रक्रिया को फिर से शुरू कर सके हैं। इसी का परिणाम है कि दोनों देशों के शीर्ष नेता कजान (रूस) और तियानजिन (चीन) में दो बार मिले, और अब नजरें सितंबर के पहले पखवाड़े में होने वाले ब्रिक्स सम्मेलन पर टिक गई हैं। इसमें भाग लेने के लिए चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग को आमंत्रित करने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का न्योता लेकर डोभाल बीजिंग गए थे।

दरअसल, बीते कुछ वर्षों में भारत और चीन के बीच सबसे बड़ी समस्या विश्वास का संकट रही है। गलवान संघर्ष के बाद द्विपक्षीय रिश्तों में जिस तरह का तनाव आया, उसने व्यापार से लेकर लोगों के आपसी रिश्ते तक, सब कुछ दरक गए। इसलिए, दोनों पक्ष यदि संवाद को फिर से प्राथमिकता देने लगे हैं, तो उसका स्वागत किया जाना चाहिए। संकेतों से लगता भी यही है कि न सिर्फ आपसी संबंधों के लिहाज से, बल्कि वैश्विक हालात और खासकर एशिया की स्थिति को देखते हुए, दोनों देश एक-दूसरे के करीब आना चाहते हैं। मुमकिन है कि यूरोप में चल रहे युद्ध की वजह से रूस भी परदे के पीछे दोनों देशों के रिश्ते सामान्य बनाने की कोशिशें कर रहा हो।

बेशक, चीन की तरफ से अभी कोई ठोस वायदा नहीं किया गया है, लेकिन बीते घटनाक्रम बताते हैं कि



दोनों देश रिश्ते सामान्य बनाने को उत्सुक हैं। अक्तूबर, 2024 में सेनाओं के पीछे हटने की घोषणा के बाद से, दोनों देशों के बीच सीधी उड़ानें फिर से शुरू हुईं, चीन ने कैलाश मानसरोवर यात्रा शुरू की। साथ ही, भारत ने चीनी नागरिकों को वीजा जारी करना शुरू किया। हाल के महीनों में भारत ने चीन से आने वाले निवेश पर लगी पाबंदियों में भी कुछ ढील दी है, जबकि बीजिंग भारतीय बाजार के लिए उत्पादों का सबसे बड़ा स्रोत बना हुआ है। इस लिहाज से देखें, तो भारतीय राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार की चीन यात्रा निहायत जरूरी थी।

हालांकि, खाड़ी क्षेत्र में अभी जो हो रहा है, उसे नजरंदाज नहीं किया जा सकता। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मानें, तो ईरान पर न सिर्फ प्रतिबंध लगने चाहिए, बल्कि उन दूसरे देशों या कंपनियों पर भी कार्रवाई होनी चाहिए, जो किसी-न-किसी तरह तेहरान की मदद कर रहे हैं। भले ही उन्होंने चीनी कंपनियों या बैंकों का नाम नहीं लिया, लेकिन कुछ भारतीय कंपनियों का जिक्र जरूर किया है। यह भी एक बड़ी वजह है कि भारत की तरफ से ब्रिक्स नेताओं में सामंजस्य बढ़ाने की कोशिशें हो रही हैं।

यहां अरुणाचल प्रदेश विवाद का जिक्र लाजिमी है। यह ऐसा विषय है, जिसे लेकर दोनों देश वक्त-बेवक्त आरोप-प्रत्यारोप में उलझते रहे हैं। पिछले दिनों जब भारत ने सरकारी नक्शे में इस सूबे की 27 जगहों को उनके मानक नामों से चिह्नित किया, तो चीन ने आपत्ति जताई और इन इलाकों पर अपना दावा दोहराया। नई दिल्ली ने उचित ही इसे निर्विवाद वास्तविकता बताया कि अरुणाचल भारत का अभिन्न अंग है। अच्छी बात है, भारत यहां किसी होड़ में नहीं उलझना चाहता।

हालांकि, 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान बीजिंग के रुख से भी संदेह पैदा हुआ था। चीन इस ऑपरेशन के दौरान पाकिस्तान का बहुत अधिक समर्थन करता दिखा था। हालांकि, पाकिस्तान को कितना नुकसान पहुंचा है, इसका पता अभी-अभी सऊदी अरब, तुर्किये और पाकिस्तान में हुए मक्का समझौता से लग जाता है। गौरतलब है कि इस समझौते के बाद पाकिस्तान के हथियार भंडार को मजबूत करने के लिए तुर्किये और चीन- दोनों मदद कर रहे हैं, जिसका मतलब है कि इस्लामाबाद के हथियार कम हो गए हैं। ऐसे में, मुमकिन है कि जब भारत और चीन के विशेष प्रतिनिधियों की मुलाकात हुई होगी, तो वे एक-दूसरे के इरादों को समझने अथवा समझाने को उन्मुख हुए होंगे।

चीन के विदेश मंत्री का बयान इसकी पुष्टि भी करता है। उन्होंने कहा है कि भारत-चीन संबंध अब केवल द्विपक्षीय दायरे तक सीमित नहीं है, बल्कि इनका वैश्विक और रणनीतिक महत्व है। सच भी यही है। इन दिनों अमेरिकी राष्ट्रपति का रुख कहीं अधिक आक्रामक हो गया है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि पिछले साल उन्होंने कहा था कि अगर ब्रिक्स देश 'डी-डॉलराइजेशन' (डॉलर का इस्तेमाल कम अथवा बंद करना) की तरफ बढ़ते हैं, तो वे उन पर 500 फीसदी तक टैरिफ लगा देंगे। यही वजह है कि चीन अपनी मुद्रा युआन को अंतरराष्ट्रीय बनाने में जुटा है, लेकिन भारत भी रुपये को लेकर खासा संजीदा है। हालांकि, मॉस्को और बीजिंग की तरह नई दिल्ली 'डी-डॉलराइजेशन' की तरफ नहीं बढ़ सकती, क्योंकि अमेरिका के साथ हमारे गहरे हित जुड़े हुए हैं, इसीलिए इस मामले में सावधानी जरूरी है।

श्रीनगर दौरे के दौरान अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने जम्मू-कश्मीर को 'भारत का महत्वपूर्ण हिस्सा' बताकर सकारात्मक संकेत दिया है। उन्होंने दोनों देशों के बीच व्यापारिक रिश्तों को भी याद किया। हालांकि, सच यही है कि वाशिंगटन में फैसला राष्ट्रपति ट्रंप ही लेते हैं और दूसरे वरिष्ठ अधिकारी सिर्फ सुझाव दे सकते हैं। इतना ही नहीं, राष्ट्रपति ट्रंप का 'मक्का घोषणा-पत्र' का समर्थन करना संकेत दे रहा है कि अमेरिका अब भी पाकिस्तान के ज्यादा करीब है।

साफ है, अमेरिकी रुख को लेकर अभी कुछ नहीं कहा जा सकता। इन्हीं अस्पष्टताओं के कारण भारत संभवतः ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में अपने संबंधों को लेकर और अधिक सावधानी बरतना चाहेगा, खासकर जब बात किसी ठोस घोषणा या रुख को मजबूती से रखने की होगी। हालांकि, राष्ट्रीय हित यही संकेत दे रहे हैं कि हमें चीन के साथ व्यापार को सुरक्षित व मजबूत बनाने, रूस के साथ कारोबार जारी रखने और गैर-अमेरिकी व्यापार में अपनी मुद्रा के इस्तेमाल की तरफ ही बढ़ना चाहिए।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

# देश को एक मजबूत रोजगार गारंटी योजना चाहिए



यहां स्कैन करें

हिमांशु | एसोशिएट प्रोफेसर, जेएनयू

मौजूदा मानसून के दौरान 18 अगस्त तक पूरे देश में 13 प्रतिशत कम वर्षा हुई है। क्षेत्रीय स्तर पर देखें, तो स्थिति और भी चिंताजनक है, क्योंकि देश के कई पिछड़े इलाकों में बारिश की कमी ज्यादा है। इनमें बिहार में (40 प्रतिशत), असम (36 प्रतिशत), पूर्वी उत्तर प्रदेश (24 प्रतिशत), सौराष्ट्र (24 प्रतिशत) और विदर्भ में (21 प्रतिशत) वर्षा की कमी शामिल है। मौसम विभाग ने आने वाले हफ्तों में अल नीनो प्रभाव के कारण बारिश में और कमी होने का अनुमान लगाया है, जिससे ग्रामीण संकट गहरा सकता है।

ग्रामीण क्षेत्रों में मजदूरी दर में धीमी वृद्धि को देखते हुए, ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना से पैदा सरकारी रोजगार यहां की अर्थव्यवस्था के लिए जीवन-रेखा साबित हुए हैं। असल में, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) ने 2009 और 2015 के सूखे वाले वर्षों में ग्रामीण संकट को थामने में अहम भूमिका निभाई थी। हालांकि, इस साल 1 जुलाई से लागू 'विकसित भारत-रोजगार और आजीविका मिशन गारंटी (ग्रामीण)' योजना (वीबी-जी राम जी) ने मनरेगा के ढांचे को बदल दिया है और राज्यों (पहाड़ी राज्यों को छोड़कर) को इसकी लागत का 40 प्रतिशत देने को कहा है, जबकि मनरेगा में केंद्र ही पूरा खर्चा उठाता था।

**जब देश में मजदूरी में वृद्धि एक दशक से रुकी हुई है, तब कमजोर मानसून को देखते हुए मनरेगा को ही मजबूत करना चाहिए था।**

खेती में संकट और देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था में व्यापक परेशानी को देखते हुए यह साल खास तौर पर अहम है। वित्तीय हिस्सेदारी में बदलाव के बावजूद, ज्यादातर राज्यों ने अपने बजट से वीबी-जी राम जी के लिए काफी धन दिया है। फिर भी, जुलाई में इस योजना का प्रदर्शन बताता है कि रोजगार सृजन में काफी गिरावट आई है। जुलाई 2020 में 39.1 करोड़ कार्यदिवस के मुकाबले जुलाई 2023 में केवल 27.2 करोड़, जुलाई 2025 में 15.3 करोड़ और पिछले महीने 7.67 करोड़ कार्यदिवस रोजगार ही रह बचा। सिर्फ आंध्र प्रदेश और तेलंगाना ने पिछली जुलाई की तुलना में ज्यादा रोजगार पैदा किया। रोजगार सृजन में उत्तर प्रदेश (1.2 करोड़ कार्यदिवस), मध्य प्रदेश (एक करोड़ कार्यदिवस), झारखंड (90 लाख कार्यदिवस), महाराष्ट्र (70 लाख कार्यदिवस), बिहार (50 लाख कार्यदिवस), छत्तीसगढ़ (40 लाख कार्यदिवस) और असम (30 लाख कार्यदिवस) में तेज गिरावट देखी गई। इनमें से ज्यादातर राज्यों में इस साल बारिश की सबसे ज्यादा कमी रही है। इस जुलाई में आई भारी गिरावट की वजह शायद यह हो सकती है कि राज्यों ने बुवाई और कटाई के व्यस्त समय में वीबी-जी राम जी को अस्थायी तौर पर रोक दिया। फिर भी, इसे कमजोर होते रोजगार गारंटी कार्यक्रम के नतीजे के तौर पर देखा जा सकता है। राज्यों की तरफ से धन आवंटन कोई समस्या नहीं थी, क्योंकि कमजोर आर्थिक स्थिति के बावजूद उन्होंने इसमें योगदान दिया।

इस कार्यक्रम को परखने का बेहतर तरीका यह देखना होगा कि अप्रैल से जून के दौरान यह कैसा काम करता है, क्योंकि इस तिमाही में कुल रोजगार का 40 प्रतिशत सृजित होता रहा है। उस समय ग्रामीण इलाकों में खेती-बाड़ी का कोई खास काम नहीं होता। साल 2021 के इन तीन महीनों में 116 करोड़ कार्यदिवस, 2023 में 123 करोड़ और 2025 में 101 करोड़ कार्यदिवस रोजगार का सृजन हुआ, जबकि इस साल 2026 में यह आंकड़ा तेजी से गिरकर 62 करोड़ कार्यदिवस पर आ गया। दूसरे शब्दों में, जब मनरेगा लागू था और केंद्र सरकार इसका खर्च उठा रही थी, तब भी इसमें सृजित रोजगार पिछले साल का सिर्फ 60 प्रतिशत ही था। ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत रोजगार में आ रही गिरावट किसी बड़ी प्रवृत्ति का हिस्सा लगती है।

चिंता इस बात की है कि पिछले पांच सालों में मनरेगा कार्यक्रम आय समर्थित प्रणाली के तौर पर कमजोर ही साबित हुआ है, जबकि ग्रामीण इलाकों में संकट कम करने में यह काफी सहायक साबित हुआ था। ऐसे में, जब देश में मजदूरी वृद्धि एक दशक से रुकी हुई है, कमजोर मानसून को देखते हुए इस योजना को और मजबूत किया जाना चाहिए था। इससे न सिर्फ ग्रामीण इलाकों में कमजोर तबके को सामाजिक सुरक्षा मिलती, बल्कि खपत की मांग भी फिर से बढ़ जाती।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

मनसा वाचा कर्मणा

# आखिर हम हैं ही क्या

मरते वक्त नेपोलियन युद्ध में हार चुका था। एक छोटे से द्वीप सेंट हेलेना में उसको बंद कर दिया गया था। गौर कीजिए, नेपोलियन उन थोड़े से लोगों में से था, जिन्होंने दुनिया को हिला दिया था। उसने पहाड़ों से कहा- हट जाओ, तो उनको हट जाना पड़ा। उसने कौमों से कहा- मिट जाओ, तो उनको मिट जाना पड़ा। आखिरी वक्त हार गया और हेलेना में बंद कर दिया गया।

पहले दिन सुबह उठकर एक छोटी सी पगडंडी पर वह टहलने निकला। मित्र और डॉक्टर उसके साथ थे। संकरी थी वह पगडंडी। दूसरी तरफ से एक औरत घास का गट्ठर सिर पर लिए आ रही थी। नेपोलियन के डॉक्टर मित्र चिल्लाया, घसियारन, रास्ता छोड़ दे। देखती नहीं, कौन आ रहा है? नेपोलियन ने डॉक्टर को टोका, मित्र, तुम भूल कर रहे हो। रास्ता तो हमें छोड़ देना चाहिए। अब वह नेपोलियन कहां? अब मैं एक कैदी से ज्यादा कुछ नहीं और नेपोलियन रास्ता छोड़कर खड़ा हो गया।

यह नेपोलियन कल तक सब कुछ था, आज मामूली कैसे हो गया? क्या छिन गया इसके पास से? इसके वस्त्र छिन गए, कपड़े छिन गए, इसकी कुर्सी छिन गई।

हम सारे लोगों को यह जो ख्याल है कि मैं कुछ हूं, क्या हमें पता है कि हम क्या हैं? हमने जो वस्त्र पहन रखे हैं, जो नकाब ओढ़ रखे हैं, जो मुखौटे पहन रखे हैं, हमने जो नाटक और अभिनय सीख लिया है, वही है हमारा 'मैं' या कुछ और भी है? कोई और गहरा परिचय है या इसी से परिचय है? अगर इसी से परिचय है, तो यह बड़ा झूठा 'मैं' है और इसे छोड़ देना जरूरी है।

यह मैं, मेरे होने का भाव अत्यंत मिथ्या है। इसकी कोई सत्ता नहीं है। यह प्याज की भांति है। हम प्याज के छिलके निकालते चले जाएं, निकालते चले जाएं, आखिर में क्या बच रहता है? बस छिलके निकल जाते हैं और भीतर कुछ भी नहीं है। वस्त्र ही वस्त्र हैं प्याज में, उसके भीतर कुछ भी नहीं है। ऐसा ही हमारा यह 'मैं' है। इसमें वस्त्र ही वस्त्र हैं, निकालते चले जाएं, निकालते चले जाएं, भीतर बचा रह जाता है- 'ना-कुछ'। भीतर कुछ पता नहीं चलता कि क्या है?

क्या हैं आप? उसको थोड़ा जीतना शुरू करें। उसके कपड़े निकालना शुरू करें और धीरे-धीरे आप पाएंगे कि

**हमने जो वस्त्र पहन रखे हैं, जो नकाब ओढ़ रखे हैं, जो मुखौटे पहन रखे हैं, हमने जो नाटक और अभिनय सीख लिया है, वही है हमारा 'मैं' या कुछ और भी है?**

भीतर रह गया शून्य है। वहां किसी मैं का कोई पता नहीं चल रहा कि मैं कौन हूं। इसीलिए तो कोई भीतर नहीं जाना चाहता। हम बातें इतनी सुनते हैं कि अपने को जानो, भीतर जाओ। सुन लेते हैं, लेकिन कभी भीतर जाना नहीं चाहते, क्योंकि भीतर जाने में प्राण पर संकट आ जाएगा। खुद की चमड़ी निकाल-निकालकर अलग करनी होगी, तभी तो कोई भीतर जा सकता है। मैं की झूठी परतों को जो उखाड़ने में समर्थ होता है, वही सच्चे मैं को जानने में समर्थ हो पाता है।

ओशो

कैलाश सत्यार्थी | नोबेल विजेता



**प्राकृतिक संसाधनों और वैश्विक श्रम का भरपूर फायदा उठाने वाले अमीर देशों को जलवायु परिवर्तन के मद्देनजर गरीब देशों की वित्तीय मदद की जिम्मेदारी भी उठानी चाहिए।**

# होर्मुज पर वसूली के एलान से बढ़ी परेशानी

पश्चिम एशिया में बढ़ता तनाव अब केवल सैन्य टकराव तक सीमित नहीं रह गया है। ईरान और अमेरिका के बीच संघर्ष ने आर्थिक मोर्चे पर भी गंभीर रूप ले लिया है। एक ओर अमेरिका ईरान पर अब तक की सबसे कड़ी आर्थिक कार्रवाई की तैयारी में है, वहीं दूसरी ओर तेहरान ने साफ संकेत दे दिए हैं कि वह दबाव के सामने झुकने के बजाय अपनी रणनीतिक ताकत का इस्तेमाल करेगा। ईरान की संसद ने होर्मुज जलमार्ग से गुजरने वाले जहाजों से शुल्क वसूलने के प्रस्ताव को मंजूरी देकर इस दिशा में बड़ा कदम उठाया है। इससे अंतरराष्ट्रीय व्यापार और ऊर्जा बाजार पर नए संकट की आशंका पैदा हो गई है।

अमेरिका के वित्त मंत्री ने ईरान के खिलाफ प्रस्तावित कार्रवाई को 'इकोनॉमिक डी-डे' बताया है। उनका संकेत है कि वाशिंगटन अब ईरान की अर्थव्यवस्था और उसके साथ व्यापार करने वाले देशों व कंपनियों पर व्यापक दबाव डालने की तैयारी में है। उसका उद्देश्य ईरान की आर्थिक क्षमता को कमजोर करना और उसके सैन्य प्रभाव पर अंकुश लगाना बताया जा रहा है, लेकिन तेहरान का संकेत साफ है कि यदि उसके खिलाफ आर्थिक युद्ध तेज किया गया, तो वह खाड़ी क्षेत्र से होने वाले तेल-निर्यात को रोकने की दिशा में कदम उठा सकता है। ईरानी नेतृत्व की ओर से यह चेतावनी बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि फारस की खाड़ी और होर्मुज जलमार्ग में किसी भी तरह की बाधा का असर केवल ईरान और अमेरिका तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि एशिया, यूरोप और दुनिया के कई देशों की ऊर्जा आपूर्ति पर पड़ सकता है।

होर्मुज जलमार्ग इस पूरे संकट का सबसे महत्वपूर्ण केंद्र बनता जा रहा है। यहां से जहाजों की आवाजाही पर किसी भी तरह की पाबंदी या अतिरिक्त शुल्क से अंतरराष्ट्रीय बाजार में चिंता बढ़ना स्वाभाविक है। ईरानी संसद की मंजूरी के बाद अब इस प्रस्ताव ने संकट को आर्थिक और समुद्री सुरक्षा के नए चरण में पहुंचा दिया है। ईरान जानता है कि होर्मुज वैश्विक अर्थव्यवस्था की महत्वपूर्ण जीवनरेखा है, इसलिए इस मार्ग का इस्तेमाल वह आर्थिक हथियार के साथ-साथ कूटनीतिक दबाव के साधन के रूप में करना चाहता है। मौजूदा घटनाक्रम बता रहा है कि पश्चिम एशिया का संकट एक नए और अधिक जटिल दौर में प्रवेश कर चुका है। अमेरिका आर्थिक प्रतिबंधों के जरिये ईरान पर दबाव बढ़ाने की तैयारी में है, जबकि ईरान अपने तेल और समुद्री मार्गों को रणनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल करने के संकेत दे रहा है। होर्मुज से शुल्क वसूली की मंजूरी ने इस टकराव को नया आयाम दिया है।

कांतिलाल मांडोत, टिप्पणीकार

## अनुलोम-विलोम

### होर्मुज जलमार्ग



# ईरानी घोषणा से भारत पर सीमित असर

ईरानी संसद की राष्ट्रीय सुरक्षा समिति ने होर्मुज जलमार्ग के प्रबंधन संबंधी विधेयक को मंजूरी दी है। पहली नजर में यह फैसला भारत जैसे बड़े ऊर्जा आयातक देश के लिए चिंताजनक लगता है, क्योंकि विश्व के लगभग पांचवें हिस्से का समुद्री तेल व्यापार होर्मुज के रास्ते होता है, लेकिन गहराई से देखें, तो भारत पर इसका प्रत्यक्ष प्रभाव सीमित रहने की संभावना अधिक है।

इसकी कई वजहें हैं। ईरानी प्रस्ताव मुख्यतः अमेरिकी और इजरायली जहाजों या उसके 'शत्रु' देशों के जहाजों के लिए तैयार किया गया है। भारत न तो इस संघर्ष में कोई पक्षकार है और न ही उसके व्यापारिक जहाज सामान्यतः इस श्रेणी में आते हैं, इसलिए भारतीय जहाजों के लिए मार्ग पूरी तरह बंद होने जैसी आशंका फिलहाल सच नहीं जान पड़ती। दूसरी, भारत ने पिछले वर्षों में अपनी ऊर्जा जरूरतों की पूर्ति का उल्लेखनीय विविधीकरण किया है। नई दिल्ली अब सिर्फ खाड़ी से ही ईंधन सामग्री नहीं मंगाती, बल्कि कई अन्य देशों से भी इस बाबत करार किए गए हैं। आज रूस, अमेरिका, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका से भी कच्चे तेल का आयात बढ़ा है। इससे किसी एक समुद्री मार्ग पर निर्भरता पहले की तुलना में कम हुई है। तीसरा, भारत के पास रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार भी हैं, जो अल्पकालिक आपूर्ति व्यवधान की स्थिति में राहत प्रदान कर सकते हैं। यही कारण है कि वैश्विक तनाव बढ़ने के बावजूद, भारत की ऊर्जा सुरक्षा तत्काल संकट में नहीं दिखाई देती। हालांकि, यह कहना उचित नहीं होगा कि भारत पर बिल्कुल भी प्रभाव नहीं पड़ेगा। होर्मुज में तनाव बढ़ते ही वैश्विक तेल बाजार प्रभावित हो जाता है। हालिया घटनाक्रमों के बाद कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि बताती है कि बाजार भू-राजनीतिक जोखिम से प्रभावित होता है और इसका असर कीमतों पर पड़ता है। दरअसल, भारत की सबसे बड़ी ताकत उसकी संतुलित विदेश नीति है। नई दिल्ली ने ईरान, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, अमेरिका जैसे तमाम देशों के साथ संवाद बनाए रखा है। यही बहुपक्षीय संतुलन भारत को पश्चिम एशिया के संकट के दौरान अपेक्षाकृत सुरक्षा देता है।

ऐसे में, आवश्यकता घबराने की नहीं, बल्कि सतर्क तैयारी करने की है। ऊर्जा स्रोतों का और विविधीकरण, रणनीतिक भंडार का विस्तार और समुद्री व्यापार मार्गों की सुरक्षा पर निवेश हमारी दीर्घकालिक नीति का हिस्सा होना चाहिए। ईरान का होर्मुज संबंधी फैसला राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण जरूर है, लेकिन भारत के लिए यह तत्काल आर्थिक आपदा नहीं है। हमें स्थिति पर नजर रखते हुए अपनी रणनीति को मजबूत बनाए रखना होगा।

अमृतेश वत्स, टिप्पणीकार

# खेतों से दवाओं तक बायोटेक में मौके



**बायोटेक अब सिर्फ लैब और पारंपरिक रिसर्च तक सीमित नहीं है। एआई, डाटा साइंस, जीनोमिक्स और ऑटोमेशन ने इसका दायरा बढ़ाया है। इससे दवा, वैक्सीन, कृषि, खाद्य उद्योग और पर्यावरण के साथ नए क्षेत्रों में भी रोजगार के मौके बन रहे हैं। अलग-अलग शैक्षणिक पृष्ठभूमि वाले युवा भी यहां करियर बना सकते हैं। जरूरत है सही कौशल और व्यावहारिक अनुभव की। बता रही हैं शबनम**

## कल की तैयारी

बायोटेक्नोलॉजी भारत में तेजी से विस्तार कर रहा क्षेत्र है। नीति आयोग ने अपनी एक रिपोर्ट में बायोटेक्नोलॉजी के इस युग को 'बायोलॉजिकल सेंचुरी' कहा है। लगभग 10,000 से ज्यादा बायोटेक स्टार्टअप्स के साथ यह क्षेत्र 2030 तक 300 अरब डॉलर की बायोइकोनॉमी के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है।

करीब दो दशक पहले तक मुख्यतः वैक्सीन, कृषि और फार्मास्यूटिकल्स तक सीमित यह क्षेत्र अब बायोफार्मा, जीनोमिक्स, बायो-इन्फॉर्मेटिक्स, सिंथेटिक और इंडस्ट्रियल बायोटेक तक बढ़ चुका है। बायो ई3 नीति, नेशनल बायोफार्मा मिशन, बायो-एआई हब और स्टार्टअप इकोसिस्टम ने इस क्षेत्र को गति दी है।

### डिजिटल कोड से बायो कोड तक

फार्मा और बायोटेक कंपनियां ड्रग डिस्कवरी से क्लिनिकल रिसर्च तक एआई का इस्तेमाल बढ़ा रही हैं, जिससे कोडिंग, जीनोमिक्स और डाटा एनालिसिस जानने वालों के लिए नए अवसर बन रहे हैं। अल्फाफोल्ड जैसे एआई टूल्स ने शोध व प्रोटीन संरचना के अध्ययन को तेज किया है।

### कौन से कौशल जरूरी

करियर काउंसलर अनूप गुलाटी के अनुसार, भारत में कॉलेज की पढ़ाई और इंडस्ट्री की जरूरतों के बीच बड़ा अंतर है। कंपनियों को गुड मैन्यूफैक्चरिंग प्रैक्टिस, गुड लैबोरेट्री प्रैक्टिस, डॉक्यूमेंटेशन की समझ के साथ पायथन, एआई, एमएल, डाटा एनालिटिक्स और स्टैटिस्टिक्स जानने वाले पेशेवर चाहिए। जेनेटिक्स, मॉलिक्यूलर बायोलॉजी, बायोकैमिस्ट्री और सेल बायोलॉजी की बुनियादी समझ बनाएं। वेट लैब का अनुभव, ड्राई लैब यानी कंप्यूटर आधारित प्रयोगों वाली लैब में पायथन/आर, लिनक्स और बायोइन्फॉर्मेटिक्स का अभ्यास तथा इंटर्नशिप-प्रोजेक्ट उपयोगी होंगे।

**किन भूमिकाओं की मांग :** एआई/एमएल साइंटिस्ट, कम्प्यूटेशनल बायोलॉजिस्ट, बायोइन्फॉर्मेटिक्स साइंटिस्ट, प्रोटीन डिजाइन व सिंथेटिक बायोलॉजी इंजीनियर, मल्टी-ओमिक्स/सिंगल-सेल डेटा एनालिस्ट, क्लिनिकल डाटा साइंटिस्ट, डिजिटल पैथोलॉजी व मेडिकल इमेजिंग स्पेशलिस्ट और बायोप्रोसेस डाटा इंजीनियर जैसी भूमिकाएं तेजी से उभर रही हैं। फार्माकोविजिलेंस, रेगुलेटरी अफेयर्स, सेल-एंड-जीन थेरेपी मैन्युफैक्चरिंग, मेडिकल राइटिंग और लैब ऑटोमेशन में भी अवसर हैं।

**वेतन :** 5-10 लाख रुपये वार्षिक से शुरुआत होती है। अनुभव के साथ मिड लेवल पर वेतन 12-25 लाख रुपये सालाना तक पहुंच सकता है।

**अपस्किलिंग के लिए :** एनपीटीईएल, स्वयं, ईडीएक्स, कोर्सेरा, उडेमी व डीपलर्निंग.एआई पर बायोइन्फॉर्मेटिक्स, एआई और कम्प्यूटेशनल बायोलॉजी के कौशल सीखे जा सकते हैं।

**12वीं के बाद :** रिसर्च, बायोइन्फॉर्मेटिक्स या उच्च शिक्षा के लिए बीएससी बायोटेक्नोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी, बायोकैमिस्ट्री या लाइफ साइंसेज, जबकि बायोटेक इंडस्ट्री के लिए बीटेक बायोटेक्नोलॉजी और फार्मास्यूटिकल इंडस्ट्री के लिए बीफार्मा विकल्प हैं। रिसर्च में रुचि रखने वाले छात्र आईआईएसईआर, एनआईएसईआर, केंद्रीय विश्वविद्यालयों और डीबीटी-सपोर्टेड संस्थानों के इंटीग्रेटेड एमएससी प्रोग्राम देख सकते हैं। आगे स्पेशलाइजेशन और मास्टर्स कोर्स चुनें।

**प्रमुख परीक्षाएं :** एमएससी के लिए जीएटी-बी/सीयूईटी-पीजी, एमटेक। रिसर्च के लिए गेट, पीएचडी/जेआरएफ के लिए सीएसआईआर-यूजीसी नेट, डीबीटी-जेआरएफ, आईसीएमआर-जेआरएफ/ आईसीएआर और एमफार्म के लिए जीपैट।

**प्रमुख संस्थान :** आईआईएससी बैंगलोर, जेएनयू, आईआईटी दिल्ली, एनआईपीईआर, गुजरात बायोटेक्नोलॉजी यूनिवर्सिटी, दिल्ली यूनिवर्सिटी और वीआईटी आदि।

**गैर-तकनीकी छात्रों के लिए :** डॉ. कार्तिक उनियाल, असिस्टेंट प्रोफेसर, बायोकैमिस्ट्री एंड बायोटेक्नोलॉजी विभाग, सरदार भगवान सिंह यूनिवर्सिटी, देहरादून के अनुसार, गैर-तकनीकी शिक्षा के युवा भी इस क्षेत्र में आ सकते हैं। बायोलॉजी की बुनियादी समझ, ड्रग डेवलपमेंट, क्लिनिकल ट्रायल, डाटा एनालिटिक्स, बायोइन्फॉर्मेटिक्स सीखें। इंटर्नशिप मददगार होंगे।

### यहां बनेंगे नए अवसर

नीति आयोग के रोडमैप में एआई, कम्प्यूटेशनल बायोलॉजी और उन्नत बायोमैन्युफैक्चरिंग को बायोटेक के अगले चरण की प्रमुख दिशाओं में रखा गया है। बायोटेक में पारंपरिक लैब भूमिकाओं के अलावा तकनीक, डाटा, मैन्युफैक्चरिंग व क्लिनिकल रिसर्च से जुड़े रोजगार के नए रास्ते खुलेंगे।

- **बायोफार्मा और बायोलॉजिक्स :** जीवित कोशिकाओं, बैक्टीरिया या पौधों से जटिल दवाएं, वैक्सीन व एंटीबॉडी तैयार कर बायो-रिएक्टरों में सुरक्षित उत्पादन करना।
- **बायोसिमिलर्स :** पेटेंट समाप्त होने वाली महंगी जेनेटिक दवाओं के किफायती विकल्प बनाना। भारत वैश्विक स्तर पर इसका बड़ा हब बन रहा है।
- **क्लिनिकल रिसर्च व बायोइन्फॉर्मेटिक्स :** जैविक डेटा विश्लेषण, क्लिनिकल ट्रायल, डेटा सेफ्टी और पेशेंट मॉनिटरिंग में विशेषज्ञों की मांग बढ़ेगी।
- **जीनोमिक्स :** डीएनए-आधारित टेस्ट और प्रिवेंटिव हेल्थकेयर का बाजार तेजी से बढ़ रहा है। इनसे बीमारी का जोखिम पहले ही जाना जा सकता है।
- **एग्री-बायोटेक /फूड टेक :** ऑल्टरनेटिव प्रोटीन (सस्टेनेबल फूड), बायो-फ्यूल और इंडस्ट्रियल एंजाइम्स आदि के क्षेत्र में काम करना।
- **इंडस्ट्रियल बायोटेक :** केमिकल्स की जगह एन्जाइम्स व बैक्टीरिया का उपयोग कर बायो-प्लास्टिक, बायोफ्यूल और पर्यावरण के अनुकूल उत्पाद बनाना।

**691**

अरब डॉलर तक की बायोइकोनॉमी बनाने का लक्ष्य है भारत का 2035 तक। वहीं, 2047 तक लक्ष्य 2.6 खरब डॉलर का है।

### विशेषज्ञ की राय

एक बीएससी छात्र के तीन अच्छे प्रोजेक्ट, बिना प्रोजेक्ट अनुभव वाले एमएससी छात्र से उसे आगे कर सकते हैं। ज्ञान का मूल्य उसके व्यावहारिक इस्तेमाल में है। कंपनियां सैद्धांतिक ज्ञान के साथ प्रोजेक्ट और इंटर्नशिप अनुभव रखने वाले पेशेवरों को प्राथमिकता देती हैं।

– **शेखर सुमन,** को-फाउंडर एवं सीईओ, बायोटेकनिका इन्फो लैब्स प्राइवेट लिमिटेड, बेंगलुरु

## जॉब/करियर

- मध्य प्रदेश के जिला न्यायालयों में सहायक ग्रेड-III की सीधी भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की गई है। आवेदन ऑनलाइन करना होगा।
  **कुल पद :** 1174
  **अंतिम तिथि :** 15 सितंबर 2026
  **आवेदन प्रक्रिया :** वेबसाइट है: **mphc.gov.in**
- राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर में जूनियर इंजीनियर के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की गई है।
  **कुल पद :** 874
  **अंतिम तिथि :** 14 सितंबर 2026
  **आवेदन प्रक्रिया :** ऑनलाइन माध्यम से। वेबसाइट **rssb.rajasthan.gov.in** पर जाएं।
- एअरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया में मैनेजर एवं जूनियर एग्जीक्यूटिव के पद रिक्त हैं।
  **कुल पद :** 389
  **अंतिम तिथि :** 07 सितंबर 2026
  **आवेदन प्रक्रिया :** ऑनलाइन। देखें यह वेबसाइट **aai.aero**
- डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विसेज अथॉरिटी (डीएलएसए), शेखपुरा में पैरा लीगल वॉलंटियर के पद भरे जाएंगे। आवेदन पंजीकृत डाक द्वारा निर्धारित पते पर भेजना होगा या स्वयं जाकर जमा कर सकते हैं।
  **कुल पद :** 100
  **अंतिम तिथि :** 11 सितंबर 2026
  **आवेदन प्रक्रिया :** वेबसाइट देखें- **sheikhpura.dcourts.gov.in**



- जनपद कानपुर, उत्तर प्रदेश के शहरी एवं ग्रामीण परिक्षेत्रों में आंगनबाड़ी सहायिकाओं के पदों पर आवेदन लिए जा रहे हैं।
  **कुल पद :** 307
  **अंतिम तिथि :** 05 सितंबर 2026
  **आवेदन प्रक्रिया :** ऑनलाइन। वेबसाइट **upanganwadibharti.in** पर जाएं।
- रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड द्वारा डिपो मैटीरियल सुपरिटेंडेंट एवं जूनियर इंजीनियर के विभिन्न पदों पर आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।
  **कुल पद :** 4029
  **अंतिम तिथि :** 13 सितंबर 2026
  **आवेदन प्रक्रिया :** वेबसाइट है- **rrbapply.gov.in**
- बैंक ऑफ बड़ौदा में लोकल बैंक अधिकारी के पद भरे जाएंगे। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया जारी है।
  **कुल पद :** 2482
  **अंतिम तिथि :** 07 सितंबर 2026
  **आवेदन प्रक्रिया :** वेबसाइट देखें- **bankofbaroda.bank.in**

(नोट : आवेदन करने से पहले आधिकारिक वेबसाइट से अपने स्तर पर जांच कर लें)

## भेजें अपना सवाल

करियर या शैक्षिक कोर्स संबंधी आपके मन में कोई उलझन है या कोई जानकारी चाहते हैं, तो आप हमें अपने सवाल नीचे दी गई ईमेल पर भेज सकते हैं। हमारे विशेषज्ञ उसके जवाब देंगे। इस ईमेल आईडी का उपयोग करें **nayiraheincareer@gmail.com**



# न्यायिक सेवा में प्रवेश की पहली सीढ़ी एलएलबी

## एक्सपर्ट टिप्स



डॉ. संजीब कुमार आचार्य
सीनियर करियर काउंसलर

**■ मैंने कॉमर्स से 12वीं की है और ज्यूडिशियल ऑफिसर बनना चाहता हूं। जल्द सफलता पाने के लिए तैयारी कब व कैसे शुरू करूं?**
**- अंशुल राज**

ज्यूडिशियल ऑफिसर बनने के लिए एलएलबी की डिग्री जरूरी है। 12वीं के बाद कानून की डिग्री हासिल करने के दो रास्ते हैं, जिसके बाद ज्यूडिशियल सर्विस की भर्ती परीक्षा में शामिल हो सकते हैं।

पहला विकल्प 12वीं के बाद पांच वर्षीय इंटीग्रेटेड एलएलबी करना है, जैसे बीए एलएलबी, बीबीए एलएलबी या बीकॉम एलएलबी। इसमें किसी भी स्ट्रीम के छात्र प्रवेश ले सकते हैं। 2026 सत्र में दाखिले बंद हो चुके हैं, इसलिए अब 2027 में प्रवेश लेना होगा। यह ज्यूडिशियल ऑफिसर बनने का सबसे सीधा रास्ता है। 12वीं के बाद सीएलएटी, एआईएलईटी, एसएलएटी और एमएच सीईटी लॉ (5-वर्षीय) जैसी प्रमुख प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी करें। सीएलएटी कई नेशनल लॉ यूनिवर्सिटीज, एआईएलईटी एनएलयू दिल्ली, एसएलएटी सिम्बायोसिस लॉ स्कूल और एमएच सीईटी लॉ महाराष्ट्र के लॉ कॉलेजों में प्रवेश के लिए होता है। इसके अलावा अपनी पसंद के विश्वविद्यालयों की प्रवेश परीक्षाओं की जानकारी भी लें।

दूसरा विकल्प तीन या चार वर्षीय बीकॉम के बाद तीन वर्षीय एलएलबी करना है। इससे 2026 में ही ग्रेजुएशन शुरू किया जा सकता है और एक साल का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। इसके बाद कानून की पढ़ाई पूरी कर ज्यूडिशियल सर्विस परीक्षा की तैयारी की जा सकती है।

सुप्रीम कोर्ट के 21 अगस्त 2026 के फैसले के बाद व्यापक रास्ता होगा- एलएलबी, फिर एक साल की वास्तविक कानूनी प्रैक्टिस, फिर राज्य न्यायिक सेवा परीक्षा, उसके बाद एक साल की न्यायिक अकादमी ट्रेनिंग। इसके बाद एक साल की स्ट्रक्चर्ड क्लर्कशिप। इसके बाद ही ज्यूडिशियल ऑफिसर के रूप में नियुक्ति होगी। हालांकि, अंतिम प्रक्रिया संबंधित राज्य के नियमों पर निर्भर करेगी।

तैयारी जितनी जल्दी शुरू करें, उतना बेहतर है। शुरुआत से लीगल एप्टीट्यूड, करेंट अफेयर्स, अंग्रेजी, रीजनिंग और कानून की बुनियादी समझ पर ध्यान दें। मजबूत आधार ज्यूडिशियल सर्विस परीक्षा में सफलता की संभावना बढ़ाता है।

**■ मेरी बेटी 12वीं पास है। वह बीपीए कोर्स करना चाहती है। इस कोर्स के बाद करियर के क्या विकल्प हैं? एडमिशन प्रक्रिया, प्रमुख संस्थानों और फीस की भी जानकारी दें।**
**-कल्याणी झा**

बैचलर ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स (बीपीए) आमतौर पर तीन या चार वर्ष की स्नातक डिग्री है, जिसमें नृत्य, थिएटर, संगीत या फिल्म जैसे विषय शामिल होते हैं। इस कोर्स के बाद परफॉर्मर, कोरियोग्राफर, थिएटर निर्देशक, संगीतकार, फिल्म एवं टीवी अभिनेता, डांस एवं ड्रामा शिक्षक, आर्ट्स एडमिनिस्ट्रेटर और कंटेंट क्रिएटर के रूप में करियर बनाया जा सकता है। ग्रेजुएशन के बाद इवेंट मैनेजमेंट, विज्ञापन और ओटीटी/मीडिया प्रोडक्शन जैसे क्षेत्रों में भी करियर बनाया जा सकता है, जहां रचनात्मक सोच और कहानी कहने की क्षमता काम आती है। अधिकांश संस्थानों में प्रवेश के लिए 12वीं पास होना और प्रवेश परीक्षा या ऑडिशन जरूरी होता है। इसके बाद पर्सनल इंटरव्यू लिया जा सकता है। कुछ संस्थान पोर्टफोलियो या ऑनलाइन परफॉर्मेंस वीडियो भी मांगते हैं। केंद्रीय विश्वविद्यालयों में प्रवेश के लिए सीयूईटी स्कोर जरूरी होगा। प्रमुख संस्थान हैं-

- दिल्ली विश्वविद्यालय
- बनारस हिंदू विश्वविद्यालय
- रवींद्र भारती विवि., कोलकाता
- शिव नादर विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा
- अंबेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली।
- इसके अलावा एमिटी, मणिपाल, क्राइस्ट और जैन विश्वविद्यालय भी बीपीए कोर्स कराते हैं।

सरकारी संस्थानों में फीस 15,000 से 50,000 रुपये सालाना, जबकि निजी विश्वविद्यालयों में सुविधाओं और स्पेशलाइजेशन के आधार पर 1-4 लाख रुपये सालाना तक हो सकती है। संस्थान चुनने से पहले ओपन डे में जाएं और छात्रों की प्रस्तुतियां देखें। अपनी रुचि और योग्यतानुसार विशेषज्ञता चुनें। सफलता संस्थान से ज्यादा अच्छी ट्रेनिंग व मेहनत पर निर्भर करती है।

(www.sanjibacharya.com)

## हिन्दुस्तान क्विज-20

**हिन्दुस्तान अर्थात भारत की विकास यात्रा बहुआयामी रही है। इसी महायात्रा से हम पाठकों के लिए कुछ प्रश्न लेकर आए हैं, जो सामान्य ज्ञान के लिए उपयोगी हैं। पेश हैं भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी पार्थ सारथी सेन शर्मा के दस सवाल और उनके जवाब...**





1. अशोक चक्र से सम्मानित पहली महिला कौन थीं?
2. हिन्दुस्तान की वो एक मात्र कंपनी कौन सी है, जो निर्वाचन में प्रयोग होने वाली अमिट स्याही (इंडेलिबल इंक) बनाती है?
3. स्वतंत्र भारत के एकमात्र भारतीय गवर्नर जनरल कौन रहे हैं?
4. अध्यात्म के गुरु परमहंस योगानंद का जन्म किस शहर में हुआ था?
5. महाभारत में भीम और दुर्योधन को गदा चलाने की शिक्षा किसने दी थी?
6. किस हिन्दुस्तानी को आधुनिक हिंदी साहित्य का पितामह माना जाता है?
7. हिन्दुस्तान का एकमात्र सक्रिय ज्वालामुखी कहां स्थित है?
8. अधिकांश लोग कालिदास को संस्कृत का महानतम नाटककार मानते हैं, पर स्वयं कालिदास किसको महानतम मानते थे?
9. इंकलाब जिंदाबाद का नारा पहली बार किस हिन्दुस्तानी ने दिया?
10. बाघ से पहले हिन्दुस्तान का राष्ट्रीय पशु कौन सा था?

उत्तर : 1. नीरजा भनोट 2. मैसूर पेंट्स और वार्निश लिमिटेड 3. चक्रवर्ती राजगोपालाचारी 4. गोरखपुर 5. बलराम 6. भारतेंदु हरिश्चंद्र 7. अंडमान निकोबार द्वीप समूह में 8. भास 9. हसरत मोहानी ने 10. एशियाई शेर

## रोजनामचा



**पं. राघवेन्द्र शर्मा**
ज्योतिषाचार्य

**स्कैन करें** भविष्यफल और व्रत-त्योहार जानने के लिए

**मेष :** मन अशांत रहेगा। धैर्यशीलता बनाए रखें। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में वृद्धि होगी। भागदौड़ भी अधिक रहेगी। यात्रा से लाभ में वृद्धि होगी।

**वृष :** मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें तथा बातचीत में भी संतुलित रहें। लेखन आदि बौद्धिक कार्यों से सम्मान की प्राप्ति होगी। आय में वृद्धि होगी।

**मिथुन :** मन अशांत रहेगा। संयत रहें। धैर्यशीलता बनाए रखें। कारोबारी कार्यों में भागदौड़ बढ़ सकती है। किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। लाभ में वृद्धि होगी।

**कर्क :** आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यक्षेत्र में वृद्धि होगी। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

**सिंह :** आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परंतु मन परेशान भी हो सकता है। धैर्यशीलता में कमी हो सकती है। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। खर्चों में बढ़ोतरी होगी।

**कन्या :** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। लेखन आदि कार्यों से सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। लंबे समय बाद किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है।

**तुला :** मन परेशान रहेगा। वाहन सुख में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र तथा आय में वृद्धि भी होगी।

**वृश्चिक :** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। सेहत का ध्यान रखें। नौकरी के लिए परीक्षा व साक्षात्कार आदि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**धनु :** मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। फिर भी वाणी में मधुरता रहेगी। नौकरी में तरक्की के योग बन रहे हैं। आय में वृद्धि होगी।

**मकर :** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। माता की सेहत का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। कारोबार में कठिनाई आ सकती है। आय में कमी आ सकती है। पिता का साथ मिलेगा।

**कुंभ :** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान रहेगा। परिवार व मित्रों के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। माता की सेहत का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे।

**मीन :** मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के योग बन रहे हैं। आय में वृद्धि होगी।

### व्रत और त्योहार | पंचांग | पं. ऋभुकांत गोस्वामी

27 अगस्त, गुरुवार, **शक संवत्:** 05, भाद्रपद (सौर) 1948 **पंजाब पंचांग:** 11, भाद्रपद मास प्रविष्टे 2083, **इस्लाम:** 13, रबि-उल्लावल, 1448, **विक्रमी संवत्:** श्रावण शुक्ल चतुर्दशी तिथि प्रातः 09.09 मिनट तक पश्चात पूर्णिमा तिथि, धनिष्ठा नक्षत्र रात्रि 02.16 मिनट तक पश्चात शतभिषा नक्षत्र, शोभन योग प्रातः 07.56 मिनट तक पश्चात अतिगण्ड योग, चन्द्रमा मकर राशि में दोपहर 01.36 मिनट तक, उपरांत कुंभ राशि। **सूर्य दक्षिणायन।** दोपहर 01.30 मिनट से अपराह्न 03 बजे तक राहुकालम्। श्री सत्यनारायण व्रत। हयग्रीव जयन्ती।

### वास्तु सलाह | आचार्य मुकुल रस्तोगी

**घर में अचानक से कभी वाद-विवाद हो जाए, तो कौन से उपाय किए जाएं-**

- घर के मुख्य द्वार पर यदि पुरानी बंदनवार लगी हुई हो तो उसे हटा दें।
- घर में स्टोर में यदि आपके पूर्वजों के पुराने कपड़े आदि पड़े हैं, तो उन्हें हटा दें।
- घर के चारों कोनों में आंकड़े के तीन-तीन सफेद फूल लेकर चारों कोनों में रख दें। तीन दिन तक रखने के बाद उन्हें बाहर फेंक दें।
- परिवार के सदस्यों का एक चित्र अपने घर में नार्थ वेस्ट में लगाएं, जिसके फ्रेम में मोती लगे हों। घर में इक्कीस दिन तक लगातार गंगाजल में हल्दी मिलाकर छिड़कें। प्रतिदिन खाना बनाते समय तवा गर्म होने पर उसपर दूध से छीटें दें।

### वर्ग पहेली : 8433



**बाएं से दाएं**
1. गला रुंध जाना; भावुक हो जाना (2,2,2)
5. अंबर; आसमान; गगन; नभ (3)
6. केवट; नाव चलाने वाला; मल्लाह; मांझी (3)
7. भुजंग; सांप; बादल; मेघ (2)
10. नियम; इंद्रिय वश में रखने का कार्य (2)
12. किसी के नाम से उसका माल बिकना; किसी के नाम से उसकी इज्जत होना (2,3)
13. नाक से सुरकी जाने वाली औषध; सुंघनी (2)
15. करतब दिखाने वाली एक जाति; बाजीगर; शैलाली; अभिनेता; नाटक खेलने वाला (2)
17. मानदंड; स्तर (3)
18. अलग करना; चुनना; काटना (3)
19. उन्नति करना; प्रसार करना; फैलना; बढ़ना; विस्तार करना; बस्ती बनाना (3,3)

**ऊपर से नीचे**
1. आकलन करना; हिसाब करना (3,3)
2. धीमा शब्द; अस्पष्ट ध्वनि; उड़ती हुई खबर (3)
3. दर्पण; शीशा (3)
4. वकील का पेशा; किसी दूसरे के लिए की गई पैरवी (4)
8. उदरस्थ करना; खाना; निगलना (4)
9. पक्षधरता; पैरवी; हिमायत; किसी मत का पोषण (4)
11. गाढ़ापन खत्म करना; छीलना; बारीक करना; हलका करना (3,3)
14. एकत्रित करना; सहेजना (4)
16. बूंद-बूंद गिरने वाला; टपकी हुई वस्तु (3)
17. नशीला; नशे वाला (3)

**हरीश चन्द्र सन्सी, विविधा विधा, दिल्ली**
(उत्तर अगले अंक में)

### वर्ग पहेली : 8432

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 अ | ■ | 2 प | ति | 3 त | पा | 4 व | न | ■ |
| भि | ■ | ह | ■ | ल्ली | ■ | र | ■ | 5 ख्या |
| 6 नं | द | न | व | न | ■ | 7 प | त | ली |
| द | ■ | ना | ■ | ■ | 8 क | क्ष | ■ | पु |
| 9 न | ग | ■ | 10 आ | द | र | ■ | 11 क्र | ला |
| क | ■ | 12 रो | ना | ■ | ■ | 13 भ | ■ | व |
| 14 र | क्ष | क | ■ | 15 अ | मि | ट | छा | प |
| ना | ■ | टो | ■ | ष्ट | ■ | क | ■ | का |
| ■ | 16 स | क | प | का | जा | ना | ■ | ना |

### सुडोकू : 8387

*मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | | | | 3 | | |
| | 4 | 7 | 1 | | | | | |
| | | | | 9 | 3 | | | 5 |
| | 3 | | | | 1 | 5 | | |
| | 9 | | 4 | | 6 | | 1 | |
| | | 4 | 5 | | | | 7 | |
| 9 | | | 7 | 5 | | | | |
| | | | | | 8 | 4 | 3 | |
| | | 8 | | | | 2 | | |

**खेलने का तरीका :** दिमागी खेल और नंबरों की पहेली है यह। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3x3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।

### सुडोकू : 8386

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | 9 | 5 | 3 | 8 | 6 | 2 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 6 | 7 | 2 | 1 | 9 | 5 |
| 5 | 2 | 6 | 9 | 1 | 4 | 8 | 7 | 3 |
| 8 | 4 | 2 | 1 | 6 | 3 | 9 | 5 | 7 |
| 6 | 9 | 3 | 4 | 5 | 7 | 2 | 1 | 8 |
| 1 | 5 | 7 | 8 | 2 | 9 | 4 | 3 | 6 |
| 9 | 7 | 5 | 2 | 8 | 6 | 3 | 4 | 1 |
| 2 | 6 | 1 | 3 | 4 | 5 | 7 | 8 | 9 |
| 3 | 8 | 4 | 7 | 9 | 1 | 5 | 6 | 2 |

कल्पमेधा

*बुरा व्यक्ति उस समय और भी बुरा हो जाता है, जब वह अच्छा होने का ढोंग रचता है।*
*- फ्रांसिस बेकन*

## बाढ़ की त्रासदी

तिब्बत से लगे नेपाल के रसुवा और आसपास के क्षेत्रों में बुधवार को आई बाढ़ से बड़े पैमाने पर हुए जान-माल के नुकसान ने सभी को झकझोर दिया है। इस त्रासदी में कई लोगों की जान चली गई, जबकि पांच सौ से ज्यादा लापता हैं, जिनमें सौ से अधिक भारतीय भी शामिल हैं। बाढ़ से कई पुल बह गए और कम से कम एक दर्जन जलविद्युत परियोजनाएं क्षतिग्रस्त हो गईं। प्रारंभिक अध्ययन रिपोर्टों और उपग्रह से ली गई तस्वीरों के विश्लेषण से पता चला है कि नेपाल-तिब्बत सीमा के पास पहाड़ी से चट्टानों के खिसकने के बाद बाढ़ आई। यानी यह हिमालय की संवेदनशीलता और उसकी पारिस्थितिकीय प्रकृति को समझने तथा विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन बनाने को लेकर एक गंभीर चेतावनी है। बाढ़ की खौफनाक तस्वीरों से यह समझना मुश्किल नहीं है कि जब प्रकृति अपना रौद्र रूप दिखाती है, तो मानव सभ्यता उसके आगे बेबस हो जाती है। प्रकृति और मनुष्य का संबंध अत्यंत गहरा एवं परस्पर निर्भरता पर आधारित है और जब इसमें कृत्रिम असंतुलन होता है, तो यह विनाशकारी घटनाओं का कारण बनता है।

खबरों के मुताबिक, सबसे पहले भोटे कोशी नदी में अचानक बाढ़ आई, जिससे तिब्बत की सीमा से लगे नेपाल के रसुवा और धादिंग जिले प्रभावित हुए। पानी और मलबे का बहाव इतना तेज था कि आसपास के धादिंग, नुवाकोट और चितवन जिले भी इसकी चपेट में आ गए। बाढ़ से लापता भारतीयों में से ज्यादातर तिब्बत में कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए जा रहे थे। नेपाल के बाढ़ पूर्वानुमान प्रभाग के मुताबिक, पहाड़ी से चट्टानों एवं मिट्टी के खिसकने से नदी अवरुद्ध हो गई और वहां बनी झील के टूटने से भीषण बाढ़ आई। यह त्रासदी इस बात का संकेत है कि हिमालयी क्षेत्र पारिस्थितिकीय रूप से कितना संवदेनशील है। प्रकृति हमें जल, वायु, भूमि, वन और जीवन के लिए आवश्यक अनेक संसाधन प्रदान करती है। मगर विकास और आधुनिक जीवन की दौड़ में मनुष्य ने प्रकृति के साथ संतुलन बनाए रखने के बजाय उसका अंधाधुंध दोहन शुरू कर दिया है। जंगलों की कटाई, पहाड़ों का अतिक्रमण, नदियों के मार्गों में हस्तक्षेप और अनियोजित निर्माण जैसे कार्यों का परिणाम बाढ़ जैसी विनाशकारी त्रासदियों के रूप में सामने आ रहा है।

सबसे बड़ी विडंबना यह है कि जिन नदियों को नेपाल की अर्थव्यवस्था और ऊर्जा-संभावना की जीवनरेखा माना जाता है, उन्हीं के किनारे बेतरतीब बस्तियां, सड़कें और अन्य ढांचागत संरचनाएं तैयार कर दी गई हैं। विकास आवश्यक है, लेकिन इस क्रम में पहाड़ों की प्रकृति की अनदेखी अंततः जोखिम का विस्तार बन जाता है। जलवायु परिवर्तन ने इस समस्या को और गंभीर बना दिया है। मौसम का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। कहीं लंबे समय तक सूखा पड़ता है, तो कहीं बहुत कम समय में अत्यधिक वर्षा या बादल फटने की घटनाएं बढ़ रही हैं। साफ है कि पर्यावरण के साथ छेड़छाड़ बाढ़ जैसी त्रासदी को जन्म देती है। बहरहाल, विदेश मंत्रालय का कहना है कि नेपाल में बाढ़ से प्रभावित भारतीय नागरिकों के बचाव और उन्हें राहत पहुंचाने के लिए वहां की सरकार के साथ लगातार संपर्क एवं समन्वय किया जा रहा है। मगर, इस बाढ़ से नेपाल के साथ लगते बिहार और उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में भी खतरा मंडराने लगा है। केंद्र और राज्य सरकारों को चाहिए कि वहां एहतियाती तौर पर सुरक्षा के माकूल प्रबंध किए जाएं, ताकि किसी तरह के नुकसान से बचा जा सके।

## संकट की आहट

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में स्वाइन फ्लू के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं, जो सरकार और नागरिकों दोनों के लिए चेतावनी का संकेत है। बीते चौबीस घंटे में यहां 138 नए मामले सामने आए, जिससे कुल प्रभावित लोगों की संख्या 2,446 हो गई है। हालांकि सरकार सतर्क नजर आ रही है और उसकी तैयारियों एवं अधिकारियों की नियमित बैठकों से स्पष्ट है कि स्थिति गंभीर होती जा रही है। मगर सवाल है कि स्वाइन फ्लू के छिटपुट मामले पिछले कुछ वर्षों से सामने आते रहे हैं, लेकिन इस बार ऐसा क्या हुआ कि इस बीमारी से पीड़ितों की संख्या लगातार बढ़ रही है? क्या शुरू में इस बीमारी को गंभीरता से न लेने की वजह से इसका प्रसार इतनी तेजी से हुआ है? जाहिर है कि अगर समय रहते लोगों को सचेत करने के साथ ही स्वास्थ्य व्यवस्था के तंत्र को अतिरिक्त सावधानी बरतने के लिए तैयार कर दिया गया होता, तो स्थिति को शुरू में ही नियंत्रित किया जा सकता था। अगर अब भी सरकार की ओर से जमीनी स्तर पर व्यवस्थाओं को चुरस्त-दुरुस्त नहीं किया गया, तो जो जटिल स्थितियां पैदा होंगी, उनसे निपटना आसान नहीं होगा।

निस्संदेह यह समय सभी के लिए सजग रहने का है, क्योंकि देश के अन्य राज्यों में भी स्वाइन फ्लू के मामले सामने आ रहे हैं। दिल्ली के अस्पतालों में इस बीमारी के लक्षणों वाले रोगियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। हालांकि, भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद ने स्पष्ट किया है कि कोई नया विषाणु नहीं आया है, यह हर साल आने वाली मौसमी बीमारी है। बावजूद इसके आम नागरिकों को भी अतिरिक्त सावधानी बरतनी चाहिए और चिकित्सकों के परामर्श पर अमल करना चाहिए। स्वच्छता का ध्यान रखने और भीड़भाड़ वाली जगहों से परहेज करने की जरूरत है। शासन-प्रशासन को भी कोरोनाकाल के कटु अनुभवों को ध्यान में रखते हुए दिल्ली और दूसरे राज्यों के अस्पतालों में दवाइयों एवं चिकित्सकों की पर्याप्त व्यवस्था करनी होगी, ताकि मरीजों के उपचार में किसी तरह की कमी न रहे। इसके साथ ही आम लोगों को बचाव के उपायों और उचित समय पर चिकित्सकीय सलाह लेने के संबंध में जागरूक करने की भी जरूरत है।

# व्यवस्था में जवाबदेही की दरकार



**आज देश में ज्यादातर जगहों पर व्यवस्था भ्रष्टाचार में उलझी हुई नजर आती है। इसे जड़ से खत्म करने के दावे तो किए जाते हैं, लेकिन उन्हें हकीकत में बदलने की इच्छाशक्ति गौण है।**

**सुरेश सेठ**

भारतीय राजनीति के चेहरे को पहचानना अब आसान नहीं है। नेता जब चुनाव मैदान में उतरते हैं, तो उनके खास नारों में भूख मिटाने और बेरोजगारों को नौकरियां देने के वादे शामिल रहते हैं। भ्रष्टाचार खत्म कर देने के भी पुरजोर दावे होते हैं। मगर जब वे सत्ता में आते हैं, तो इन सभी मुद्दों पर चुप्पी साध लेते हैं। विचित्र बात यह है कि पद संभालते ही उनका एक प्रिय संदेश होता है कि भ्रष्टाचार कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। तब जिस लोक कल्याणकारी व्यवस्था की कल्पना वे प्रस्तुत करते हैं, उसमें किसी को भी भूख से न मरने देने की गारंटी तो होती है, लेकिन नौकरियां देने का कोई संकल्प नहीं होता। यह विडंबना नहीं, तो और क्या है। देश को डिजिटल और कृत्रिम मेधा में सर्वश्रेष्ठ बना देने की बड़ी-बड़ी बातें होती हैं, लेकिन महत्त्वपूर्ण परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक नहीं होंगे, इसकी कोई गारंटी नहीं होती। सत्तारूढ़ नेताओं के प्रिय वाक्यों में एक यह भी रहता है कि इस बार बरसात का सामना करने के लिए हम तैयार हैं। जनता को आवागमन में कोई दिक्कत नहीं होगी। जलभराव को रोकने और जनजीवन को सुरक्षित रखने के लिए सभी उपाय कर लिए गए हैं। मगर हकीकत में ऐसा कुछ भी नहीं होता। कुछ घंटों की बारिश में ही सड़कें जलमग्न हो जाती हैं। ज्यादातर रास्तों पर बने गड्ढे अंधे कुएं में बदल जाते हैं।

हरियाणा का गुरुग्राम औद्योगिक और व्यावसायिक दृष्टि से आधुनिक है। यहां भी यह हाल है कि पिछले दिनों दो घंटे की तेज बारिश से इलाका जलमग्न हो गया। इससे पता चलता है कि हमारी व्यवस्था किस कदर विफल है। देश भ्रष्टाचार के दलदल में अगर डूबा है, तो इसके लिए जिम्मेदार वे नेता हैं, जो यह दावा करते आए हैं कि भ्रष्टाचार को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और फिर उसे होने देते हैं। भ्रष्टाचार के आरोप में कुछ नेता अवश्य पकड़े जाते हैं, लेकिन ऐसा कभी नहीं पाया गया कि किसी को बड़ी सजा दी गई हो और उसका दूरगामी प्रभाव पड़ा हो। दूसरी ओर, राज्य सरकारें अपने-अपने क्षेत्रों में निवेश आकर्षित करने के लिए नियम बनाती हैं, लेकिन जब वे असुविधा पैदा करने लगते हैं, तो भ्रष्ट आचरण शुरू हो जाता है। हर फाइल को आगे बढ़ाने के लिए चांदी के पहिए लगाए जाते हैं। इनको ढोने वाले बीच के लोग भी इस संस्कृति के वाहक बन जाते हैं। इस लिहाज से देखें, तो मानसून में जलभराव न सिर्फ प्रशासनिक लापरवाही, बल्कि भ्रष्ट तौर-तरीके अपनाने वाले तंत्र की कलई भी खोलते हैं।

एक उदाहरण उत्तर प्रदेश से लिया जा सकता है। यहां 4,200 करोड़ रुपए की लागत से 63 किलोमीटर लंबे लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन कुछ समय पहले हुआ था। तब इसे राज्य में आवागमन के लिए बड़ी उपलब्धि बताया गया था। यह भी कहा गया कि इस मार्ग से यात्रा करने में समय की बहुत बचत होगी। मगर जब बारिश हुई, तो जिस एक्सप्रेस-वे को वर्षों तक चलना था, वह एक महीने में ही धंस गया। दावा किया गया कि राजमार्ग आधुनिक तरीके से बनाया गया है। यह भी कहा गया कि अमेरिका और जर्मनी के बाद भारत में पहली बार नई तकनीक से सड़क बनी है। मगर क्या वजह



रही कि इस मार्ग पर बारिश पड़ते ही उन्नाव से लखनऊ के बीच पैंतालीस किलोमीटर के हिस्से में इतनी टूट-फूट हो गई कि चालीस जगह उसकी मरम्मत कराने की जरूरत पड़ गई। आज कहीं से कोई सवाल नहीं उठता। इस बार भी किसी ने नहीं पूछा कि जिस सड़क को मजबूत बनाने का दावा

> **आज देश में विकास के दावे तो किए जा रहे हैं, लेकिन इस क्रम में भ्रष्ट तंत्र ने बाधाएं भी खड़ी की हैं। ऐसी स्थिति में समाधान एक ही है- 'यहां सब चलता है' की मनोवृत्ति को अब बदलना होगा। बिचौलिया संस्कृति को खत्म करना होगा। निर्माण कार्यों का ईमानदारी से निरीक्षण हो। काम पूरा होने का प्रमाणपत्र सभी कसौटियों पर परख के बाद ही दिया जाए। यह निराशाजनक ही है कि ज्यादातर जगहों पर ऐसा नहीं हो रहा है। आज भ्रष्टाचार में जकड़ी हुई व्यवस्था को दुरुस्त करने की जरूरत है। यह तभी संभव होगा, जब संबंधित विभागों और उनके आला अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी और सख्त नियम बना कर दोषियों को न्याय के कठघरे में लाया जाएगा। समूचे तंत्र में बुनियादी परिवर्तन अब समय की जरूरत है।**

किया गया था, वह निर्माण के एक महीने से भी कम समय में कैसे खराब हो गई? किन ठेकेदारों ने इसे बनाया और किन अधिकारियों ने इसके गुणवत्तापूर्ण निर्माण की मंजूरी दी। सवाल कोई नहीं पूछेगा। कोई पूछ भी लेगा, तो उसे जवाब नहीं मिलेगा। इस मामले में बस इतना भर हुआ कि मरम्मत पूरी होने तक, टोल टैक्स लेना बंद कर दिया गया और ठेकेदार को काली सूची में डाल दिया गया। मगर सवाल यह है कि एक्सप्रेस-वे पर आवागमन शुरू करने के लिए जिन अफसरों ने हरी झंडी दिखाई, उन पर कार्रवाई क्यों नहीं हुई? हालांकि अब जांच होगी, लेकिन भ्रष्टाचार की कीमत उस जांच को खा जाएगी। यह स्थिति उत्तर प्रदेश में ही नहीं, बल्कि सभी जगह यही हाल है।

आज जहां भी बारिश होती है, शहरों के नियंत्रण कक्ष में गंदे पानी की आपूर्ति से लेकर जलभराव की शिकायतों का अंबार लग जाता है। यह देश में आम नजारा है कि एक घंटा बारिश होती है और तीन-चार घंटे तक सड़कों पर पानी जमा रहता है। ऐसी तस्वीरें पंजाब से लेकर दिल्ली और बिहार से लेकर मुंबई तक में आमतौर पर दिखाई देती है। जलभराव की वजह यह है कि नालों और सीवर की समय पर सफाई नहीं होती। उखड़ी हुई सड़कों की मानसून से पहले मरम्मत नहीं होती। विचित्र बात है कि बरसात के दिनों में ही नई योजनाएं शुरू होती हैं। दूसरी ओर, नदी-नालों से लेकर बांधों तक से गाद नहीं हटाई जाती। अलबत्ता वादे जरूर किए जाते हैं, लेकिन उन पर अमल नहीं किया जाता। इसकी वजह समझना कोई मुश्किल नहीं है।

आज देश में विकास के दावे तो किए जा रहे हैं, लेकिन इस क्रम में भ्रष्ट तंत्र ने बाधाएं भी खड़ी की हैं। जहां-जहां नई बस्तियां विकसित की गईं, उसकी आड़ में नदियों के किनारे अतिक्रमण कर रिहाइशी इमारतें भी बनाई गईं। विकास योजनाओं में लापरवाही बरती गई। नालों की सफाई में घोटाले का नतीजा यह कि बारिश में सड़कें लबालब भर जाती हैं। इसका सबसे बड़ा उदाहरण गुरुग्राम में दिखता है। जलंधर, लुधियाना और अमृतसर में तो राजमार्ग तक पानी भर जाता है। व्यवस्था किस कदर भ्रष्ट तंत्र का शिकार हो गई है, इसे इन मामलों से समझा जा सकता है। सवाल है कि अधिकारी समय से पहले काम पूरा होने पर ध्यान क्यों नहीं देते। अगर काम होता भी है, तो उसकी ईमानदारी से निगरानी कर ठेकेदारों पर सख्त कार्रवाई क्यों नहीं होती?

आज अधिकतर राज्यों में गंदे पानी की आपूर्ति की शिकायतें आम हैं। इस मामले में हर शहर में मनमानी और लापरवाही बरती जाती है। ठेकेदारों की सांठगांठ किसी से छिपी नहीं है। ठेका लेने वालों ने ईमानदारी से काम किया या नहीं, कहीं घटिया सामग्री का इस्तेमाल तो नहीं हुआ, इसकी किसी स्तर पर जांच नहीं होती। जब शिकायतें बढ़ जाती हैं, तब अधिकारी जागते हैं। मगर इससे पहले काम पूरा होने का प्रमाणपत्र ठेकेदारों को मिल चुका होता है। नतीजा यह कि अधूरे और लापरवाही से किए गए कार्यों को जनता झेलती है। ऐसी स्थिति में समाधान एक ही है- 'यहां सब चलता है' की मनोवृत्ति को अब बदलना होगा। बिचौलिया संस्कृति को खत्म करना होगा। निर्माण कार्यों का ईमानदारी से निरीक्षण हो। काम पूरा होने का प्रमाणपत्र सभी कसौटियों पर परख के बाद ही दिया जाए। यह निराशाजनक ही है कि ज्यादातर जगहों पर ऐसा नहीं हो रहा है। आज भ्रष्टाचार में जकड़ी हुई व्यवस्था को दुरुस्त करने की जरूरत है। यह तभी संभव होगा, जब संबंधित विभागों और उनके आला अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी और सख्त नियम बना कर दोषियों को न्याय के कठघरे में लाया जाएगा। समूचे तंत्र में बुनियादी परिवर्तन अब समय की जरूरत है।

# यादों का झरोखा

**सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**

वे दिन जो छिटक कर पीछे छूट गए हैं, वे कहीं मरते नहीं। वे बस मन की किसी भीगी हुई अलमारी के कोने में चुपचाप बैठ जाते हैं, जहां धूल तो जमती है, पर समय का पानी उन्हें धुंधला नहीं कर पाता। जब कभी आधी रात को गांव के घर की छप्पर से टपकती बूंदों की आवाज याद आती है या किसी पुराने सूटकेस से सूखे हुए गुलाब की महक उठती है, तो शरीर में सिरहन-सी दौड़ पड़ती है। इंसान सब कुछ कमा लेता है, ऊंचे से ऊंचे ओहदे पर बैठ जाता है, चमचमाती गाड़ियों की पिछली सीट पर बैठकर शहर की रोशनियों को निहारता है, लेकिन कहीं एक बच्चा अकेला खड़ा होकर अपनी मां के आंचल की छांव ढूंढ़ रहा होता है।

मनीषियों ने शायद ऐसे ही किसी विरह, ऐसी ही किसी तड़प को याद करते हुए लिखा था- 'जब दिल में पुराने किसी अपने के दूर चले जाने का तीव्र उद्वेग उमड़ता है, तो कंठ रुंध जाता है, आंखें भर आती हैं और कुछ भी साफ दिखाई नहीं देता।' सच ही तो है, हम चाहे जितने आधुनिक हो जाएं, पर अतीत का वह धागा जब खींचा जाता है, तो भीतर से आदमी इस कदर छिल जाता है कि कोई मरहम काम नहीं आता।

वह पुराना घर, जहां धूप भी दीवारों से छनकर बड़े सलीके से आती थी, अब सिर्फ हमारी बंद आंखों में ही सलामत है। उस घर के हर एक कोने में हमारी हंसी के कंकड़ और आंसुओं की नमी बिखरी पड़ी है। मां का वह रसोईघर, जहां सुबह-सुबह जलती हुई लकड़ी का धुआं आंखों में लगता था, पर उस धुएं से उठने वाली रोटियों की गंध पूरी दुनिया के इत्र से बढ़कर थी। पिता की वह पुरानी साइकिल वाला ऐनक का डब्बा, जिसे छूने से भी हम डरते थे, आज जब वह याद आता है, तो लगता है कि काश! एक बार फिर उस डांट को सुनने के लिए सब कुछ न्योछावर किया जा सके। हम कहां भूल पाते हैं? हम तो बस भूलने का ढोंग करते हैं, ताकि दुनिया हमें कमजोर न समझे।

हम दिन भर हंसते हैं। दफ्तरों में बड़ी-बड़ी बातें करते हैं, मुस्कुराकर तस्वीरें खिंचवाते हैं, लेकिन जैसे ही शाम ढलती है और हम अपने अकेले कमरे में पहुंचते हैं, तो वह पुरानी कसक किसी धारदार चाकू की तरह हमारी रूह को चीर देती है। दरअसल, हम सब अपने-अपने हिस्से का अकेलापन जी रहे हैं। वह अकेलापन और कुछ नहीं, वही पुराने दिनों की अधूरी छोड़ दी गई बातें हैं। वे दोस्त, जो कभी एक ही कप चाय को चार हिस्सों में बांटकर पिया करते थे, आज न जाने किन-किन शहरों की बड़ी-बड़ी इमारतों में खो गए हैं। अब उन तक पहुंचने के लिए हमारे पास सिर्फ एक फोन नंबर है, जिस पर काल करने से पहले हम दस बार सोचते हैं कि कहीं वह व्यस्त तो नहीं होगा? वह नीम का पेड़, जिसके नीचे हमने न जाने कितने ख्वाब बोए थे, आज शायद काट दिया गया होगा, पर हमारे भीतर उस पेड़ की पत्तियां आज भी खड़खड़ाती हैं। जब कोई बहुत खुशहाल इंसान भी अचानक किसी सुंदर चीज को देखकर या मधुर स्वर को सुनकर अचानक उदास और बेचैन हो जाता है, तो असल में उसका मन बिना जाने ही अपने अतीत के गहरे, अमिट छापों और पुराने आत्मीय संबंधों को याद करने लगता है।

हम जितने बड़े होते जाते हैं, हमारा बचपन हमसे उतना ही दूर एक स्टेशन पर छूट जाता है और हम एक ऐसी ट्रेन में सवार हो जाते हैं, जिसकी कोई वापसी नहीं है। बारिश की वह पहली बूंद, जब मिट्टी पर पड़ती है, तो जो सोंधी खुशबू हवा में घुलती है, वह सीधे खींचकर बचपन के उस आंगन में खड़ा कर देती है, जहां हम नंगे पांव कागज की नाव तैराया करते थे। अब हमारे पास महंगे जूते हैं, पानी से बचने के लिए छतरियां हैं, लेकिन वह बारिश अब कभी वैसी नहीं होती। अब पानी सिर्फ बाहर गिरता है, मन के अंदर सब कुछ सूखा रह जाता है।

**दुनिया मेरे आगे**

> **हम जितने बड़े होते जाते हैं, हमारा बचपन हमसे उतना ही दूर एक स्टेशन पर छूट जाता है और हम एक ऐसी ट्रेन में सवार हो जाते हैं, जिसकी कोई वापसी नहीं है। बारिश की वह पहली बूंद, जब मिट्टी पर पड़ती है, तो जो सोंधी खुशबू हवा में घुलती है, वह सीधे खींचकर बचपन के उस आंगन में लाकर खड़ा कर देती है।**

हम शहर के जहर को पीते-पीते इतने सख्त हो चुके हैं कि अब रोना भी चाहें तो आंसू पलकों के किनारे आकर जम जाते हैं। वे बचपन की बातें, मां की गोदी में सिर रखकर सो जाने का वह बेफिक्र सुकून, अब किसी भी कीमत पर वापस नहीं खरीदा जा सकता। जीवन असल में एक लंबा शोक-गीत है, जिसे हम मुस्कुराकर गाने की कोशिश करते हैं। जो चला गया, वह फिर कभी लौटकर नहीं आता, चाहे हम कितनी ही प्रार्थनाएं कर लें, कितनी ही मन्नतें मांग लें। मगर वह बीता हुआ समय हमारे भीतर एक ऐसा घाव छोड़ जाता है, जो कभी भरता नहीं, बस उस पर यादों की एक हल्की-सी परत जम जाती है।

जब भी हवा का कोई झोंका उस परत को हटाता है, तो हम फिर से वही बेबस इंसान बन जाते हैं, जो अपने गुजरे हुए कल के सामने हाथ जोड़े खड़ा रहता है। श्रीमद्भागवत का वह भाव जब उद्धव कृष्ण से विदा लेते हैं, कुछ ऐसा ही है कि जब सब कुछ छूट रहा होता है, तो केवल उस दयालु भाव का ही सहारा बचता है। जिंदगी के इस सफर में हम सब एक-दूसरे से बिछड़ते हुए यात्री हैं, जो अपनी-अपनी पोटली में गुजरे हुए जमाने के कुछ सूखे आंसू और पुरानी हंसी जैसी यादें सहेजकर चल रहे हैं। यादों के झरोखे हमें अतीत के अनुभवों का एहसास कराते रहते हैं। जब तक सांसें हैं, यह टीस बनी रहेगी और जब आंखें बंद होंगी, शायद तभी इस छूटे हुए जमाने से हमारी आखिरी मुलाकात होगी।




## भंडारण की चिंता

चीनी के दाम लगातार बढ़ना सरकार के लिए गंभीर चेतावनी है। बीते दो महीनों में चीनी की कीमतों में वृद्धि इस बात का संकेत है कि आवश्यक खाद्य वस्तुओं के बाजार में केवल मांग और आपूर्ति ही नहीं, बल्कि मौसम, परिवहन लागत, निर्यात नीति और जमाखोरी जैसे अनेक कारक एक साथ असर डाल रहे हैं। सरकार ने चीनी के दामों को नियंत्रित करने के लिए दस लाख टन चीनी आयात करने, कारोबारियों की भंडारण सीमा तय करने और जमाखोरों के खिलाफ कार्रवाई जैसे कदम उठाए हैं। मगर सवाल यह है कि ऐसे कदम संकट गहराने के बाद ही क्यों उठाए गए? सरकार का तर्क है कि चीनी की महंगाई के लिए एथेनाल नीति जिम्मेदार नहीं है। एथेनाल उत्पादन में इस्तेमाल होने वाले गन्ने का हिस्सा घटा है। इसका लगभग तीन-चौथाई हिस्सा अनाज, विशेषकर मक्के से आता है। यह स्पष्टीकरण अपनी जगह है, लेकिन खाद्य सुरक्षा का प्रश्न केवल एथेनाल तक सीमित नहीं है। सरकार को यह देखना होगा कि देश की जरूरतों के मुकाबले चीनी, गेहूं, चावल, दाल, खाद्य तेल और अन्य वस्तुओं का भंडार है या नहीं?

*- विभूति बुपक्या, दिल्ली*

## जागरूकता की जरूरत

देश में कैंसर तेजी से फैल रहा है। इस बीमारी से सर्वाधिक प्रभावित उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश है। विश्व स्वास्थ्य संगठन भी मानता है कि कैंसर के मामलों को जोखिम कारकों पर नियंत्रण रख कर कम किया जा सकता है। इन प्रमुख कारणों में तंबाकू, गुटखा, शराब, असंतुलित खान-पान, मोटापा, शारीरिक निष्क्रियता, प्रदूषण और कुछ संक्रमण शामिल हैं। इसके साथ रासायनिक कीटनाशकों के उपयोग, खाद्यान्नों में रासायनिक अवशेष और दूषित जल तथा मिट्टी के प्रति लंबे समय तक होने वाला संपर्क भी चिंता का विषय है। इसे रोकने के लिए सरकारी प्रयासों के साथ जन-जागरूकता की भी नितांत जरूरत है। तंबाकू नियंत्रण, स्वस्थ भोजन, जैविक एवं कम-रसायन वाली खेती, कीटनाशक अवशेषों की जांच, स्वच्छ जल, प्रदूषण नियंत्रण तथा गांवों में स्वास्थ्य जांच को सरकारी योजनाओं में शामिल किया जाना चाहिए। कैंसर के विरुद्ध असली विजय अस्पतालों में नहीं, बीमारी पैदा होने से पहले उसके कारणों को रोकने में है।

*- ओपी चौधरी, रतलाम, मप्र*

## फैसले पर सवाल

स्वस्थ लोकतंत्र में सरकार का यह दायित्व होता है कि वह जनता की आवाज सुने। झारखंड में हुए कुछ फैसलों से सवाल उठे हैं, जिन पर ध्यान देना जरूरी है। राज्य में फिलहाल दो हजार से अधिक लोगों की नौकरियां खतरे में हैं। इससे कार्यालयों में कामकाज प्रभावित होगा और पहले से सुस्त प्रशासनिक प्रणाली में और शिथिलता आएगी। आयोग की परीक्षाओं में कई अभ्यर्थी अपनी प्रतिभा के बल पर सफल हुए थे। अब उनकी नौकरी संकट में है, तो इसका उत्तरदायी कौन है? उनका दोष क्या है? उनके परिवारों का भरण-पोषण कैसे होगा? गरीब और मध्यवर्गीय परिवार में किसी व्यक्ति की सरकारी नौकरी जाना आजीविका पर सवाल है। आंदोलन कर रहे छात्रों की मांग सही है कि परीक्षा प्रणाली में सुधार होना चाहिए। पारदर्शिता और शुचिता के साथ भर्ती प्रक्रिया पूरी होनी चाहिए, मगर इसमें उन ईमानदार अभ्यर्थियों के हितों का भी ध्यान रखना जरूरी है, जो अपनी प्रतिभा के बल पर चयनित हुए हों।

*- विवेक प्रताप सिंह, अलीगढ़, उप्र*

## बिन पानी सब सून

हम नदियों के जल को समुद्र में बहने से रोक कर उसका उपयोग कर सकते हैं। इसलिए हमें जल को सहेजना होगा। इसके लिए जल संरक्षण के उपाय करना जरूरी है। तभी अल्प वर्षा और सूखे की स्थिति में सहेजे गए जल का उपयोग हम कर सकेंगे। इसके अलावा जल की बर्बादी रोकने के लिए भी पहल की जानी चाहिए। वर्षा जल संचय के लिए लोगों को प्रेरित करना चाहिए, ताकि जल संकट का सामना न करना पड़े। यदि जल को नहीं सहेजा गया, तो एक दिन पानी की कीमत कई गुना बढ़ जाएगी। नदियों में जलकुंभियों और गाद की सफाई भी जरूरी है। बारिश के दिनों में नदियां स्वतः कूड़ा-करकट बहा कर ले जाती हैं, लेकिन बाद में इनमें कोई भी गंदगी और पूजन सामग्री विसर्जित करना अनुचित है। अगर अब भी जल के संरक्षण में कोताही बरती गई, तो भविष्य में ऐसा संकट पैदा होगा, जिससे निपटना आसान नहीं होगा।

*- संजय वर्मा 'दृष्टि', धार, मप्र*

हमें लिखें, हमारा पता : edit.jansatta@expressindia.com | chaupal.jansatta@expressindia.com

## खबर संक्षेप

### कीर्तन कर रहे लोगों को कार ने कुचला, 5 की मौत



**सुपौल।** सुपौल जिले के पिपरा थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। कटैया चौक के समीप पर सड़क किनारे कीर्तन कर रहे लोगों को एक तेज रफ्तार कार ने कुचल दिया। हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई।

### छात्रा का कमरे के पंखे से लटका मिला शव



**कानपुर।** चकेरी थाना क्षेत्र में श्यामनगर गंगानगर में नीट की तैयारी कर रही 18 वर्षीय छात्रा खुशबू सिंह ने बुधवार सुबह चुन्नी के फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। मृतका के भाई का आरोप है कि परिवार का ही एक सदस्य उसे परेशान कर रहा था, जिससे तंग आकर उसने यह कदम उठाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### इलेक्ट्रिक शोरूम में भीषण आग, गाड़िया खाक



**कानपुर** कानपुर के पनकी थाना क्षेत्र में एमआईजी रोड पर ओला इलेक्ट्रिक के शोरूम में अचानक भीषण आग भड़क उठी। शॉर्ट सर्किट के कारण लगी इस आग ने कुछ ही पलों में पूरे शोरूम को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे अंदर रखी दर्जनों दोपहिया गाड़ियां जलकर राख हो गईं। घटना की रात 23:18 बजे मिनी कंट्रोल रूम से सूचना प्राप्त हुई कि पनकी में त्रिपाठी गेस्ट हाउस के सामने स्थित ओला शोरूम में आग लग गई है। सूचना मिलते ही तत्परता दिखाते हुए पनकी की यूनिट फायर टेंडर के साथ तुरंत घटनास्थल के लिए रवाना हुई।

# यूपी में झमाझम बारिश, आज 29 जिलों के लिए भारी बारिश का अलर्ट जारी

लखनऊ में बुधवार को करीब दो घंटे हुई मूसलाधार बारिश से शहर की रफ्तार थम गई। दिन में अंधेरा छा गया और कई इलाकों में कमर तक पानी भर गया। जलभराव के कारण चौराहों, अंडरपास और फ्लाईओवर के नीचे भीषण जाम लगा। मौसम विभाग ने तेज बारिश और गरज-चमक का अलर्ट जारी किया है। वही मौसम विभाग के अनुसार बुधवार को पूर्वी और दक्षिणी यूपी के 29 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनऊ

लखनऊ में बुधवार दोपहर करीब दो घंटे तक हुई मूसलाधार बारिश से जनजीवन प्रभावित हो गया। घने काले बादलों के कारण दिन में ही अंधेरा छा गया। वाहन चालकों को दिन में भी हेडलाइट, वाइपर और डीपर का इस्तेमाल करना पड़ा।

बारिश से बचने के लिए लोग फ्लाईओवर के नीचे शरण लेते नजर आए। जलभराव के कारण कई तिराहे-चौराहों और अंडरपास में यातायात व्यवस्था प्रभावित रही। बुधवार सुबह से ही लखनऊ में रुक-रुककर बारिश हो रही थी। सुबह से आसमान में घने काले बादल छाए रहे। करीब 15 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। हुसैनगंज, चौक, गोमती नगर, सरोजनी नगर और रहीमाबाद में सुबह रिमझिम बारिश हुई। वही मंगलवार को पूर्वी यूपी और कुछ दक्षिणी जिलों में अच्छी बारिश देखने को मिली। मौसम विभाग का कहना है यूपी में मानसून की सक्रियता फिलहाल 27 अगस्त तक बनी रहेगी। मौसम विभाग ने बुधवार के लिए प्रदेश के तराई, बुंदेलखंड समेत कुल 29 जिलों में भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है।





प्रयागराज में लगातार बारिश से जन-जीवन अस्त व्यस्त

**इन जिलों में है भारी बारिश का यलो अलर्ट**

बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, सोनभद्र, मिर्जापुर, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर, हरदोई, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, रायबरेली, मैनपुरी, इटावा, औरैया, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर एवं आस पास के क्षेत्र।

रिमझिम बारिश से सुहाना हुआ मौसम, 3.5 डिग्री गिरा पारा राजधानी में मंगलवार को लगातार तीसरे दिन बादलों की आवाजाही के साथ हल्की बारिश हुई। सुबह हल्की बूंदाबांदी के बाद कुछ देर के लिए धूप खिली, लेकिन फिर से बादलों की सक्रियता

### मूसलाधार बारिश से मचा हाहाकार

प्रयागराजः भारी बारिश और बाढ़ के कारण हजारों घरों में पानी भर गया है, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गाजियाबाद, मेरठ, नोएडा, बिजनौर और पश्चिमी तथा पूर्वी यूपी के कई अन्य शहरों में सड़कों पर भारी जलभराव और ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी हुई है।

सीएम योगी ने कहा-2017 से पहले यूपी की हर योजना पर मंडराती थी कमीशनखोरी की 'काली छाया'

# स्नातक में पढ़ने वाली 50 हजार बेटियों को स्कूटी अक्टूबर-नवंबर में: मुख्यमंत्री

**मुख्यमंत्री ने 'लोकमाता अहिल्याबाई मातृशक्ति यात्रा' योजना का किया शुभारंभ, 60 वर्ष व उससे अधिक आयु की प्रदेश की महिलाएं परिवहन निगम की बसों में कर सकेंगी निःशुल्क यात्रा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रक्षाबंधन से ठीक पहले नारी शक्ति को कई सौगातें दीं। उन्होंने घोषणा की कि स्नातक में पढ़ने वाली 50 हजार बेटियों को अक्टूबर-नवंबर में स्कूटी दी जाएंगी। सीएम ने 'लोकमाता अहिल्याबाई मातृशक्ति यात्रा' योजना का शुभारंभ किया, जिसके तहत उप्र राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों में 60 वर्ष व उससे अधिक आयु की प्रदेश की महिलाएं निःशुल्क यात्रा कर सकेंगी।

सीएम ने रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में 27 से 29 अगस्त तक महिला व एक सहकर्मी को निःशुल्क बस यात्रा की सुविधा दिए जाने का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की महिलाएं अब चूल्हे से चेक, चेक से कारोबार और कारोबार से टेक्नोलॉजी तक पहुंच रही हैं।




### महिला स्वावलंबन की मिसाल हैं 'लोकमाता'

सीएम ने कहा कि देश जब मुगल आक्रांताओं की चपेट में था, उस समय लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर ने सुशासन, आध्यात्मिक/ सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण व महिला स्वावलंबन का आदर्श उदाहरण प्रस्तुत किया था। काशी विश्वनाथ, सोमनाथ समेत देश में सैकड़ों मंदिर का पुनरुद्धार लोकमाता ने किया था। लखनऊ, कानपुर, आगरा, गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, प्रयागराज, अयोध्या, गोरखपुर, वाराणसी, झांसी सभी जनपदों में अहिल्याबाई होल्कर के नाम पर कामकाजी महिलाओं के लिए छात्रावास का निर्माण किया जा रहा है।

### यूपी में साढ़े 12 करोड़ आधी आबादी

इंदिरा प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी में लगभग साढ़े 12 करोड़ आधी आबादी है। सरकार महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन व नेतृत्व की यात्रा में सहभागी है। हर बेटी-बहन-माता आत्मनिर्भर महसूस करे, यही हमारी नीति है। डबल इंजन सरकार ने बेटी के जन्म से लेकर उसकी पढ़ाई, सुरक्षा, रोजगार, आय और उसके सपनों की उड़ान को ईकोसिस्टम से जोड़ने का काम किया है।

### सरकार ने आधी आबादी का प्रतिनिधित्व बढ़ाया

सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी जी के कारण पहली बार आधी आबादी को शासन की योजनाओं से जोड़ने के लिए व्यापक कार्ययोजना बनी। जीवन के हर पड़ाव पर सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन की गारंटी दी है। सरकार का हर निर्णय, योजना व बजट इन्हीं उद्देश्यों की पूर्ति के लिए समर्पित है।

### पहले हर योजना पर मंडराती थी कमीशन की 'काली छाया'

सीएम ने कहा कि 2017 के पहले 'देख सपाई-बिटिया घबराई' का नारा तत्कालीन गवर्नेंस मॉडल का नाम था, जब हर बेटी की सुरक्षा पर संकट था। सुरक्षा, सम्मान नहीं था तो स्वावलंबन कहां से होता। इंटीग्रेटेड हेल्पलाइन, कमांड सिस्टम, सीसीटीवी नेटवर्क, महिला बीट सिस्टम, महिला हेल्पडेस्क भी नहीं थी।

### किसानों की आय बढ़ाने और कृषि को नई दिशा देने का संकल्पः सीएम योगी

हरिभूमि न्यूज, लखनऊ। पूर्वी उत्तर प्रदेश और बुंदेलखंड में कृषि उत्पादकता बढ़ाने और किसानों की आय में वृद्धि के लिए चार समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ये एमओयू केवल औपचारिक समझौते नहीं, बल्कि अन्नदाता की आय बढ़ाने और प्रदेश की कृषि को नई दिशा देने के संकल्प का हिस्सा हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि लंबे समय तक देश में अन्न उत्पादन बढ़ाने और किसानों के सम्मान की बातें होती रहीं, उसकी उपज की खरीद सुनिश्चित करने और उसे बाजार तक पहुंचाने की ठोस व्यवस्था पर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया गया। में काम कर रही है। 'यूपी एग्रीज' प्रदेश की कृषि को फ्यूचर इकोनॉमी की ओर ले जाने की महत्वपूर्ण पहल है।



सम्मेलन का समापन ओपन फोरम के साथ हुआ

# डिजिटल टूल्स से माल ढुलाई को बेहतर बनाने पर जोर



टी. एन. मिश्र ▶▶ लखनऊ

भारतीय रेल परिवहन प्रबंधन संस्थान (इरिटेम) में जोनल रेलों के प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधकों के दो दिवसीय सम्मेलन के दूसरे दिन माल परिचालन, डिजिटल तकनीक, लॉजिस्टिक्स और भविष्य की परिवहन व्यवस्था पर मंथन हुआ। सम्मेलन में रेल माल परिवहन को अधिक तेज, प्रभावी और ग्राहक केंद्रित बनाने पर जोर दिया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत रोड टैरिफ डैशबोर्ड और फ्रेट मैप विजुअलाइजेशन डैशबोर्ड के उद्घाटन से हुई। रेलवे बोर्ड के सदस्य (परिचालन एवं व्यवसाय विकास) डॉ. मनोज सिंह ने दोनों डिजिटल डैशबोर्ड का उद्घाटन किया। इनकी मदद से माल परिवहन और टैरिफ से जुड़े आंकड़ों का बेहतर विश्लेषण और दृश्यांकन किया जा सकेगा। इससे डेटा के आधार पर फैसले लेने और माल परिचालन की दक्षता बढ़ाने में मदद मिलेगी। इसके बाद विभिन्न जोनल रेलों के प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधकों ने परिचालन से जुड़ी प्रमुख पहलों और बेहतर कार्यप्रणालियों की जानकारी साझा की। डीएफसी, कॉनकार और क्रिस के अधिकारियों ने माल परिवहन, लॉजिस्टिक्स, डिजिटल समाधान और तकनीक आधारित सेवाओं पर प्रस्तुतीकरण दिए। रेलवे बोर्ड के वरिष्ठ यातायात अधिकारियों के साथ संवाद सत्र में परिचालन और यातायात से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई।

अधिकारियों ने अपने सुझाव भी साझा किए। सम्मेलन का समापन ओपन फोरम के साथ हुआ। इसमें रेलवे बोर्ड, जोनल रेलों, रेल सार्वजनिक उपक्रमों और इरिटेम के वरिष्ठ अधिकारी व संकाय सदस्य मौजूद रहे।

## पेज एक का शेष...

### नेपाल में आई ...

है। जिसमंम उन्होंने यह भी साफ किया है कि संकट की इस घड़ी में हमारी कोशिश नेपाल सरकार के साथ समन्वय स्थापित कर राहत-बचाव कार्य को मजबूती प्रदान करना है। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेपाल के प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह के साथ टेलीफोन पर बातचीत कर बाढ़ में जान गंवाने वाले लोगों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि इस मुश्किल समय में भारत के लोग अपने नेपाली भाई-बहनों के साथ एकजुटता से खड़े हैं। हमारी टीमें भी राहत-बचाव कार्य के लिए तेजी से समन्वय कर रही हैं। इन सबके बीच चीन में मौजूद भारतीय दूतावास ने भी बाढ़ के बीच फंसे हुए देश के नागरिकों तक मदद पहुंचाने के लिए एक सहायता नंबर (0086 185 14284905) जारी किया है। साथ ही स्थानीय चीनी अधिकारी का नंबर (0086 139 89990012) भी दिया गया है।

**भारत ने भेजी 10 टन राहत सामग्रीः जयशंकर:** विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर ने अपनी एक्स पोस्ट में बताया कि भारतीय वायुसेना के सी-130 विमान के जरिए मानवीय सहायता एवं आपदा राहत (एचएडीआर) के तहत नेपाल को 10 टन राहत सामग्री की खेप भेज दी गई है। जिसमें जीवन रक्षक दवाएं, अस्थायी शेल्टर, कंबल, स्वच्छता किट और सोलर लैंप शामिल हैं। विदेश मंत्री ने पोस्ट में कहा कि हमारा देश बाढ़ की इस त्रासदी से पीड़ित शोकाकुल परिवारों व अन्य प्रभावितों के साथ खड़ा है। चुनौती के वक्त पर भारत नेपाल के लोगों के साथ अपनी एकजुटता प्रदर्शित करता है।

**400 लापता लोगों में 105 भारतीय :** बाढ़ की इस विभीषिका के दौरान लापता हुए कैलाश मानसरोवर की यात्रा पर गए 400 तीर्थयात्रियों में से 105 भारतीय और 37 एनआरआई (प्रवासी नागरिक) शामिल हैं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, यह सभी नेपाल के तिब्बत से लगे हुए रसुवा जिले में इस प्राकृतिक आपदा की चपेट में आए हैं। बताते चलें कि इस साल भारत से कैलाश मानसरोवर की यात्रा के लिए सरकार द्वारा तय किए गए आधिकारिक मार्गों से कुल 941 यात्री गए हैं। जिनमें सिक्किम के नाथुला से 464 तीर्थयात्री और उत्तराखंड के लिपुलेख से 477 तीर्थयात्री इस पवित्र यात्रा के लिए गए हैं।

**यह है नेपाल का पक्ष :** नेपाल के पर्यटन बोर्ड ने एक बयान जारी कर बताया कि रसुवा में आई बाढ़ के कारण 384 यात्री लापता हैं। जिनमें 291 विदेशी और 93 नेपाल के नागरिक शामिल हैं। इसके अलावा इस सूची में 105 भारतीय पर्यटक और 37 प्रवासी भारतीय भी शामिल हैं। भारत के अलावा अमेरिका, ब्रिटेन, दक्षिण-अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और नीदरलैंड के पर्यटक भी बाढ़ की चपेट में आकर लापता हुए हैं।

**जिनपिंग ने दिया जरूरी आदेश :** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने संबंधित अधिकारियों को बाढ़ के समय लापता हुए लोगों की तलाश करने और उन्हें बचाने के लिए हर संभव प्रयास करने का आदेश दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि जोखिम वाले इलाकों में मौजूद लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जाए और घायलों तक समय पर चिकित्सा सहायता पहुंचाई जानी चाहिए। ड्रैगन की पुलिस के कुल करीब 145 अधिकारियों और जवानों को प्रभावित सीमा बंदरगाहों पर भेजा गया है। जिससे वह आपातकालीन राहत-बचाव अभियान में मदद पहुंचा सकें। बाढ़ की चपेट में मुख्य रूप से तिब्बत से सटे नेपाल के दो जिले आए हैं। जिसमें 8 लोगों की दुखद मृत्यु हो गई है। इतना ही नहीं नदी किनारे बसे इलाकों को गंभीर रूप से क्षति पहुंची है। दर्जनभर जलविद्युत परियोजनाओं को नुकसान पहुंचा है। तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र नेपाल के साथ सीमा साझा करता है।

### नेपाल में बाढ़ से ....

में बाढ़ के कारण हुई जनहानि पर नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह से फोन पर बात की और अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। श्री मोदी ने कहा कि इस कठिन समय में भारत के लोग नेपाल के अपने भाई-बहनों के साथ मजबूती से खड़े हैं। उन्होंने नेपाल को हर संभव मानवीय सहायता उपलब्ध कराने की भारत की प्रतिबद्धता दोहराई। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की टीमें बचाव और राहत कार्यों के लिए नेपाल सरकार के साथ करीबी समन्वय कर रही हैं। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, भारत नेपाल को जल्द से जल्द राहत सामग्री भेजने की तैयारी कर रहा है।

**भारतीय दूतावास ने जारी किए हेल्पलाइन नंबरः** काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास ने नेपाल में बाढ़ से प्रभावित भारतीय नागरिकों की सहायता और जानकारी के लिए आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। प्रभावित भारतीय नागरिक दूतावास के हेल्पलाइन नंबर +977 985 131 6807 और +977 970 910 7500 पर संपर्क कर सकते हैं। दूतावास ने कहा कि नेपाल सरकार के संबंधित अधिकारियों के साथ लगातार समन्वय कर प्रभावित भारतीय नागरिकों के जल्द बचाव और राहत के प्रयास किए जा रहे हैं। नेपाल सरकार के साथ समन्वय में बचाव और राहत कार्यों को और मजबूत किया जा रहा है।

**तमिलनाडु के पर्यटकों के लिए हेल्प डेस्कः** नेपाल की यात्रा पर गए तमिलनाडु के पर्यटकों की सहायता के लिए तमिलनाडु सरकार ने भी हेल्प डेस्क स्थापित किया है। राज्य सरकार ने नेपाल में फंसे या प्रभावित तमिलनाडु के पर्यटकों से हेल्प डेस्क और राज्य के विदेश मामलों के विभाग से संपर्क करने की अपील की है। नई दिल्ली स्थित तमिलनाडु हाउस से भी सहायता ली जा सकती है। तमिलनाडु सरकार के हेल्पलाइन नंबर 1800 309 3793 और 918069009900 हैं। वहीं, तमिलनाडु हाउस, दिल्ली के हेल्प डेस्क के नंबर 9289516712 और 9180 6900 9901 जारी किए गए हैं।

### 3. भारी बारिश नहीं थी वजह

मौसम विभाग ने साफ किया है कि मंगलवार और बुधवार को इलाके में कोई भारी बारिश दर्ज नहीं की गई थी। बिना बारिश के अचानक नदी का जलस्तर विकराल होना साबित करता है कि ऊपरी हिस्से में कोई बड़ा प्राकृतिक बांध या ग्लेशियर झील टूटी है।

### लॉयटरिंग म्यूनिशन का...

परमंडराता है। इस दौरान लक्ष्य मिल जाने पर यह मिसाइल की तरह अपने आप ही उस पर सीधे गिर जाता है। इसे रिमोट या आपरेटर द्वारा कैमरे, सेंसर की मदद से भी नियंत्रित किया जाता है। वर्तमान में म्यूनिशन के कुछ संस्करणों को एआई के जरिए भी संचालित किया जा रहा है।

### यूं स्कार्दू छोड़ भोलारी ...

एक नाम स्कार्दू एयरबेस का था। लेकिन वहां मौसम खराब हो गया और वायुसेना को अपना टारगेट बदलकर स्कार्दू से भोलारी करना पड़ा। 10 मई को भोलारी एयरबेस पर हमले से हुई तबाही की तस्वीरें देशभर में चर्चा के केंद्र में रहीं। इस कार्रवाई को वायुसेना की गांधीनगर स्थित दक्षिण-पश्चिमी कमांड ने अंजाम दिया था। हमले में एयरबेस की इमारत की छत में एक बड़ा छेड़ हो गया था। जिसके नीचे धंसी हुई जगह दिखाई दे रही थी।

**कारगिल युद्ध में स्कार्दू से किया हमला :** स्कार्दू एयरबेस भारत के कारगिल जिले से लगभग 170 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। पाकिस्तान ने इसका इस्तेमाल 1999 में कारगिल युद्ध के दौरान भारत के खिलाफ किया था। यहीं से पाकिस्तानी सैनिकों की आवाजाही, उन तक रसद व अन्य जरूरी सैन्य-सामग्री पहुंचाने के अलावा दुश्मन देश की वायुसेना के लड़ाकू विमान उड़ान भरते थे। लेह की स्कार्दू की दूरी 100 किलोमीटर के आसपास है। इस एयरबेस पर भारत के हमले से चीन को भी बुरी तरह से मिर्ची लगती। क्योंकि स्कार्दू का इलाका गिलगित-बाल्टिस्तान में चल रही चीन-पाक की आर्थिक गलियारा परियोजना का हिस्सा है।

**पाकिस्तान के 11 एयरबेस पर किया हमलाः** वायुसेना ने अभियान के दौरान पाकिस्तान के कुल 11 एयरबेस पर हमला बोला था। जिसमें नूर खान, भोलारी, मुरीदके, सरगोधा, जैकोबाबाद, रफीकी, शुक्कुर मुख्य रूप से शामिल हैं। हमलों के लिए भारत ने एस-400, ब्रह्मोस, स्कैल्प मिसाइल, हैमर मिसाइल से लैस राफेल विमान, आकाश मिसाइल सिस्टम, लॉयटरिंग म्युनिशन जैसे हथियारों का इस्तेमाल किया था। भारत आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर कायम है।

**26 मासूमों की आतंकियों ने की निर्मम हत्या :** पिछले साल 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में किए गए हमले को पाकिस्तान समर्थित लश्करे तैयबा आतंकी संगठन के छद्म रूप 'द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ)' के आतंकवादियों ने अंजाम दिया था। घटना में कुल 26 लोगों की उनका धर्म पूछकर बर्बरता के साथ हत्या कर दी गई। जवाब में केंद्र सरकार के आदेश पर सशस्त्र सेनाओं ने 6 से 7 मई 2025 की दरमियानी रात नियंत्रण रेखा (एलओसी) पार कर महज 23 मिनट में पड़ोसी दुश्मन देश के 9 आतंकी अड्डों में मौजूद 100 आतंकियों को मौत के घाट उतार दिया था। जिससे घबराए पाक ने 10 मई की शाम 5 बजे भारत के साथ संघर्षविराम करने में अपनी भलाई समझी।

### अमेरिका ने लगाई दुनियाभर ...

तारीख और समय के बारे में बाद में जानकारी साझा की जाएगी। उक्त प्रशिक्षण कब तक चलेगा इसके बारे में विभाग ने कुछ भी स्पष्टता नहीं दी है। लेकिन उसका सिर्फ यही कहना है कि इसकी मदद से कांसुलर अधिकारी वीजा के मामले में ऐसे आवेदकों की पहचान कर सकेंगे। जिनके अमेरिका पहुंचने के बाद यहां के सार्वजनिक लाभ पर निर्भर होने की संभावना ज्यादा है।

### भारत के लिए यूं ...

होते हैं। 2024 में 2 लाख 83 हजार 397 भारतीयों को यह वीजा जारी किया गया था। वहीं, अमेरिका प्रत्येक वर्ष 65 हजार सामान्य एच1बी वीजा और उच्च-शिक्षा प्राप्त लोगों के लिए अतिरिक्त 20 हजार वीजा जारी करता है। यह पूरा मामला बीते वक्त में अमेरिका द्वारा एच1बी वीजा के लिए 1 लाख डॉलर का शुल्क लगाने के प्रस्ताव को पेश करने और कई श्रेणियों में नए प्रतिबंधों के बाद सामने आया है।

**2 लाख वीजा रद्द करने की तैयारीः** अमेरिकी विदेश विभाग, वर्ष 2016 से 2026 के बीच जारी किए गए बी-1 और बी-2 बिजनेस, पर्यटक वीजा में से लगभग 2 लाख वीजा रद्द करने की तैयारी में लगा हुआ है। यह वीजा खासतौर पर उन लोगों से संबंधित हैं। जिन्होंने अमेरिका में शरण लेने के लिए आवेदन किया हुआ है या फिर वह ऐसी किसी प्रक्रिया से जुड़े हुए हैं।

### हमारी टीम छापा ...

ने साफ किया है कि यात्रियों के भोजन की गुणवत्ता से जुड़े मामलों में जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है। ऐसे मामलों में आगे भी औचक जांच और कार्रवाई जारी रहेगी।

बाढ़ में दर्दनाक हादसा

# हाइवा ने टहलने निकले व्यक्ति को कुचला, मौत के बाद फोरलेन जाम

एजेंसी ▶▶ पटना



पटना जिले के बाढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत बख्तियारपुर-मोकामा फोरलेन पर बुधवार सुबह करीब पांच बजे सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई।

घटना के बाद पूरे इलाके में आक्रोश का माहौल है। जानकारी के अनुसार, रोज की तरह टहलने निकले बहरामा गांव निवासी बालेंद्र यादव उर्फ बाला की अज्ञात हाइवा की चपेट में आने से घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों और परिजनों के मुताबिक, बालेंद्र यादव जैसे ही लाइन होटल के पास पहुंचे, तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार हाइवा ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद चालक ने वाहन रोकने के बजाय बालेंद्र यादव को काफी दूर तक सड़क पर घसीटता हुआ ले गया। शरीर के बुरी तरह क्षत-विक्षत हो जाने के कारण उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद चालक हाइवा समेत मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन और स्थानीय ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर जुट गए। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों और परिजनों ने करीब तीन घंटे तक फोरलेन पर शव रखकर यातायात पूरी तरह बाधित कर दिया। लोगों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और मृतक के परिवार को तत्काल उचित सरकारी सहायता एवं मुआवजा देने की मांग की।

721.43 करोड़ रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई

# झारखंड कैबिनेट के 50 बड़े फैसलेः 100 स्कूल बनेंगे मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय

एजेंसी ▶▶ रांची

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई झारखंड कैबिनेट बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, सड़क, पुलिस और प्रशासन से जुड़े कई अहम फैसले लिए गए। 100 स्कूलों को मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय बनाने, छात्राओं को मुफ्त सैनिटरी नैपकिन देने और 606 थानों में 9006 सीसीसटीवी कैमरे लगाने समेत कई प्रस्तावों को मंजूरी मिली। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में 25 अगस्त 2026 को हुई झारखंड मंत्रिपरिषद की बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, सड़क, पुलिस, आपदा प्रबंधन और प्रशासन से जुड़े कई महत्वपूर्ण फैसलों को मंजूरी दी गई।



### 100 नए स्कूल बनेंगे मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय

आदर्श विद्यालय योजना के तहत पहले से संचालित 80 विद्यालयों के अतिरिक्त राज्य के 100 विद्यालयों को मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय के रूप में विकसित करने की मंजूरी दी गई। 721.43 करोड़ रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई। 606 थानों में लगेंगे 9006 सीसीटीवी कैमरे राज्य के सभी पुलिस थानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए 90 करोड़ रुपये की पुनरीक्षित प्रशासनिक स्वीकृति दी गई।
योजना के तहत वर्तमान में 606 पुलिस थानों में कुल 9006 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे।

## प्रेरणा

इंसान को मुश्किलों की जरूरत है, ये सफलता का मजा लेने के लिए जरूरी हैं। -ए.पी.जे. अब्दुल कलाम

## संपादकीय

### हमें बुनियादी महत्व के मुद्दों पर फोकस बढ़ाना होगा

2036 तक भारत में चीन के 10.3 करोड़ के मुकाबले 10.8 करोड़ ऐसे उपभोक्ता होंगे, जो रोजाना 90 डॉलर से अधिक खर्च करते हैं। लेकिन नीलसन आईक्यू और वर्ल्ड डेटा लैब की संयुक्त रिपोर्ट को अन्य तथ्यों के साथ देखें तो तस्वीर बदल जाती है। चीन की प्रति व्यक्ति आय भारत से पांच गुना से भी अधिक है। ऐसे में उपभोक्ता-गणना का यह आंकड़ा यह नहीं बताता कि इस गिनती से कौन बाहर रह गया, और क्यों। भारत बनाम चीन को नए अमीरों की संख्या पर नहीं, बल्कि इस सवाल पर परखा जाना चाहिए कि किस देश में गरीबों की स्थिति क्या रही और उसके लिए सरकारों ने क्या किया। चीन ने 1970 के दशक के अंत में सुधार और खुलेपन का दौर शुरू किया और 77 करोड़ से अधिक लोगों को गरीबी से बाहर निकाला। भारत को लेकर वर्ल्ड इनइक्वलिटी लैब की 2026 की रिपोर्ट है कि शीर्ष 10% लोगों के पास राष्ट्रीय आय का 58% है, जबकि निचले 50% यानी करीब 70 करोड़ लोगों के पास महज 15% है। इस निचले आधे हिस्से का आय में शेयर घटता रहा है। भारत के शीर्ष 1% की राष्ट्रीय संपत्ति में हिस्सेदारी 2012 के 27.3% से बढ़कर 2025 तक 38.5% हो गई है। कुल जीएसटी संग्रह का 64% इसी निचले तबके से आता है जबकि संपन्न 10% का योगदान 4% ही है। भारत के ग्रामीण इलाकों में कक्षा तीन के केवल 25 प्रतिशत बच्चे कक्षा दो के स्तर का पाठ पढ़ पाते हैं। उपभोग नहीं, बच्चों के स्वास्थ्य और शिक्षा में आगे आना ही किसी भी कल्याणकारी राज्य का असली ध्येय होना चाहिए।

## जीने की राह




पं. विजयशंकर मेहता

humarehanuman@gmail.com


### साधु को धन का प्रयोग करते समय सावधान रहना होगा

चुनावों का धन तो बेहिसाब होता ही है, लेकिन जब मंदिरों का धन भी बिना हिसाब के हो जाए तो चिंता होना स्वाभाविक है। इस दौर में तो धर्म भी धन के बिना नहीं चलता। इसलिए साधु को धन का प्रयोग करते समय अत्यधिक सावधान होना होगा। दार्शनिक लोग कहते हैं कि संत न ईमानदार होते हैं, न बेईमान। वो तो सिर्फ वह करते हैं, जो प्रकृति उनसे कराती है। महात्माओं का सिद्धांत होता है कुछ आप करें, कुछ होने दें। राम मंदिर में जो कुछ भी हुआ, उनमें कुछ लोग तो राम का ही काम कर रहे थे। लेकिन रावण बीच में आ जाए तो क्या करें? रावण डरता है हनुमान जी से। जीवन में ऐसा कठिन समय आ जाए कि जो गलत काम हमने न किया हो, उसके अपयश का कलंक भी लग जाए तो हनुमान चालीसा का सहारा लेना चाहिए। उसकी प्रत्येक पंक्ति मंत्र है और मंत्र आत्मविश्वास जगाता है, सुरक्षा देता है। रक्षाबंधन के पूर्व इंदौर से श्रीहनुमान चालीसा का महापाठ किया जाता है 'एक शाम रिश्तों के नाम' कार्यक्रम में। माताएं-बहनें अपने आत्मविश्वास को जगाने के लिए रक्षाबंधन पर हनुमान जी को राखी अवश्य बांधें या चढ़ाएं। • Facebook:Pt. Vijayshankar Mehta

## शब्दों का जादू

### सुग्गा बोलता है



सुग्गा पिंजरे में झूलता हुआ
कितने सुन्दर स्वर में बोलता है।

रोज नहाता है,
लाल चोंच से लाल मिर्च
बड़े चाव से खाता है।
ताजा पानी पीता है।
भूलना चाहता है-
भुट्टे के खेतों से
चुराकर खाने के दिन
भूलना चाहता है
कैंची से पर कटने की आवाज
जब बहुत फड़फड़ाया
टां-टां किया था।

अब तो खुश है नए घर में
गोल-गोल घूम कर
आकाश की ओर नजर डालकर,
अपनी तारीफें सुनकर।

हर घर में एक सुग्गा होगा, सोचकर।
-गीता मंजरी मिश्र, दिल्ली
(मूल कविता के सम्पादित अंश)

पूरी कविता को पढ़ने के लिए QR कोड को स्कैन करें।

भास्कर कविता उत्सव की शीर्ष 100 कविताओं में चयनित

## पाठकों के पत्र

### हिंदी अनिवार्य होनी चाहिए

महाराष्ट्र में प्रवासी ऑटो-टैक्सी ड्राइवरों के लिए मराठी का कामकाजी-ज्ञान अनिवार्य करना क्षेत्रवाद को बढ़ावा एवं अव्यावहारिक सोच है। जबकि मराठी के बजाय जिस हिंदी भाषा को भारतीय संविधान में राजभाषा का दर्जा दिया है, उसकी अनिवार्यता होनी चाहिए। सर्वोच्च न्यायालय को इस बारे में संज्ञान लेना चाहिए।
-दिव्यांश जैन, देवलाली, महाराष्ट्र

### सरकारी सुविधा छोड़ना अच्छी पहल

डीएमके नेता उदयनिधि स्टालिन ने राज्य की आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए कहा है कि पार्टी के सभी विधायक सरकार द्वारा विधायकों को दी जाने वाली नई कार नहीं लेंगे। यह अच्छी पहल है। क्या इसका अनुसरण करते हुए देशभर के सांसद-विधायक ऐसी सुविधाएं त्याग पाएंगे? -एसके खोसला, चंडीगढ़

आप अपने पत्र editpage@dbcorp.in पर भेज सकते हैं

## मन की प्रयोगशाला

### दिमाग ही रचता है स्पॉटलाइट-इफेक्ट

जर्नल ऑफ पर्सनैलिटी एंड सोशल साइकोलॉजी (अमेरिका) की 2023 की एक रिसर्च बड़ी रोचक है। इसके मुताबिक लोग अपने बारे में दूसरों के ओपिनियन को लेकर जरूरत से ज्यादा कल्पना कर लेते हैं। इससे पैदा होने वाली झिझक उनके ही दिमाग की उपज होती है। यही 'स्पॉटलाइट-इफेक्ट' है। दूसरों के द्वारा जज किए जाने का डर हमारी ग्रोथ में बड़ी बाधा बन सकता है।

---

**विश्लेषण •** पार्टी नेतृत्व का फोकस युवाओं-महिलाओं पर, संघ परिवार से भी तालमेल के प्रयास जारी

# नई शैली अपनाने की कोशिश में है भाजपा

**सियासत**




नीरजा चौधरी

वरिष्ठ राजनीतिक टिप्पणीकार

neerja_chowdhury@yahoo.com


युवाओं के आंदोलनों ने देश में शिक्षा-व्यवस्था की स्थिति बदलने के लिए सरकार पर कार्रवाई का दबाव बढ़ाया है। राहुल गांधी ने 20 जुलाई को युवा प्रदर्शनकारियों पर हुए बलप्रयोग को लेकर आक्रामक रुख अपनाया है। विपक्ष जिस तरह से सत्तापक्ष को घेर रहा है, उससे 2027 की शुरुआत में होने जा रहे विधानसभा चुनावों की तैयारियों पर सबकी नजरें टिक गई हैं। भाजपा पर भी अब अपनी राजनीतिक बढ़त फिर से हासिल करने का दबाव है।

आगामी चुनावों की तैयारी के पहले कदम के रूप में ही भाजपा ने हाल में अपने संगठन में फेरबदल किया है। भाजपाध्यक्ष नियुक्त होने के आठ महीने बाद नितिन नवीन ने आखिरकार अपनी टीम बनाई। इसमें कुछ चौंकाने वाले नाम भी थे। मसलन, स्मृति ईरानी और राम माधव की वापसी हुई। लेकिन यह बदलाव बहुत नाटकीय नहीं थे। पार्टी को नई चुनौतियों के मुताबिक नया लुक देने की कोशिश जरूर की गई है। भाजपा के भीतर और संघ परिवार के साथ उसके रिश्तों में संतुलन बनाने, अनुभव और बदलाव को साथ लाने और पार्टी में मौजूद प्रेशर-ग्रुप्स को जोड़ने के प्रयास भी दिखे हैं।

1990 के दशक में लालकृष्ण आडवाणी ने भाजपा में युवा नेतृत्व को गढ़ने का काम शुरू किया था। उन्होंने सुषमा स्वराज, प्रमोद महाजन, गोविंदाचार्य, वेंकैया नायडू, उमा भारती जैसे युवतर नेताओं को आगे बढ़ाया था। यही सब लोग आडवाणी की सोमनाथ से अयोध्या तक की रथयात्रा में उनकी टीम बने। गुजरात से यात्रा शुरू करने में नरेंद्र मोदी ने भी मदद की थी। फिर अरुण जेटली सामने आए। कर्नाटक से अनंत कुमार भी उभरे। पीछे मुड़कर देखें तो भाजपा में नया नेतृत्व तैयार करना आडवाणी का सबसे महत्वपूर्ण योगदान था।

संगठन के बाद अब लोग यह देखने के लिए संभावित कैबिनेट फेरबदल का इंतजार कर रहे हैं कि 12 साल के शासन के बाद भाजपा कथित असंतोष से निपटने के लिए क्या करती है। क्या पार्टी कोई सर्जिकल रवैया अपनाएगी, या फिर होम्योपैथी जैसे धीमे बदलावों का रास्ता चुनेगी?

दरअसल, चार प्रमुख कारणों से पार्टी संगठन में फेरबदल अनिवार्य हो गया था। पहला कारण था, जेन-जी और जेन-अल्फा की चुनौती। जंतर-मंतर, झारखंड के अलावा देश के कई हिस्सों में स्कूली बच्चों के प्रदर्शनों से यह चुनौती स्पष्ट हो चुकी है। भाजपा युवा वोटरों का दिल जीतने या उन्हें शांत करने के लिए मशक्कत कर रही है। पारंपरिक राजनीतिक दलों से इतर ये युवा सरकार के साथ किसी समझौते के लिए 'सौदेबाजी' के फॉर्मूले में भी रुचि नहीं रखते। अतीत में विपक्षी दल मुद्दे उठाते थे, अपनी बात रखते थे, उससे सियासी लाभ लेते थे और फिर कुछ मांगें मानने पर राजी हुई सरकार से समझौता कर लेते थे। लेकिन जेन-जी और जेन-अल्फा अपनी मांगों को लेकर ज्यादा अडिग हैं। भाजपा उनसे संपर्क बढ़ाना चाहती है। ऐसा लगता है कि इसका रास्ता सोशल मीडिया, खासकर इंस्टाग्राम के जरिए होकर जाता है, जिसे पार्टी ने अभी तक अनदेखा कर रखा था। वह एक्स और फेसबुक पर अधिक ध्यान दे रही थी।

भाजपा का अपने आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय को हटाना इस तथ्य की स्वीकारोक्ति थी कि जो आक्रामक शैली वे अपना रहे थे, वो अब कारगर नहीं रह गई थी। भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में भी एक वर्ग को लगता है कि संभवत: 20 जुलाई को प्रदर्शनकारियों के खिलाफ बलप्रयोग का असर उल्टा पड़ा है।

दूसरा कारण स्पष्ट रूप से 2027 में उत्तर प्रदेश, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, मणिपुर और गोवा में होने वाले विधानसभा चुनाव हैं। टीम में शामिल हुए नए चेहरों से उम्मीद है कि वे इन राज्यों में पार्टी के कामकाज में नई ऊर्जा भरेंगे।



**12 साल के राज के बाद अब क्या रवैया रहेगा पार्टी का**

**संगठन के बाद अब लोग यह देखने के लिए कैबिनेट फेरबदल का इंतजार कर रहे हैं कि 12 साल के शासन के बाद भाजपा कथित असंतोष से निपटने के लिए क्या करती है। क्या पार्टी कोई सर्जिकल रवैया अपनाएगी, या फिर होम्योपैथी जैसे धीमे बदलावों का रास्ता चुनेगी?**

आम आदमी पार्टी छोड़ कर भाजपा में शामिल हुए सात राज्यसभा सांसदों में से एक संदीप पाठक को राष्ट्रीय सचिव बनाया गया है। आम तौर पर यह पद पार्टी में नए लोगों को नहीं दिया जाता। यह दिखाता है कि भाजपा-नेतृत्व पंजाब को कितना महत्व दे रहा है।

2022 में आम आदमी पार्टी की पंजाब की चुनावी जीत में संदीप पाठक ने डेटा डिजाइनिंग, बूथ मैनेजमेंट और सोशल/डिजिटल मीडिया आधारित रणनीति बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। भाजपा अब इस सीमावर्ती राज्य में अपनी स्थिति बेहतर करने और सरकार बनाने के खेल में खुद को एक मजबूत खिलाड़ी के तौर पर पेश करने के लिए पाठक की विशेषज्ञता का इस्तेमाल करना चाहती है।

'महिला' फैक्टर भी स्पष्ट तौर पर 2027 के विधानसभा चुनावों और फिर 2029 के लोकसभा चुनाव में भाजपा का प्रमुख मंत्र रहने वाला है। प्रधानमंत्री ने स्वतंत्रता दिवस के संबोधन में इसका संकेत भी दिया था। भाजपा संसद में दो-तिहाई बहुमत हासिल करने के लिए प्रयासरत है, ताकि महिला आरक्षण विधेयक के साथ परिसीमन विधेयक को भी पारित कराया जा सके। स्मृति ईरानी को महासचिव और वसुंधरा राजे को उपाध्यक्ष बनाया गया है। पार्टी के 15 उपाध्यक्षों में अब छह महिलाएं हैं। 65 सदस्यीय टीम में कुल 12 महिलाएं हैं, यानी 18% से कुछ अधिक।

तीसरा फैक्टर आरएसएस है। संघ ने हमेशा भाजपा संगठन को प्राथमिकता दी है। वह चाहता है कि पार्टी संगठन बनाने में उसकी भूमिका जरूर रहे। बी.एल. संतोष का राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बने रहना दर्शाता है कि पार्टी के संगठनात्मक मामलों में संघ की अहमियत बरकरार है।

फेरबदल के पीछे चौथा कारण यह है कि भाजपा नेतृत्व पार्टी के भीतर अलग-अलग शक्ति-समूहों और संघ परिवार के बीच संतुलन बनाने की कोशिश कर रहा है। पहले हाशिए पर चले गए राम माधव और स्मृति ईरानी की वापसी कराई गई है। इसे इस संकेत के रूप में पेश किया जा रहा है कि भाजपा की नई टीम केवल अमित शाह की पसंद नहीं है, भले ही टीम में उनके विश्वासपात्र लोगों को अहम पद दिए गए हों। नई टीम में सुनील बंसल भी हैं, जिनकी पहले उत्तरप्रदेश और हाल ही में बंगाल की जीत में अहम भूमिका रही है। विनोद तावड़े भी महत्वपूर्ण महासचिवों में शामिल हैं।

(ये लेखिका के अपने विचार हैं)

इस लेख को मोबाइल पर सुनने के लिए QR कोड को स्कैन करें।

---

**दूरदृष्टि •** युवाओं की समस्याओं को समझना होगा

# वेलफेयर योजनाएं नौकरियों की जगह नहीं ले सकती हैं

**नया दौर**




आशुतोष वार्ष्णेय

ब्राउन यूनिवर्सिटी, अमेरिका में राजनीति विज्ञान के प्रोफेसर


2024 के लोकसभा चुनावों के दौरान मैं अवध में फील्ड रिसर्च कर रहा था। यह लखनऊ के आसपास का इलाका था। मेरी टीम और मैं एक मध्यम उम्र के कम आय वाले दम्पती से मिले। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनकी मुफ्त राशन योजना के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि वे भाजपा को वोट देंगे। जैसा कि सभी जानते हैं, भारत में 80 करोड़ लोग गरीब कल्याण अन्न योजना के दायरे में आते हैं। यह देश की कुल आबादी का करीब 60 प्रतिशत है।

इस दम्पती ने यह भी बताया कि राशन की दुकान उन्हें हर महीने उनका पूरा हिस्सा नहीं देती थी- 5 में से सिर्फ 4 किलो देती थी, लेकिन उनके लिए यह पहले से बेहतर था, क्योंकि पहले राशन की दुकान का मालिक इससे भी ज्यादा राशन चोरी कर लेता था। अलबत्ता वे चाहते थे कि हम उनके बेटे से भी बात करें, जो पास के बाजार में एक दुकान पर बैठा था।

इस युवा को पास के शहर रायबरेली के एक कॉलेज से इंजीनियरिंग की डिग्री मिल चुकी थी। उसने कहा कि उसके माता-पिता का विचार सही नहीं था। सरकारी नौकरी के लिए होने वाली परीक्षाओं के पेपर दो बार लीक हो चुके थे और परीक्षाएं नहीं हो सकी थीं। इसी वजह से उसके पास नौकरी नहीं थी, जबकि उसने बहुत मेहनत की थी। उसने जोर देकर कहा कि अगर उसके पास नौकरी होती, तो सरकार के राशन की कोई जरूरत ही नहीं होती। तब वह अपने माता-पिता के लिए उनकी जरूरत का भोजन खरीद सकता था।

यह बात हाल के उन छात्र-प्रदर्शनों पर बहुत असर डालती है, जो पेपर लीक के कारण शुरू हुए थे। भारत के युवा सरकारी राशन लेते रहने के बजाय नौकरी करना ज्यादा पसंद करेंगे। सत्ता में आने के लिए सरकार ने सब्सिडी पर ज्यादा भरोसा किया है; उसने पर्याप्त रोजगार पैदा नहीं किए हैं। इन प्रदर्शनों के साथ शायद यह रणनीति अब बेअसर हो गई लगती है।

कल्याणकारी सब्सिडी हमेशा ही नौकरियों की जगह नहीं ले सकती। इन अर्थों में इन प्रदर्शनों का एक पहलू राजनीतिक अर्थव्यवस्था से जुड़ा था और इस पर पर्याप्त चर्चा नहीं हुई है। बीती गर्मियों में अपनी भारत-यात्रा के दौरान मैं पांच हफ्तों से ज्यादा समय तक दिल्ली, चेन्नई और श्री सिटी, बेंगलुरु, मुंबई और पुणे में रहा। मैं जंतर-मंतर से संसद तक मार्च होने से करीब दो हफ्ते पहले दिल्ली पहुंचा था। लेकिन उस मार्च के बाद आया बड़ा बदलाव साफ दिखाई देता है।

सार्वजनिक जगहों पर लोग अब ज्यादा खुलकर बोल रहे हैं। मुझे लगता था कि युवाओं के प्रदर्शनों की जमकर आलोचना की जाएगी। उन पर व्यंग्य कसे जाएंगे और उन्हें भारतीय संस्कृति के विरुद्ध बताया जाएगा। कुछ लोगों ने ऐसा किया भी है, लेकिन शीर्ष नेतृत्व के सबसे ऊंचे स्तरों ने इससे बिल्कुल अलग रास्ता अपनाया है। उन्होंने आलोचना करने और नसीहत देने के बजाय मिली-जुली प्रतिक्रिया की रणनीति अपनाई है। उन्होंने युवाओं की चिंताओं को बेहतर तरीके से समझने की इच्छा जताई है।

**भारत के युवा अब जोर देकर कह रहे हैं कि अगर उसके पास नौकरी होती, तो सरकार के मुफ्त राशन की कोई जरूरत ही नहीं होती। तब वे अपने माता-पिता और परिवार के लिए उनकी जरूरत का पूरा भोजन स्वयं ही खरीद सकते थे।**

यह समझना आसान है कि भाजपा ने यह रणनीति क्यों अपनाई। वोटिंग के आंकड़ों में इसकी वजह है। लोकनीति के डेटाबेस के अनुसार, सभी उम्र के लोगों में 18-25 साल के लोगों ने 2019 और 2024 में भाजपा को सबसे ज्यादा वोट दिए थे। पिछले दो लोकसभा चुनावों में भाजपा का राष्ट्रीय औसत वोट करीब 37 प्रतिशत रहा है। इनमें 18-25 साल के लोगों का औसत करीब 40 प्रतिशत रहा है। इसके बाद 26-35 साल की उम्र के लोग आते हैं। भारत की करीब दो-तिहाई आबादी 35 साल से कम उम्र की है। इसलिए ये आंकड़े भारत के वोटरों के बहुत बड़े हिस्से को दिखाते हैं। जाहिर है कि भाजपा इस समूह को अपने खिलाफ नहीं जाने दे सकती है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

---

**नजरिया •** सरकार व नागरिकों के बीच संपर्क बनेगा

# जन्म-मृत्यु के आंकड़े सरकारी डेटाबेस के बहुत काम के होंगे

**रजिस्ट्रेशन**




संजय कुमार

प्रोफेसर और चुनाव विश्लेषक

sanjay@csds.in


जन्म-मृत्यु पंजीकरण कानून, 1969 के लागू होने के पांच दशक से अधिक समय बाद एनडीए सरकार ने इसमें संशोधन किया है। संशोधन के जरिए जन्म और मृत्यु की रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया को अधिक सख्त बनाया गया है। संशोधित कानून का उद्देश्य देश में दशकों से व्याप्त गलत या देरी से की गई एंट्री की समस्या को दूर करना है। जन्म और मृत्यु का समय पर रजिस्ट्रेशन अहम है, क्योंकि यह सरकार और नागरिकों के बीच संस्थागत संपर्क बनाता है। यह जनसांख्यिकीय योजनाएं बनाने में मददगार है। इसके अलावा, सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में भी इनका इस्तेमाल होता है।

इस कानून में यह पहला संशोधन नहीं है। 2023 में भी इसमें संशोधन किया गया था, जिसके जरिए बर्थ सर्टिफिकेट को भारतीयों के लगभग हर पहचान दस्तावेज से जोड़ दिया गया था। इसके अलावा यह जनसंख्या रजिस्टर और मतदाता सूचियां बनाने में भी मददगार रहा। अब जन्म और मृत्यु के डेटाबेस की मदद से सरकार किसी व्यक्ति के मतदान योग्य होने या पंजीकृत मतदाता की मृत्यु होने पर मतदाता सूची अपडेट कर सकती है। 1969 से पहले सरकार को किसी व्यक्ति के अस्तित्व की जानकारी अलग-अलग प्रशासनिक रिकॉर्डों के माध्यम से मिलती थी, क्योंकि जन्म को दर्ज करने के लिए कोई एक समान नेशनल लीगल फ्रेमवर्क नहीं था। जन्म-मृत्यु पंजीकरण अधिनियम लागू होने के बाद ऐसा फ्रेमवर्क लागू किया गया और हर जन्म का पंजीकरण अनिवार्य किया गया।

अब जबकि जन्म प्रमाणपत्र काफी अहम हो गया है तो सरकार ने हालिया संशोधन के जरिए देरी से होने वाले जन्म के रजिस्ट्रेशन के लिए अधिक कड़ी जांच की व्यवस्था कर दी है। इसके तहत कई स्तर की जांच के प्रावधान किए गए हैं। जन्म और मृत्यु का रजिस्ट्रेशन समय से कराया तो सामान्य प्रशासनिक जांच होगी। 21 दिन के बाद और एक वर्ष तक की देरी से कराया तो अधिक कड़ी प्रशासनिक जांच होगी। और कहीं दो साल से अधिक देरी हुई तो रजिस्ट्रेशन कराने के लिए न्यायिक जांच से गुजरना होगा।

हालांकि ये सुधार राज्य मशीनरी की क्षमता बढ़ाने को किए गए हैं, लेकिन इसके कारण उन नागरिकों की पहुंच की क्षमता को लेकर सवाल भी उठते हैं, जो पहले ही कई संस्थागत बाधाओं का सामना कर रहे हैं। सरकार का तर्क है कि फर्जी रजिस्ट्रेशन रोकने और अधिक विश्वसनीय डेटाबेस बनाने के लिए कड़ी जांच जरूरी है। लेकिन इससे उन लोगों की समस्याएं बढ़ने का खतरा भी है, जिनका जन्म अस्पताल में नहीं हुआ, जो दूरदराज के गांवों में रहते हैं, जिन्हें रजिस्ट्रेशन के बारे में जानकारी नहीं है, जो आर्थिक या सामाजिक रूप से हाशिये पर हैं या जो पलायन करते रहे हैं।

यह इसलिए भी बड़ी चिंता का विषय है, क्योंकि जिन लोगों के बारे में अधिक संभावना यह है कि उनका बर्थ रजिस्टर में रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ होगा या देरी से रजिस्ट्रेशन हुआ होगा, उन्हीं के बारे में सर्वाधिक आशंका यह भी है कि वे कड़ी जांच प्रक्रिया से बाहर निकलने में सबसे कम सक्षम होंगे।

**अब जन्म और मृत्यु के डेटाबेस की मदद से सरकार किसी व्यक्ति के मतदान योग्य होने या पंजीकृत मतदाता की मृत्यु होने पर मतदाता सूची अपडेट कर सकती है। पहले सरकार को किसी व्यक्ति के अस्तित्व की जानकारी अलग-अलग प्रशासनिक रिकॉर्डों से मिलती थी।**

जन्म के रजिस्ट्रेशन का कानून एक प्रकार से प्रशासनिक संघवाद की व्यवस्था मुहैया कराता है, जिसमें केंद्र सरकार एक नेशनल लीगल फ्रेमवर्क तैयार करती है और राज्य सरकारें अपने नियम बनाकर इसे लागू करती हैं। राज्यों के ये नियम रजिस्ट्रेशन फॉर्म, शुल्क आदि को लेकर हो सकते हैं। राज्य सरकारें राज्य को अलग-अलग रजिस्ट्रेशन डिवीजन में बांट कर उनके अलग-अलग नियम भी रख सकती हैं। इससे एक ही राज्य में अलग-अलग नियम होने की गुंजाइश भी बनी रहती है। इसका असर इस बात पर भी पड़ सकता है कि कितने जन्म और मृत्यु आधिकारिक तौर पर सफलतापूर्वक दर्ज हुए।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

---

**डिफ्रेंट एंगल •** सम्बंधों के मामलों में पुरुष के निर्णयों पर भी इतनी ही शिद्दत से सवाल उठाए जाने चाहिए...

# हम कब तक स्त्री को ही पुरुषों के फैसलों की जिम्मेदार मानते रहेंगे?

**फेमिनिज्म**




मेघना पंत

पुरस्कृत लेखिका, पत्रकार-वक्ता

meghnapant@yahoo.com


हाल ही में जब अभिनेत्री तृषा को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय के स्वतंत्रता दिवस समारोह में देखा गया, तो इसके बाद तूफान खड़ा हो गया। तृषा वहां प्रमुख स्थान पर बैठी थीं और विजय के परिवार के सदस्यों से बातचीत कर रही थीं। इसके बाद तो राजनीतिक तंज, सोशल मीडिया पर अटकलों और- जाहिर है- दोनों के रिश्तों को लेकर चर्चाओं का दौर शुरू होना ही था।

लेकिन सबसे पहले हमें सिर्फ एक सवाल पूछना चाहिए : हर बार स्त्री ही क्यों ऐसी किसी कहानी की पात्र बन जाती है? 'दूसरी औरत' समाज के सबसे पुराने और स्थायी खलचरित्रों में से एक है। उसे ऐसी महिला के रूप में देखा जाता है, जो पुरुष को बहकाती है, घर तोड़ती है, महत्वाकांक्षी है और उस जगह घुसपैठ कर बैठती है, जहां उसका कोई अधिकार नहीं था। उसने क्या पहना है, वह कहां बैठी है, उसने किसका अभिवादन किया है और कितनी गर्मजोशी से मुस्कराई है- हर चीज का मुआयना किया जाता है। जबकि कहानी के केंद्र में मौजूद पुरुष अकसर 'पैसिव' दिखलाया जाता है- मानो उसके आसपास सब कुछ अपने-आप होता रहा हो।

यह किसी खास रिश्ते का बचाव नहीं है, क्योंकि विजय और तृषा की निजी जिंदगी की सच्चाई गढ़ना हमारा काम नहीं है। पर यह इस बात पर टिप्पणी जरूर है कि किस तरह सार्वजनिक अटकलें बहुत जल्दी महिलाओं पर नैतिक जिम्मेदारी डाल देती हैं, जबकि पुरुष की भूमिका को नजरअंदाज कर दिया जाता है।

अगर ताकतवर पोजिशन पर मौजूद कोई पुरुष किसी महिला को बुलाने, उसे अपने साथ शामिल करने, उससे मित्रता करने या मेलजोल रखने का फैसला करता है, तो वह उसका अपना निर्णय है। अगर उनमें कोई रिश्ता है, तो इस कथानक में भी पुरुष असहाय पात्र नहीं है। वह वयस्क है। उसकी अपनी इच्छा है। वह अपने फैसले खुद लेता है। पर पितृसत्ता महिलाओं को ही एक-दूसरे के खिलाफ खड़ी करना आसान समझती है।

शायद इसलिए कि महत्वाकांक्षी स्त्री आज भी हमें असहज करती है। आकर्षक स्त्री हमें संशय में डालती है। और अगर कोई महिला किसी जगह पर अपनी मौजूदगी के लिए 'अपोलोजेटिक' नहीं है, तो वह देखते ही देखते लोगों के निशाने पर आ सकती है। हम आज भी महिलाओं को मर्यादित, संकोची और नैतिक रूप से आश्वस्त करने वाली ही देखना पसंद करते हैं। अगर वे खूबसूरत, सफल और सत्ता के करीब हों, तो हम उनके दोषी होने के सबूत तलाशने लगते हैं।

हम पुरुष के निर्णयों पर भी इतनी ही शिद्दत से सवाल क्यों नहीं उठाते? आखिर सत्ता में होने भर से व्यक्ति की निर्णय लेने की क्षमता कम नहीं होती; उलटे और बढ़ जाती है। प्रभावशाली पुरुषों को उनके निजी या पेशेवर संबंधों में निष्क्रिय-पक्ष की तरह पेश करना सिर्फ लैंगिक भेदभाव ही नहीं है- यह बेतुका भी है।

सदियों से महिलाएं पुरुषों के फैसलों के परिणाम ढोती आई हैं : पत्नियों से विवाह बचाए रखने की उम्मीद की जाती है, मांओं से परिवार को जोड़े रखने की, बेटियों से परिवार की 'इज्जत' बचाने की और 'दूसरी औरतों' से दोष अपने सिर लेने की। शायद अब इस पटकथा को बदलने का समय आ गया है।

इस प्रसंग में फेमिनिस्ट-दृष्टिकोण का प्रश्न सीधा-सरल है : हम महिलाओं को पुरुषों के फैसलों की नैतिक जिम्मेदार मानना कब बंद करेंगे?

जब तक हम ऐसा नहीं करेंगे, हर कथित 'दूसरी औरत' को जनमत की अदालत के कठघरे में खड़ा किया जाता रहेगा- जबकि पुरुष आरामदेह तरीके से दोषारोपण की फ्रेम के बाहर निकल जाएगा!

(ये लेखिका के अपने विचार हैं)

बिज़नेस भास्कर
नई दिल्ली, गुरुवार 27 अगस्त, 2026
Business Standard और The Economist की खबरों के साथ


**संपत्ति बचाओ नहीं बढ़ाओ** • बढ़ती आय, पहली पीढ़ी के उद्यमियों के आईपीओ, रणनीतिक बिक्री, पुराने निवेश से हुई कमाई ज्यादा रिस्की निवेश को रफ्तार दे रही: ईवाई

# अमीर परिवारों की नई पीढ़ी एआई, चिप, क्लीन एनर्जी जैसे तेज ग्रोथ वाले सेक्टरों में पैसा लगा रही

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

देश के अमीर परिवारों के निवेश का तरीका तेजी से बदल रहा है। पहले फैमिली ऑफिस का जोर वैश्विक झटकों से एसेट्स बचाने पर होता था। इसके लिए वे रियल एस्टेट, शेयर, एफडी और सोने जैसे निवेश के पारंपरिक साधनों पर भरोसा करते थे। प्रोफेशनल सर्विसेज कंपनी ईवाई की रिपोर्ट के मुताबिक, अब नई पीढ़ी के अमीर निवेशक ज्यादा जोखिम उठाकर प्राइवेट इक्विटी-पीई, वेंचर कैपिटल-वीसी (प्राइवेट मार्केट्स), एआई, सेमीकंडक्टर (चिप) और क्लीन एनर्जी जैसे तेज ग्रोथ वाले सेक्टरों में पैसा लगा रहे हैं। रिपोर्ट कहती है कि फैमिली ऑफिस का प्राइवेट मार्केट्स में आवंटन हाल के वर्षों में दोगुना हो गया है। यह कुल पोर्टफोलियो के 25% तक पहुंच गया है।

**प्लान: 4 साल में रिन्यूएबल एनर्जी में 3 गुना होगा निवेश**

| निवेश का ट्रेंड | अब तक | 2030 तक |
|---|---|---|
| फैमिली ऑफिस का एयूएम | 2.8 लाख करोड़ | 4.3 लाख करोड़ |
| प्राइवेट मार्केट्स | 15-25% | अब करीब 2 गुना |
| रियल एस्टेट पोर्टफोलियो | 30% तक | निवेश में विविधता |
| टेक्नोलॉजी इंडस्ट्री | 27 लाख करोड़ | 47.7 लाख करोड़ |
| सेमीकंडक्टर (चिप) | 4.7 लाख करोड़ | 9.8 लाख करोड़ |
| रिन्यूएबल एनर्जी | 11-15 लाख करोड़ | 34 लाख करोड़ |
| फार्मास्युटिकल्स | 5.4 लाख करोड़ | 12 लाख करोड़ |
| ऑटो कंपोनेंट्स | 7.6 लाख करोड़ | 14 लाख करोड़ |

स्रोत: ईवाई इंडियन फैमिली ऑफिस प्लेबुक

### नजरिया: थीम आधारित, इनोवेशन आधारित निवेश पर बढ़ा फोकस

- अमीर परिवारों की वैश्विक संस्थानों और टेक्नोलॉजी इकोसिस्टम में बढ़ा हुआ एक्सपोजर निवेश रणनीति बदल रही है।
- अब अमीर भारतीयों का थीम आधारित और इनोवेशन-आधारित निवेश पर ज्यादा जोर है।
- फैमिली ऑफिस सिर्फ निवेश नहीं कर रहे, बल्कि सीधे कंपनियों के को-इन्वेस्टर बनकर मैनेजमेंट पर प्रभाव भी डालना चाहते हैं।

### बड़ा बदलाव... 'वेल्थ प्रिजर्वर' से 'वेल्थ क्रिएटर' बन रही नई पीढ़ी

फैमिली ऑफिस की भूमिका अब सिर्फ विरासत बचाने (वेल्थ प्रिजर्वर) तक सीमित नहीं है। वे प्राइवेट और पब्लिक मार्केट में सक्रिय पूंजी प्रोवाइडर बन रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, यह बदलाव परिवारों को वेल्थ प्रिजर्वर से वेल्थ क्रिएटर (संपत्ति जोड़ने) बनने की दिशा में ले जा रहा है। हालांकि इस रणनीति से जोखिम भी बढ़ रहा है।

### स्मार्टनेस: निवेश के मौके छांटने, डेटा विश्लेषण में AI का इस्तेमाल

फैमिली ऑफिस एआई का इस्तेमाल निवेश के मौके छांटने, बड़े डेटा का विश्लेषण, निवेश के प्रदर्शन की निगरानी और रिस्क मैनेजमेंट में कर रहे हैं। कुछ फैमिली ऑफिस अपने प्रोपराइटरी एआई सिस्टम भी विकसित कर रहे हैं। हालांकि रिपोर्ट के मुताबिक, एआई फिलहाल इंसानी निर्णय की जगह लेने के बजाय उसे बेहतर बनाने वाला टूल है।

### तेज ग्रोथ: फैमिली ऑफिस की संपत्ति 50% बढ़ने का अनुमान

रिपोर्ट के मुताबिक, 2024 में फैमिली ऑफिस के तहत एसेट्स का अनुमान 30 अरब डॉलर यानी ₹2.86 लाख करोड़ था। 2030 तक इसके ₹4.3 लाख करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है। यानी करीब 50% की वृद्धि संभव है। बढ़ती संपत्ति, पहली पीढ़ी के उद्यमियों के आईपीओ, रणनीतिक बिक्री और पीई/वीसी से एग्जिट इस बदलाव को रफ्तार दे रहे हैं।

**अब इन सेक्टरों पर है सबसे ज्यादा नजर**

**एआई, डीपटेक:** भारत को ग्लोबल एआई हब बनाने की क्षमता, कंपनियों में जेनरेटिव एआई के बढ़ते इस्तेमाल के चलते आकर्षण बढ़ रहा है।

**सेमीकंडक्टर-इलेक्ट्रॉनिक्स:** घरेलू मांग, सप्लाई चेन में विविधता और सरकारी समर्थन से अमीर परिवार इन सेक्टरों में ग्रोथ की उम्मीद कर रहे हैं।

**क्लीन एनर्जी:** रिन्यूएबल एनर्जी, ग्रीन हाइड्रोजन, स्टोरेज और लो-कार्बन फ्यूल में निवेश से भविष्य में जोरदार कमाई के मौके नजर आ रहे हैं।

**ईवी-मोबिलिटी:** नई तरह की गाड़ियों के दौर में इलेक्ट्रिक वाहनों और ऑटो कंपोनेंट्स (गाड़ियों के पुर्जे) में तेज विस्तार की संभावना नजर आ रही है।

**हेल्थटेक-लाइफ साइंसेज:** फैमिली ऑफिस हेल्थकेयर आधुनिकीकरण और प्रिवेंटिव हेल्थ के बढ़ते बाजार पर दांव लगा रहे हैं।

---

## बिजनेस ब्रीफ

### सोना-चांदी: केंद्र आयात शुल्क घटा सकता है

**नई दिल्ली**| केंद्र सोना और चांदी पर आयात शुल्क घटाने पर चर्चा कर रहा है। इसी साल मई में शुल्क बढ़कर 15% किया गया था। इससे तस्करी बढ़ने की आशंका है। ज्वेलरी इंडस्ट्री चाहती है कि इसे घटाकर 6% किया जाए। सरकार का लक्ष्य आधिकारिक चैनल से आयात बढ़ाना और डॉलर संरक्षण है। चांदी और प्लेटिनम पर भी शुल्क घटाने की चर्चा चल रही है।

### डी-मार्ट: कैपिटल ग्रुप ने बेचे 2,537 करोड़ के शेयर

**मुंबई** | अमेरिका के कैपिटल ग्रुप ने डी-मार्ट की पैरेंट कंपनी एवेन्यू सुपरमार्ट्स में 1.04% हिस्सेदारी ₹2,537 करोड़ में बेच दी है। ग्रुप ने ₹3,750.6 के औसत भाव पर 67.64 लाख शेयर बेचे। यह बिक्री ओपन मार्केट बल्क डील के जरिए हुई। डील के बाद बीएसई पर एवेन्यू सुपरमार्ट्स का शेयर 2.28% गिरकर 3,822 रुपए पर बंद हुए।

### अमेजन: 20 साल पुराना मैकेनिकल टर्क बंद होगा

**न्यूयॉर्क**| अमेजन ने 2005 में लॉन्च किया गया क्राउडसोर्स्ड प्लेटफॉर्म मैकेनिकल टर्क 30 सितंबर 2026 को बंद करने का ऐलान किया। जेफ बेजोस ने इसे 'आर्टिफिशियल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' कहा था। यह डेटा लेबलिंग जैसे छोटे कामों के लिए इस्तेमाल होता था। एआई के विकास और प्रतिस्पर्धा के कारण इसकी मांग घटी है।

### डीएमआरसी को मिला आईएसओ सर्टिफिकेशन

**नई दिल्ली**| दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) देश की पहली ऐसी मेट्रो संस्था बन गई, जिसे एसेट मैनेजमेंट के लिए आईएसओ 55001:2024 सर्टिफिकेशन मिला है। यह मुंबई मेट्रो लाइन-3 के संचालन और रखरखाव के लिए दिया गया। इससे सुरक्षा, विश्वसनीयता और दक्षता बढ़ेगी। डीएमआरसी ने रिस्क असेसमेंट मजबूत किया है।

### डीमार्ट 7 साल बाद बॉन्ड बाजार में लौटने को तैयार

**मुंबई**| एवेन्यू सुपरमार्ट्स (डीमार्ट) सात साल बाद कॉरपोरेट बॉन्ड बाजार में वापसी करने जा रही है। कंपनी करीब 1,000 करोड़ रुपए जुटाने की योजना बना रही है। बॉन्ड की अवधि अधिकतम तीन साल रखी जाएगी। आईसीआरए ने इसे 'एएए' रेटिंग दी है। म्यूचुअल फंड्स की अच्छी दिलचस्पी बताई जा रही है।

---

**त्योहारी तैयारी** • डार्क स्टोर में ब्लिंकिट अव्वल, पर मिनट्स ने इंस्टामार्ट को पीछे छोड़ा

# रिटेल: क्विक डिलीवरी की होड़ तेज, क्रिएटर मार्केटिंग बजट भी 29% बढ़ा

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

त्योहारों का सीजन शुरू होने से ठीक पहले भारत के रिटेल सेक्टर में दो मोर्चों पर होड़ तेज हो गई है। एक तरफ क्विक कॉमर्स कंपनियां ग्राहकों तक तेज पहुंच बढ़ाने के लिए डार्क स्टोर नेटवर्क बढ़ा रही हैं और दूसरी तरफ ब्रांड्स शॉपर्स को लुभाने के लिए क्रिएटर मार्केटिंग पर रिकॉर्ड खर्च कर रहे हैं।

ब्रोकरेज फर्म सीएलएसए की मैपिंग के मुताबिक, भारत के टॉप-10 शहरों में ब्लिंकिट 969 डार्क स्टोर के साथ सबसे आगे है, लेकिन फ्लिपकार्ट मिनट्स ने इस बाजार में एंट्री के महज दो साल के भीतर स्विगी इंस्टामार्ट को स्टोर संख्या और पिनकोड कवरेज, दोनों मामलों में पीछे छोड़ दिया है। 25 अगस्त तक की स्थिति के मुताबिक, मिनट्स के 627 और इंस्टामार्ट के 615 डार्क स्टोर हो गए हैं।

इस बीच क्रिएटर इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म कोरूज के विश्लेषण के मुताबिक, इस साल त्योहारी सीजन में इन्फ्लुएंसर तमाम बड़े ब्रांड्स का मार्केटिंग खर्च 900 करोड़ रुपए तक पहुंचने का अनुमान है। यह पिछले साल इस पर हुए खर्च के मुकाबले 29% ज्यादा है। अब फोकस छोटे-मझोले शहरों पर शिफ्ट हो रहा है।

**क्रिएटर मार्केटिंग 900 करोड़ रुपए पार, इसमें छोटे शहरों की भागीदारी 38%**

**टॉप-10 शहरों में क्विक कॉमर्स का तेज विस्तार**



| कंपनी | डार्क स्टोर |
|---|---|
| ब्लिंकिट | 969 |
| जेप्टो | 828 |
| फ्लिपकार्ट मिनट्स | 627 |
| इंस्टामार्ट | 615 |
| बिगबास्केट | 497 |

स्रोत: सीएलएसए

त्योहारी सीजन में ब्रांड्स क्रिएटर मार्केटिंग पर करीब 900 करोड़ रुपए खर्च करेंगे, जो पिछले साल के 700 करोड़ से 29% ज्यादा है।

कोरूज के मुताबिक, इस साल ये अभियान चलाने वाले ब्रांड्स की संख्या 7,200 तक पहुंच सकती है, जो 2025 में करीब 6,000 थे।

नैनो और माइक्रो क्रिएटर्स की हिस्सेदारी 75% पहुंच गई है, जबकि सेलिब्रिटी और मेगा इन्फ्लुएंसर सिर्फ 5% पर सिमट गए हैं। इसमें टियर-2/3 शहरों के क्रिएटर्स की भागीदारी बढ़कर 38% हो गई, जबकि मेट्रो क्रिएटर्स की हिस्सेदारी 62% रह गई है।

**मार्केटिंग खर्च में फैशन-ब्यूटी अब दूसरे नंबर पर**

| सेक्टर | हिस्सेदारी |
|---|---|
| इलेक्ट्रॉनिक्स | 20% |
| फैशन, ब्यूटी | 19% |
| ई-कॉमर्स | 17% |
| एफएमसीजी | 15% |
| ऑटो | 7% |

नोट: आंकड़े पिछले तीन त्योहारी सीजन का औसत स्रोत: कोरूज

- कोरूज के मुताबिक, क्रिएटर कैंपेन में दिवाली की हिस्सेदारी 49% है। बाकी 51% नवरात्रि, दुर्गा पूजा, दशहरा, गणेश चतुर्थी और अन्य त्योहारों में बंटा है।
- क्रिएटर मार्केटिंग पर कुल खर्च में टॉप 10-15% ब्रांड्स की हिस्सेदारी करीब 65% रहने का अनुमान है। हालांकि अब छोटे ब्रांड्स भी खर्च बढ़ा रहे हैं।
- कोरूज के सह-संस्थापक और सीईओ प्रणेश भुवनेश्वर के मुताबिक, इस साल भारत में मौजूद ब्रांड्स जाने-पहचाने चेहरों से आगे बढ़कर क्षेत्रीय और छोटे क्रिएटर्स पर बड़ा दांव लगा सकते हैं।

**फ्लिपकार्ट मिनट्स ने बढ़ाई बाजार में प्रतिस्पर्धा**

- फ्लिपकार्ट मिनट्स अगस्त 2024 में लॉन्च हुआ था। तब ब्लिंकिट, जेप्टो और इंस्टामार्ट इस बाजार में पहले से मजबूत स्थिति में थे।
- एक साल में ऑर्डर पांच गुना बढ़े, टियर-2,3 शहरों में यह बढ़त 42 गुना रही, जिसमें बिहार के आरा और मुजफ्फरपुर जैसे शहर भी शामिल हैं।
- जून 2026 तक फ्लिपकार्ट मिनट्स 130 से ज्यादा शहरों और 8,000 से अधिक पिनकोड में 1,000 से अधिक माइक्रो-फुलफिलमेंट सेंटर बना लिए।
- मिनट्स अभी रोजाना 10 लाख से ज्यादा ऑर्डर हैंडल कर रहा है। दूसरी तरफ इंस्टामार्ट के ऑर्डर भी 13-14.5 लाख ऑर्डर के करीब पहुंच रहे हैं।

---

**जोखिम** • टेक दिग्गज ने कहा-कंपनियां एआई के खतरे छिपा रहीं

# गेट्स ने चेताया, एआई जॉब छीन सकता है

© The New York Times
दैनिक भास्कर से विशेष अनुबंध के तहत

**न्यूयॉर्क**| माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स ने चेताया है कि एआई से बड़े पैमाने पर नौकरियां जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि एआई इंसानी जिंदगी के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकती है। सरकारों और टेक इंडस्ट्री को तुरंत सख्त कदम उठाने होंगे। एआई में भारी निवेश के कारण कंपनियां इसके खतरे छिपा रही हैं। जानकार नतीजों से डर रहे हैं, पर अधिकारी फंड जुटाने की मजबूरी में चुप हैं। एआई में सुधार उम्मीद से काफी तेज हैं और कंपनियां बिना सुरक्षा सोचे रफ्तार बढ़ा रही हैं।



### सुझाव: एआई पर टैक्स लगाएं, नौकरियां बचाएं

गेट्स ने एआई पर 'टोकन टैक्स' लगाने का सुझाव दिया है, ताकि इंसानों की जगह मशीन लाना महंगा हो। उन्होंने देखभाल (केयरगिविंग) जैसे विशुद्ध इंसानी कामों को एआई से पूरी तरह सुरक्षित रखने का भी प्रस्ताव दिया।

### आशंका: एआई से जैविक हथियार बनने का खतरा

एआई से नए मॉलिक्यूल या जानलेवा बायोलॉजिकल प्रोडक्ट आसानी से बनने का गंभीर अंदेशा है। बिल गेट्स ने ऐसे खतरनाक एआई सिस्टम की अनिवार्य समीक्षा और कड़े अंतरराष्ट्रीय समझौतों को तुरंत लागू करने की मांग की है।

गेट्स के मुताबिक यह दौर पुरानी टेक क्रांतियों से अलग है। एआई का दायरा इतना बड़ा है कि प्रभावित लोगों को दूसरा काम मिलना मुश्किल होगा।

### सोने के दाम 704 रुपए, चांदी के 1,111 रुपए घटे

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

घरेलू सराफा बाजार में सोने-चांदी की कीमतें बुधवार को कुछ कम हो गईं। आईबीजेए के मुताबिक, 24 कैरेट सोने के औसत दाम 704 रुपए घटकर 1,61,337 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गई। चांदी की कीमत भी 1,111 रुपए कम होकर 2,42,959 रुपए प्रति किलो रही। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, निवेशकों द्वारा ऊंचे स्तरों पर मुनाफा वसूली की गई। इसके अलावा मजबूत डॉलर और ब्याज दरें लंबे समय तक ऊंचे स्तर पर बने रहने की आशंका भी हावी रही। केंद्रीय बैंकों की लगातार सोने की खरीदारी और सुरक्षित निवेश की मांग के कारण लंबे समय में तेजी का रुझान बने रहने की उम्मीद जताई जा रही है।

**आउटलुक** • मजबूत आर्थिक आंकड़ों से बाजार आकर्षक

# जेपी मॉर्गन का दावा- सुस्ती होगी खत्म; निफ्टी 27,000 तक जाएगा

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

जेपी मॉर्गन ने निफ्टी 50 के लिए 27,000 का टारगेट तय कर शेयर बाजार में तेजी की नई उम्मीद जगाई है। बाजार की सुस्ती और भावी चाल को लेकर आशंकाओं के बीच आई यह रिपोर्ट निवेशकों को बड़ी राहत देने वाली है। रिपोर्ट के मुताबिक, लार्जकैप शेयरों के सही वैल्युएशन और मजबूत घरेलू आर्थिक आंकड़ों से भारतीय बाजार फिर आकर्षक बन गया है। जेपी मॉर्गन (इंडिया इक्विटी रिसर्च) के हेड संजय मोकिम के मुताबिक, भारत के आर्थिक हालात बाजार के अनुकूल हैं। अप्रैल-जून तिमाही के नतीजे उम्मीद से बेहतर रहे हैं। पिछले तीन साल के मुकाबले अब भारतीय शेयरों के दाम सही और आकर्षक स्तर पर हैं।

### शेयर बाजार: मुनाफा वसूली हावी, 183 अंक टूटा सेंसेक्स

शेयर बाजार में बुधवार गिरावट आई। सेंसेक्स 183 अंक गिरकर 77,473 पर और निफ्टी 127 अंक टूटकर 24,208 पर बंद हुआ। अमेरिका में रिटेल महंगाई आंकड़े आने से पहले मुनाफा वसूली, आईटी वीसा पर सख्ती से आईटी शेयरों में गिरावट ने सेंटिमेंट बिगाड़ दिया।

---

बड़े बैंकों में ब्याज दर 6.45% के आसपास

## स्मॉल फाइनेंस बैंकों में एफडी रेट 8.5% तक

भास्कर न्यूज | मुंबई

शेयर बाजार की उठापटक से बचकर तय रिटर्न चाहने वालों के लिए फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) मजबूत विकल्प बनकर उभरा है। सबसे ज्यादा ब्याज बड़े बैंकों के बजाय स्मॉल फाइनेंस बैंक दे रहे हैं। 25 अगस्त तक की स्थिति के मुताबिक, सूर्योदय स्मॉल फाइनेंस बैंक सामान्य ग्राहकों को 8.25% (5 साल की एफडी पर) और सीनियर सिटीजन को 8.50% ब्याज दे रहा है। इसके मुकाबले एसबीआई जैसे बड़े बैंकों एफडी रेट्स 6.45% के आसपास ही हैं। स्टेबल मनी के सह-संस्थापक और सीईओ सौरभ जैन ने कहा, निवेशकों को ₹5 लाख प्रति बैंक बीमा सीमा को ध्यान में रखते हुए रकम अलग-अलग बैंकों और अवधि में बांटनी चाहिए।

**इन स्मॉल फाइनेंस बैंकों के रेट्स सबसे ज्यादा**

| बैंक | ब्याज दर |
|---|---|
| सूर्योदय | 8.25% |
| उत्कर्ष | 8.10% |
| जना | 8.00% |
| शिवालिक | 8.00% |
| यूनिटी | 8.00% |

**भारत में होम, पर्सनल लोन की दरें अमेरिका के लगभग बराबर:** भारत में होम लोन की ब्याज दरें 7.5-8.45% और पर्सनल लोन की 10-15% हैं। अमेरिका में होम लोन रेट 6.65% और पर्सनल लोन रेट 11.86% है।

वैश्विक बिक्री में इनकी हिस्सेदारी 26%

## टॉप-10 बेस्ट-सेलिंग फोन एपल, सैमसंग के

बिजनेस संवाददाता | नई दिल्ली

अप्रैल-जून तिमाही में दुनिया के 10 सबसे ज्यादा बिकने वाले स्मार्टफोन सिर्फ एपल और सैमसंग के रहे हैं। हालांकि स्मार्टफोन की कुल वैश्विक बिक्री में इनकी हिस्सेदारी 26% ही है।

टेक रिसर्च फर्म काउंटरपॉइंट की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक यह जून तिमाही के लिए अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है। ग्लोबल शिपमेंट में 11% की गिरावट और रैम की भारी कमी के चलते निर्माताओं ने कम और अधिक वैल्यू वाले चुनिंदा मॉडल्स पर अपना फोकस बढ़ा दिया है। अकेले पहले स्थान वाले मॉडल ने वैश्विक बिक्री का 6% हिस्सा हासिल किया है। रैम और मेमोरी कम्पोनेंट की बढ़ती लागत के कारण सस्ते फोन के मुकाबले प्रीमियम और महंगे स्मार्टफोन्स की मांग मजबूत हुई है। भारत, जापान और दक्षिण कोरिया जैसे प्रमुख बाजारों में कंपनियों की स्मॉर्टफोन की बिक्री में अच्छी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इसके अलावा आकर्षक फाइनेंसिंग विकल्प, ट्रेड-इन प्रोग्राम और लंबे सॉफ्टवेयर अपडेट के दम पर मिड-रेंज मॉडल भी इस सूची में अपनी मजबूत पकड़ बनाए हुए हैं।

## ब्रिटेन का शाही रेलवे स्टेशन लग्जरी घर में तब्दील, एस्टेट एजेंट लैंडल्स इसे 13 करोड़ रुपए में बेच रही







**लंदन** | ब्रिटेन के नॉरफॉक स्थित किंग चार्ल्स की सैंड्रिंघम एस्टेट पर मौजूद ऐतिहासिक वोल्फर्टन रेलवे स्टेशन बिक रहा है, लेकिन नए अंदाज में। कभी यह स्टेशन ब्रिटेन के शाही परिवार को सैंड्रिंघम हाउस तक पहुंचाने के लिए इस्तेमाल होता था। अब इसे शानदार लग्जरी घर में बदल दिया गया है। इसमें ब्रेकफास्ट रूम, ड्राइंग रूम, डाइनिंग रूम, स्टडी रूम के साथ तीन बेडरूम हैं। एस्टेट एजेंट लैंडल्स इसे करीब 13 करोड़ रुपए में बेच रही है। यह प्रॉपर्टी उसी सड़क पर है, जहां किंग चार्ल्स के भाई एंड्रयू माउंटबेटन-विंडसर का घर मार्श फार्म भी है।

### छोटे बैंक अब बड़े बैंकों के साथ जारी करेंगे क्रेडिट कार्ड

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

क्रेडिट कार्ड बिजनेस में सीमित पहुंच वाले छोटे सरकारी बैंक अब बड़े सरकारी बैंकों के साथ को-ब्रांडेड कार्ड की साझेदारी पर विचार कर रहे हैं, ताकि उनकी टेक्नोलॉजी और डिस्ट्रिब्यूशन नेटवर्क का फायदा उठाया जा सके। यह प्रस्ताव पिछले हफ्ते नई दिल्ली में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ हुए 'पीएसबी कॉन्फ्लुएंस' में रखा गया।

आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक, प्राइवेट बैंकों के पास 8.69 करोड़ क्रेडिट कार्ड हैं, जबकि सरकारी बैंकों के पास सिर्फ 2.94 करोड़ हैं। 12 में से 4 सरकारी बैंकों का इस कारोबार में लगभग न के बराबर दखल है। बैंकों ने यूपीआई-जीएसटी डेटा से नए ग्राहक पहचानने, छोटे-मोटे उद्योगों के लिए अलग बिजनेस कार्ड, कैंपस छात्रों के लिए "कैंपस-टू-करियर कार्ड' और पहले कार्ड से पहले अनिवार्य वित्तीय साक्षरता वीडियो जैसे प्रस्ताव भी रखे हैं।

---

**बिजनेस एंकर** दूध, दही, पनीर, स्नैक्स, ब्रेड, पेय पदार्थ अब प्रोटीन के नाम पर ही बेच रहीं कंपनियां

# जिम से किचन तक पहुंचा प्रोटीन, 1 साल में सप्लीमेंट 230% बढ़े

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

देश में प्रोटीन अब सिर्फ जिम और फिटनेस तक सीमित नहीं रहा, बल्कि रोजमर्रा की ग्रॉसरी का हिस्सा बन रहा है। मार्केट रिसर्च फर्म रेडसीर के मुताबिक, 80% जेन जी (युवा पीढ़ी) प्रोटीन को जरूरी मानती है। 2024 से 2025 के बीच क्विक-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर प्रोटीन सप्लीमेंट के विकल्प 230% बढ़े। वहीं, कंज्यूमर इंटेलिजेंस फर्म एनआईक्यू (पुराना नाम नीलसनआईक्यू) के अनुसार 37% भारतीय अगले 12 महीनों में डाइट में प्लांट-बेस्ड प्रोटीन बढ़ाना चाहते हैं। दूध, दही, पनीर, स्नैक्स और बेवरेज में प्रोटीन अब प्रमुख मार्केटिंग दावे के रूप में उभर रहा है।

आम पैकेट से दोगुना महंगा बिक रहा हाई-प्रोटीन का ठप्पा लगा खाना बाजार पर पूरी तरह हावी है। कंपनियां दूध, दही, पनीर, स्नैक्स, ब्रेड, सीरियल्स और पेय पदार्थों को प्रोटीन के नाम पर ही बेच रही हैं। अब मामला सिर्फ सेहत की जरूरत का नहीं, बल्कि ग्राहकों के लिए जेब ढीली करने की मजबूरी बन गया है। नियमित एक्सरसाइज करने वाले जेन जी में से 40% लोग प्रोटीन के वैकल्पिक स्रोतों को पसंद करते हैं।

बाजार में सामान्य और हाई-प्रोटीन उत्पादों की कीमतों में बहुत बड़ा अंतर है। दोनों की न्यूट्रिशन वैल्यू, सामग्री, सर्विंग साइज और कुल प्रोटीन मात्रा एक उत्पाद से दूसरे उत्पाद में काफी अलग होती है। किसी भी उत्पाद पर लगा हाई-प्रोटीन का लेबल बेहतर गुणवत्ता की पक्की गारंटी नहीं देता है। क्विक-कॉमर्स के कारण विशेषज्ञ न्यूट्रिशन दुकानों के बजाय अब राशन और स्नैक्स के साथ ही ये उत्पाद घर पहुंच रहे हैं। अब लोग ग्रीक योगर्ट और प्रोटीन बार जैसी चीजें स्वाद के लिए नहीं, बल्कि सेहत और ताकत के लिए खरीद रहे हैं। व्हे या जानवरों से मिलने वाले प्रोटीन के अलावा अब प्लांट-बेस्ड प्रोटीन की मांग तेजी से बढ़ रही है।

पारंपरिक दालों और फलियों को कंपनियां नए पैक्ड फॉर्मेट में पेश कर रही हैं। दशकों से कटोरी भरकर खाई जाने वाली दाल और पनीर अब सिर्फ ग्राम के पैकेटों में सिमटकर रह गए हैं। पैकेट पर लिखा प्रोटीन का आंकड़ा ही अब पैकेजिंग और विज्ञापनों की असली पहचान बन चुका है। भारत में प्रोटीन की कोई नई खोज नहीं हो रही है, बल्कि इसे बड़े पैमाने पर बेचने का नया कारोबार तैयार किया जा रहा है। फिटनेस का यह नया क्रेज अब पूरे बाजार की चाल बदल रहा है।

**ध्यान रखना जरूरी... थाली में पहले से मौजूद हैं प्रोटीन के पारंपरिक, बेहतर स्रोत**



भारतीय आहार में दालें, दूध, दही, पनीर, अंडे, मछली, मीट, सोया, नट्स और बीज हमेशा से प्रमुख स्रोत के रूप में शामिल रहे हैं। आईसीएमआर-एनआईएन डाइटरी गाइडलाइन्स 2024 के अनुसार एक स्वस्थ व्यक्ति के लिए प्रति किलो वजन पर 0.83 ग्राम प्रोटीन रोजाना लेना जरूरी माना गया है। यह संस्था हमेशा संतुलित और विविध आहार पर जोर देती है और आम जनता के लिए प्रोटीन सप्लीमेंट्स को बिल्कुल आवश्यक नहीं मानती है।

बोइंग 787 ड्रीमलाइनर

### विमान के विंग में क्रैक की आशंका... जांच के आदेश

न्यूयॉर्क| अमेरिकी विमानन नियामक एफएए ने कुछ बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमानों की जांच अनिवार्य कर दी है। विंग के अहम हिस्से में मैन्युफैक्चरिंग खामी के चलते फटीग क्रैक (दरार) की आशंका सामने आई है। बोइंग की जांच में पाया गया कि शिम गैप (जोड़ों को भरने वाली पतली परत) तय सीमा से ज्यादा थे, और असेंबली के दौरान लगे ज्यादा प्रेशर से निचली विंग स्किन के पास फास्टनर होल में दरार बन सकती है। यह आदेश मार्च में दिए गए प्रस्ताव के बाद अंतिम रूप से जारी हुआ, और सिर्फ अगस्त 2025 के बोइंग सर्विस बुलेटिन में पहचाने गए विमानों पर लागू होता है। पूरे 787 बेड़े पर नहीं। कंपनी 2020 और उसके बाद भी शिम गैप की समस्याओं के चलते डिलीवरी रोक चुकी है।

**परेशानी** • दिसंबर तक 10% और बढ़ सकते हैं दाम

# लैपटॉप-टैबलेट की लागत में चिप का हिस्सेदारी अब 50%

आशीष आर्यन | नई दिल्ली

मेमोरी चिप 50 फीसदी तक महंगी होने से लैपटॉप, टैबलेट, कंप्यूटर और स्मार्टफोन के दाम बढ़ना लगभग तय है। आसुस इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट अर्नोल्ड सु के मुताबिक, दो साल पहले उपकरण लागत में चिप की हिस्सेदारी 10-15 फीसदी ही थी। लेकिन अब यह बढ़कर 50 फीसदी हो गई है। यही वजह थी कि जुलाई-सितंबर तिमाही में इन उपकरणों के दाम बढ़े थे। अब अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में इनकी कीमतें 5-10% और बढ़ने वाली हैं। बाजार में साल 2027 तक भी इनके दाम घटने की उम्मीद नहीं है। चिप की किल्लत के बावजूद 2026 में आसुस ने 23.5 फीसदी के रिकॉर्ड मार्केट शेयर के साथ बढ़त बनाए रखी है।

कंपनियां अब कीमतों को नियंत्रित रखने के लिए 8 जीबी रैम वाले मॉडल दोबारा बाजार में उतार रही हैं। आसुस देश की 6,000 स्थानों तक बिक्री और सर्विस सेंटर का नेटवर्क बढ़ा रही है। जुलाई तक देश के 788 में से 700 जिलों में आसुस का नेटवर्क बन चुका है। कंपनी का लक्ष्य इस साल 2,000 और 2027 तक 3,000 स्थानों तक पहुंचने का है। नए ग्राहकों को जोड़ने के लिए 500 रुपए के माउस या कीबोर्ड पर भी 'एट-होम' सर्विस दी जा रही है।

# Lifetime Free Newspapers Access

## Editorials PDF

📍EnglishEditorialsPDF with International Newspapers Editorials [35-40pages]

📍 Hindi Editorials PDF

📍 Daily Vocabulary PDF

## Magazine Channel

National & International [Genaral & Exam related]

## International Newspapers

Newspapers around world. Asian, Europian & American

## Hindi Newspapers

1) दैनिक जागरण
2) जनसत्ता
3) हरिभूमि
4) हिंदुस्तान

## Indian Newspapers Channel

1. The Indian Express
2. The Hindu
3. Business Line
4. Financial Express
5. Times of India
6. Hindustan Times
7. Economic Times
8. Live Mint
9. Business Standard

Click Here